*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

24 जून, 2023
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 244

लालू यादव ने राहुल गांधी से कहा : महात्मा जी अब तो शादी करिए..., हम बाराती बनेंगे



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## नेक इरादा निभा रहे वादा

# कुशल नेतृत्व का दिख रहा परिणाम




## पंचायती राज, राजस्व, वित्त और खाद्य आपूर्ति विभाग अंतर्गत नवनियुक्त हजारों युवाओं को

# हार्दिक शुभकामनाएं और जोहार

P.R. 300773 (IPRD) 23-24

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 55,200 रु./10 ग्राम
चांदी 70,000 रु./प्रति किलो



# पूरे 360 डिग्री पर घूम गयी है लालू-नीतीश की राजनीति

## ▪ बिहार की सियासत के दो धुरंधरों के स्टैंड में है बहुत सारी समानताएं

## ▪ कांग्रेस विरोध से शुरू होकर आज उसके लिए बैटिंग करने तक पहुंचे

**बिहार के दो अलग-अलग जिलों के गांवों से निकल कर राष्ट्रीय राजनीति में अपनी पहचान बनानेवाले दो शख्सियतों, लालू यादव और नीतीश कुमार इन दिनों गैर-भाजपा दलों की एकता और 2024 में होनेवाले चुनाव में भाजपा को हराने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाये हुए हैं। इन उद्देश्यों में वे सफल होंगे या नहीं, यह बाद की बात है, लेकिन इन दोनों नेताओं पर एक बात समान रूप से लागू होती है और वह यह कि इन दोनों की राजनीति पूरे 360 डिग्री पर घूम गयी है। लालू और नीतीश इन दिनों बिहार की सत्ता के साझीदार तो हैं ही, इनका राजनीतिक सफर कांग्रेस विरोध से शुरू हुआ था और आज ये दोनों उसी कांग्रेस के पक्ष में खड़े दिखाई दे रहे हैं। गोपालगंज के फुलवरिया से निकले लालू यादव बहुत पहले कांग्रेस के पक्ष में खुल कर उतर आये थे, लेकिन नालंदा के हरनौत कल्याण बिगहा से निकले नीतीश कुमार की पहचान आज सत्ता के लिए कुछ भी करनेवाले नेता के रूप में स्थापित हो गयी है। लोकनायक जयप्रकाश नारायण के संपूर्ण क्रांति आंदोलन की उपज इन दोनों नेताओं की यह राजनीतिक उलटबांसी बहुत से लोगों को अच्छी नहीं लग रही है, तो उसका एक कारण है। वैसे तो कहा जाता है कि राजनीति में कोई स्थायी दोस्त या दुश्मन नहीं होता, लेकिन किसी नेता का इतना बड़ा यू-टर्न और वह भी सत्ता के लिए इससे पहले शायद ही देखा गया होगा। लालू यादव और नीतीश कुमार की पहचान जिस तरह की राजनीति के लिए है, उससे विपरीत जाकर वे क्या कुछ हासिल कर सकेंगे, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही **विशेष**


राकेश सिंह

आज से करीब साढ़े चार दशक पहले इसी जून महीने में जहां बिहार की राजधानी पटना समेत देश के दूसरे हिस्सों में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में तत्कालीन कांग्रेस सरकार के खिलाफ लोगों का हुजूम उमड़ रहा था, वहीं आज एक बार फिर पटना पर देश भर की निगाहें हैं। यह सही बात है कि संपूर्ण क्रांति आंदोलन के बाद से गंगा में बहुत पानी बह चुका है, लेकिन यह सच है कि लंबे अंतराल के बाद पटना एक बार फिर राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में आ गया है। पूर्व कांग्रेसी और अब तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी के सुझाव पर कभी लोकनायक जयप्रकाश नारायण से राजनीति का ककहरा सीखनेवाले नीतीश कुमार इसी आंदोलन की एक और उपज लालू यादव के साथ मिल कर उसी जेपी की कर्मभूमि पर नया राजनीतिक प्रयोग के अगुवा बने हैं। इन दोनों नेताओं के नेतृत्व में 2024 में होनेवाले लोकसभा चुनाव के लिए विपक्ष को एकजुट करने का प्रयास हो रहा है।

पटना में शुक्रवार को हुई विपक्षी नेताओं की बैठक को 2024 में होनेवाले लोकसभा चुनावों के लिए विपक्षी एकता का पहला आधिकारिक शो के तौर पर देखा जा रहा है। 48 साल से अधिक के राजनीतिक करियर में नीतीश कुमार इस तरह के कई दौर से गुजरे होंगे। वह सियासी उतार-चढ़ाव में पाटलिपुत्र की धरती से लुटियन की ताज पर राज करने का ख्वाब पाले हुए हैं। तैयारी भले ही पटना में की जा रही है, मगर नजर दिल्ली के लालकिले पर है। पहली बार नीतीश कुमार राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी दलों को लामबंद करने में अहम भूमिका निभा रहे हैं। 2024 के चुनावों में सत्तारूढ़ नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के खिलाफ 'मिशन तख्त-ओ-ताज' पर लगे हैं। उनके इस मिशन में कंधे से कंधा मिला कर साथ दे रहे हैं उसी जेपी आंदोलन की उपज लालू यादव।

यहां सवाल यह नहीं है कि इस बैठक में क्या कुछ होगा या नहीं होगा, बल्कि बड़ा सवाल यह है कि आखिर जेपी आंदोलन की उपज इन दोनों नेताओं का राजनीतिक सफर जहां से शुरू हुआ था, वहां से पूरे 360 डिग्री पर कैसे घूम गया है। यानी जो लालू-नीतीश लोकनायक के नेतृत्व में कांग्रेस के खिलाफ राजनीतिक मैदान में उतरे थे, वे आज उसी कांग्रेस के समर्थन में कैसे खड़े हैं।



### पटना में विपक्ष की बैठक का जेपी कनेक्शन

जेपी आंदोलन के 49 साल बाद यह पहला मौका था, जब केंद्र की सत्ता के खिलाफ विपक्षी पार्टियों की इतनी बड़ी बैठक पटना में हुई। यह संयोग ही है कि कांग्रेस के नेतृत्व में सत्ता हासिल करने की रणनीति तैयार करने के लिए पटना में बैठक करने का सुझाव भी एक पूर्व कांग्रेसी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ही नीतीश कुमार को दिया था। उस दौरान उन्होंने 1974 आंदोलन के प्रमुख जयप्रकाश नारायण के आह्वान का भी जिक्र किया था। इस आंदोलन के बाद 1977 के आम चुनावों से पहले आपातकाल के दौरान जनता पार्टी की छतरी के नीचे सभी विपक्षी दलों ने चुनाव लड़ा और इंदिरा गांधी चुनाव हार गयीं। ममता बनर्जी की सलाह पर दिल्ली का सपना लिये नीतीश कुमार आगे बढ़े। 2024 लोकसभा चुनाव के रोडमैप और पटना में महाजुटान पर काम करना शुरू किया। मेजबानी पर सबकी सहमति लेते चले गये। 23 जून की तारीख भी आ गयी और बैठक भी हो गयी।

### सत्ता विरोधी लहर का प्रतीक पटना

बिहार को जहां लोकतंत्र की जननी कहा जाता है, वहीं पटना की पहचान सत्ता विरोधी लहर के प्रतीक के रूप में होती है। 5 जून 1974 को जेपी ने पटना के गांधी मैदान में ऐतिहासिक 'इंदिरा हटाओ' अभियान का आगाज किया था। बुजुर्ग जेपी जनता को संबोधित करने के लिए कुर्सी पर बैठे थे। गांधी मैदान में 10 लाख लोगों को समा लेने की क्षमता थी। तब वह लगभग खचाखच भरा हुआ था। जेपी को सुनने के लिए पुरुष ही नहीं, महिलाएं भी बड़ी संख्या में पहुंचीं थी। कुछ लोगों का कहना था कि इससे पहले 1942 के आंदोलन के दौरान गांधी मैदान में इतनी भीड़ जुटी थी। उस वक्त हजारीबाग जेल ब्रेक के बाद जेपी नेशनल हीरो बन गये थे। पटना के गांधी मैदान में दो सबसे अच्छे राजनीतिक कार्यक्रम आयोजित करने का श्रेय जेपी को दिया जाता है। इसके बाद से सत्ता के खिलाफ संघर्ष करनेवालों के लिए पटना तीर्थस्थल बन गया।

पटना ने बदल दी दिल्ली की सत्ता

कहा जाता है कि अगर जेपी ने इसे आगे नहीं बढ़ाया होता, तो 1974 का बिहार आंदोलन राष्ट्रीय आंदोलन का नेतृत्व नहीं कर सकता था। पटना के गांधी मैदान में जेपी के दिये भाषण का असर दिल्ली पर पड़ा। 'संपूर्ण क्रांति' के आह्वान से तत्कालीन इंदिरा गांधी सरकार तिलमिला गयी। 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा कर दी गयी। उसके बाद ही राष्ट्रीय स्तर पर गठबंधन राजनीति के युग की शुरुआत हुई। जेपी ने समाजवादियों, भारतीय जनसंघ, भारतीय लोकदल, कांग्रेस फॉर डेमोक्रेसी और बाकी दलों को जनता पार्टी बनाने के लिए एक साथ लाया। 1977 में मोरारजी देसाई के नेतृत्व में केंद्र में पहली कांग्रेस विरोधी सरकार बनी।

### 360 डिग्री पर घूमी लालू-नीतीश की राजनीति

लौटते हैं लालू-नीतीश की आज की राजनीति पर। जेपी की 1977 की कवायद और नीतीश की 2023 के राजनीतिक प्रबंधन के बीच कोई तुलना नहीं हो सकती। फिर भी राजनीतिक प्रतीक तो हो ही सकता है। जेपी का मिशन कांग्रेस सत्ता के खिलाफ विपक्ष को एक साथ लाना था, जबकि लालू-नीतीश का लक्ष्य भाजपा से मुकाबला करना और उसे सत्ता से हटाना है, ताकि कांग्रेस को उसका फायदा मिले। 1977 में जेपी के दो नौजवान शिष्य लालू और नीतीश कांग्रेस विरोधी नारे लगा रहे थे, लेकिन आज वे कांग्रेस के समर्थन में 2024 के महासंग्राम की आवाज को बुलंद कर रहे हैं।

इन दो राजनीतिक धुरंधरों का यह यू-टर्न बहुत से लोगों को पच नहीं रहा है। इसे इन दोनों नेताओं की सत्ता लोलुपता के रूप में भी देखा जा रहा है, क्योंकि जिस कांग्रेस ने इन दोनों के अलावा लाखों विपक्षी नेताओं को जेल के सीखचों में बंद किया था, आज उसी कांग्रेस के पक्ष में इनका खड़ा होना साबित करता है कि ये सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं। ये दोनों अपने नये मिशन में कितने कामयाब होते हैं, यह तो समय बतायेगा, लेकिन फिलहाल तो लोग इनके स्टैंड पर ही सवाल उठा रहे हैं।

---

प्रदेश अध्यक्ष ने विपक्षी एकता की बैठक पर कड़ा प्रहार किया

## विपक्षी एकता के नाम पर भ्रष्टाचारी और उनके संरक्षकों की बैठक: दीपक प्रकाश




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने बिहार की राजधानी पटना में हुई विपक्षी एकता की बैठक पर कड़ा प्रहार किया। श्री प्रकाश ने कहा कि ये राजनीतिक लड़ाई की एकता नहीं बल्कि भ्रष्टाचार पर जांच एजेंसियों की हो रही कड़ी कार्रवाई पर सभी भ्रष्टाचारी और उनके संरक्षक की बैठक है। झामुमो ने फिर झारखंड विरोधी मानसिकता वालों की गोद में बैठकर राज्य को कलंकित किया है। उक्त बातें शुक्रवार को श्री प्रकाश ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में कही। श्री प्रकाश ने कहा कि विपक्ष की बैठक में राहुल गांधी का शामिल होना कांग्रेस की स्वीकारोक्ति है कि कांग्रेस अकेले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी का मुकाबला नहीं कर सकती। ये कैसी विडंबना है कि देश की सबसे पुरानी पार्टी को आज क्षेत्रीय पार्टियों के सामने झुकना पड़ा है। पूछा कि विपक्षी पार्टियां बताएं तो सही कि उनका नेता कौन है? वे किसके नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे, ये तो बतायें। हमारे नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं, आपका कौन है? उन्होंने कहा कि आज पटना में एक फोटो सेशन चल रहा है। सारे विपक्ष के नेता एक मंच पर आ रहे हैं। वे संदेश देना चाहते हैं कि हम बीजेपी और मोदी जी को चुनौती देंगे। कितने भी हाथ मिला लो आप एक साथ नहीं आ सकते हैं। आ भी गये तो 2024 में भाजपा की 300 से ज्यादा सीटें आनी तय है। उन्होंने कहा कि देश की जनता भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए संकल्पित है। प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव उपस्थित थे।

## चाइबासा की बसंती का वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए चयन

रांची (आजाद सिपाही)। चीन के चेंगदू शहर में 28 जुलाई से 8 अगस्त तक होन वाले वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स की 10000 मीटर दौड़ स्पर्धा में भाग लेने के लिए चाइबासा की बसंती कुमारी का चयन किया गया है। 29 से 31 मई तक लखनऊ में आयोजित तीसरे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में मैंगलोर यूनिवर्सिटी की ओर से खेलते हुए बसंती कुमारी ने 10000 मीटर में स्वर्ण और 5000 मीटर में रजत पदक जीता था। बसंती कुमारी कुमारडुंगी प्रखंड के छोटे से गांव जामबानी की रहनेवाली है। उनके पिता सुप्रभात हेंब्रम टिस्को के सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं। बसंती जिले में अच्छे एथलेटिक्स कोच नहीं होने के कारण अपने खर्च से महाराष्ट्र में प्रैक्टिस कर रही है। बसंती कुमारी की इस उपलब्धि पर खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक डॉ सरोजनी लकड़ा, झारखंड एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष मधुकांत पाठक,सहित अन्य खेल प्रेमियों ने बधाई दी है।

## बकरीद में 13 जिलों में चार हजार अतिरिक्त पुलिसकर्मी होंगे तैनात



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में बकरीद को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। हाल के दिनों में सांप्रदायिक तनाव को देखते हुए प्रशासन अलर्ट है। सभी संवेदनशील क्षेत्रों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। राज्य में विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर झारखंड पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर राज्य के 13 जिलों में 26 जून से लेकर 29 जून तक चार हजार अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गयी है। इसको लेकर आइजी अभियान की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है।

राज्य के लगभग सभी प्रमुख धार्मिक स्थलों खासकर मस्जिद और मंदिरों के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। वहां प्रतिनियुक्त होनेवाले जवानों और पदाधिकारियों को सख्त निर्देश है कि वे किसी भी परिस्थिति में किसी की भी धार्मिक भावना को ठेस नहीं पहुंचाने दें। शरारती तत्व धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं। मंदिरों के आसपास कुछ आपत्तिजनक वस्तुएं फेंक कर माहौल को खराब करने की कोशिश कर सकते हैं।

### किस जिले में कितने अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती

**रांची : 700 लाठी बल, एक अश्रु गैस दस्ता, एक बम निरोधक दस्ता। इसके अलावा जैप और आइआरबी के नौ इकाई की तैनाती होगी।**
**लोहरदगा : 300 लाठी बल।**
**जमशेदपुर : 300 लाठी बल आरएपी की दो कंपनी, अश्रु गैस और बम निरोधक दस्ता एक।**
**पलामू : 200 लाठी बल और बम निरोधक दस्ता एक।**
**हजारीबाग : 350 लाठी बल, आरएपी की 6 कंपनी, अश्रु गैस दस्ता।**
**गिरिडीह : 350 लाठी बल, आरएपी 5 कंपनी, एक अश्रु गैस दस्ता।**
**बोकारो : 350 लाठी बल।**
**धनबाद : 300 लाठी बल।**
**सरायकेला : 100 लाठी बल।**
**चतरा : 100 लाठी बल।**
**कोडरमा: 100 लाठीबल।**
**साहिबगंज : 150 लाठी बल।**
**दुमका : 150 लाठी बल।**

इस पर नजर रखने के लिए सुरक्षा बलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है।

## निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की हिरासत अवधि 7 जुलाई तक बढ़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में शुक्रवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ग्रामीण कार्य विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम की पेशी हुई। पेशी जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हुई। अदालत ने वीरेंद्र राम की न्यायिक हिरासत की अवधि 7 जुलाई तक बढ़ा दी है।



उल्लेखनीय है कि 21 अप्रैल को वीरेंद्र राम, उनके भाई आलोक रंजन, वीरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी देवी और पिता गेंदा राम के खिलाफ इडी की अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। इडी की टीम ने वीरेंद्र राम की 39.28 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। बताया गया है कि जब्त संपत्ति वीरेंद्र राम द्वारा टेंडर में कमीशन से उगाही कर अर्जित की गयी है। 22 फरवरी को वीरेंद्र राम को इडी ने गिरफ्तार किया था।

## नेशनल शूटर तारा शाहदेव प्रकरण: रिलायंस कम्युनिकेशन की अधिकारी ने दी गवाही

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में नेशनल राइफल शूटर तारा शाहदेव मामले में मुख्य आरोपित रकीबुल हसन उर्फ रंजीत सिंह कोहली की ओर से बनायी गयी गवाह रिलायंस कम्युनिकेशन के ईस्टर्न जोन की नोडल ऑफिसर मधुमिता गुप्ता की गवाही हुई। इसके साथ ही बचाव साक्ष्य बंद कर दिया गया। अब 10 जुलाई से सीबीआइ अंतिम बहस करेगी। रकीबुल हसन की ओर से तारा शाहदेव के पिता अंबिका नाथ शाहदेव का मोबाइल नंबर दिया गया था, जिसका कॉल डिटेल रिपोर्ट (सीडीआर) रिलायंस कम्यूनिकेशंस से मांगा गया था।



शुक्रवार को गवाही के दौरान तारा शाहदेव के पिता के मोबाइल के सीडीआर को एग्जामिन किया गया, साथ ही से प्रूफ किया गया। मामले में पिछली गवाही एयरटेल के अधिकारी ने दी थी।

इससे पूर्व रकीबुल हसन उर्फ रंजीत कोहली की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी गवाह बनाया गया था। पिछली सुनवाई में मुख्यमंत्री के अधिकृत व्यक्ति मुस्ताक आलम ने गवाही दी थी। मामले में मुख्य आरोपित रंजीत सिंह कोहली उर्फ रकीबुल के अलावा हाइकोर्ट के बर्खास्त पूर्व रजिस्ट्रार मुश्ताक अहमद और कोहली की मां कौशल रानी ट्रायल फेस कर रहे है। बता दें कि शादी होने के बाद से ही तारा शाहदेव के साथ मारपीट और उत्पीड़न की घटनाएं होने लगी थीं। लेकिन शादी के कुछ माह बाद से ही उसे धर्म परिवर्तन करने के लिए प्रताड़ित किया जाने लगा। सीबीआइ ने हाइकोर्ट के आदेश पर 2015 में केस टेक ओवर किया था। आरोपितों के खिलाफ 2 जुलाई 2018 को आरोप गठित किया गया था। सीबीआइ ने 22 मई 2017 को रकीबुल हसन उर्फ रंजीत सिंह कोहली सहित तीनों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

www.epaper.azadsipahi.in

24 जून, 2023
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, षष्ठी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 244

मुस्लिम महिला तलाक के बाद भी मांग सकती है भरण-पोषण:बांबे हाइकोर्ट



## मिशन 2024 : पटना में विपक्षी दलों की मेगा बैठक

# एक साथ चलने, एक साथ चुनाव लड़ने पर बनी सहमति

- अगली बैठक 10 से 12 जुलाई के बीच शिमला में
- सीट शेयरिंग समेत अन्य बातों पर किया जायेगा मंथन



आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** मिशन 2024 लोकसभा चुनाव पर पटना में शुक्रवार को विपक्षी दलों (गैर भाजपाई) की मेगा बैठक हुई। यह बैठक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास 1 अणे मार्ग में ढाई घंटे तक चली। बैठक में 15 पार्टियों के नेता मौजूद रहे। इसमें एक साथ चलने और एक साथ चुनाव लड़ने पर सहमति बनी। विपक्षी एकता की दूसरी बैठक शिमला में होगी। यह बैठक 10 से 12 जुलाई के बीच हो सकती है। बैठक के बाद एक संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस हुआ। इसमें नीतीश कुमार ने कहा कि एक साथ चलने की बात हुई है। एक साथ चुनाव लड़ने पर सहमति बन गयी है। सभी दलों की अगली बैठक बहुत जल्द की जायेगी। इसे मीटिंग में अंतिम रूप दिया जायेगा, कौन कहां से, कैसे लड़ेगा। मीटिंग में भाग लेने पहुंचे राहुल गांधी ने कहा कि हिंदुस्तान की नींव पर हमला हो रहा है। भाजपा-आरएसएस आक्रमण कर रही है। मैंने मीटिंग में कहा कि हम सब एक साथ खड़े हैं। सभी पार्टी में थोड़े-थोड़े डिफ्रेंसेज है, लेकिन एक साथ काम करेंगे। आज जो बातचीत की है, उसे अगली बैठक में और आगे बढ़ायेंगे।

**नेताओं के बीच इन मुद्दों पर हुई बात :** बैठक में नेताओं के बीच लगभग छह मुद्दे पर बातचीत हुई। इनमें भाजपा के खिलाफ विपक्ष का एक प्रत्याशी देने, भाजपा के खिलाफ बननेवाले गठबंधन का नाम, कॉमन मिनिमम प्रोग्राम, सीटों के बंटवारे का फॉर्मूला आदि शामिल है। वहीं अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के अध्यादेश को लेकर बात उठायी और कांग्रेस को समर्थन देने की बात कही। वहीं, उमर अब्दुल्ला ने धारा 370 का मामला उठाया।

**बैठक में 15 पार्टियां शामिल :** विपक्षी दलों की बैठक में 15 पार्टियां शामिल हुईं। इनमें जदयू, कांग्रेस, राजद, आप, डीएमके, टीएमसी, सीपीआइ, सीपीएम, सीपीआइ (माले), एनसीपी, शिवसेना (उद्धव ठाकरे गुट), सपा, झामुमो और एनसीपीयू शामिल थे।

**बैठक में 27 नेता हुए शामिल :** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, बिहार के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, एनसीपी के सुप्रीमो शरद पवार, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, बिहार के राजद नेता लालू प्रसाद, डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान राघव चड्ढा, संजय सिंह, डी राजा, दीपांकर भट्टाचार्य, सीताराम येचुरी, महबूबा मुफ्ती, सुप्रीया सुले, उमर अब्दुल्ला, अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे, संजय राऊत, संजय झा, ललन सिंह और अभिषेक बनर्जी बैठक में मौजूद थे।

## पीएम ने अमेरिकी संसद को दूसरी बार संबोधित किया

# भारत जल्द तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा: नरेंद्र मोदी

- 14 बार स्टैंडिंग ओवेशन मिला



एजेंसी

**वॉशिंगटन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार देर रात अमेरिकी संसद को दूसरी बार संबोधित किया। इस दौरान अमेरिकी सांसदों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत में संसद को धन्यवाद दिया। भारत और अमेरिका के रिश्तों पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि एआइ का मतलब है, अमेरिका और इंडिया। पूरे भाषण के दौरान उन्हें अमेरिकी संसद में 14 बार स्टैंडिंग ओवेशन मिला।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और अमरिका पर मार्टिन लूथर किंग और गांधी का प्रभाव है। भारत लोकतंत्र की जननी है। हमारे यहां 2500 पार्टियां हैं। हमारी 22 ऑफिशियल भाषाएं हैं। हजारों बोली हैं। हर 100 मील पर खाने का तरीका बदल जाता है। भारत में विविधता जिंदगी जीने का प्राकृतिक तरीका है। भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि अमेरिकी कांग्रेस को संबोधित करना एक बड़ा सम्मान है। इस सम्मान के लिए मैं भारत की 1.4 अरब जनता की ओर से हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं। पिछले साल भारत ने आजादी के 75 साल पूरे किये हैं। हमने किसी न किसी रूप में हजारों वर्षों के विदेशी शासन के बाद अपनी 75 वर्षों की स्वतंत्रता की यात्रा का जश्न मनाया। यह सिर्फ लोकतंत्र का ही नहीं बल्कि विविधता का भी उत्सव था।

उन्होंने कहा कि भारत दुनिया की आबादी का छठा हिस्सा है। पिछली शताब्दी में जब भारत को आजादी मिली तो इससे अन्य देशों को भी प्रेरणा मिली। इस सदी में जब भारत विकास का बेंचमार्क स्थापित करेगा तो अन्य देश भी इससे प्रेरित होंगे। हमारा विजन है सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास।

मोदी ने कहा कि 9/11 हमले और मुंबई में 26/11 हमले के एक दशक से अधिक समय के बाद भी अभी तक कट्टरवाद और आतंकवाद पूरी दुनिया के लिए गंभीर खतरा है। ये विचारधाराएं नयी पहचान और नया रूप लेती रहती हैं, लेकिन इनके इरादे वही हैं। आतंकवाद मानवता का दुश्मन है और इससे निपटने में कोई किंतु-परंतु नहीं हो सकता। हमें आतंक को बढ़ावा देनी वाली ताकतों पर काबू पाना होगा।

## पटना में आयोजित विपक्षी दलों की बैठक में किसने क्या कहा

### हनुमान जी ने भाजपा को गदा मारा है: लालू

लालू यादव ने कहा कि अब मैं पूरी तरह से फिट हूं और अब भाजपा को भी पूरी तरह फिट कर देना है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि मोदी तो अमेरिका जाकर चंदन की लकड़ी बांट रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा कर्नाटक चुनावों में हनुमान जी के सहारे उतरी थी, लेकिन हनुमान जी ने ही उन्हें हरा दिया। हनुमान जी अबकी बार हमारे साथ हैं और उन्होंने भाजपा को गदा मारा है।

### सीट शेयरिंग की बात पर नीतीश ने बल दिया

नीतीश ने कहा कि पटना में सबसे अच्छी मुलाकात हुई है। एक साथ चलने पर सहमति भी हुई है। आगे एक और बैठक होगी। यह बैठक अगले महीने होगी। हम सब साथ मिल कर चलेंगे। नीतीश कुमार ने सभी को आश्वासन दिया कि विपक्षी एकता की कवायद आगे भी जारी रहेगी और मजबूती के साथ जारी रहेगी। उन्होंने आगामी बैठक में सीट शेयरिंग की बात पर बल दिया।

### ये विचारधारा की बात है, हम साथ हैं : राहुल

राहुल गांधी ने कहा कि देश में सभी लोकतांत्रिक संस्थानों को निशाना बनाया जा रहा है। हम सभी में थोड़े-थोड़े मतभेद होंगे, लेकिन हमने निर्णय लिया है कि हम सभी साथ में काम करेंगे और लचीलेपन के साथ काम करेंगे। भाजपा और आरएसएस हिंदुस्तान की नींव पर आक्रमण कर रही है। यह विचारधारा की लड़ाई है और हम साथ खड़े हैं। हम एक साथ काम करेंगे और अपनी सामान्य विचारधारा की रक्षा करेंगे।

### पटना से शुरू होनेवाला आंदोलन विशाल रूप लेता है: ममता बनर्जी

ममता बनर्जी ने कहा कि बैठक अच्छी हुई है। हमने तीन चीजों पर जोर दिया। हम लोग एक हैं। हम लोग एक साथ चुनाव लड़ेंगे। अगली बैठक शिमला में होगी। भाजपा चाहती है कि इतिहास बदला जाये। हम चाहते हैं कि बिहार से इतिहास बचाया जाये। पटना में बैठक रखने का यह प्रस्ताव मैंने ही नीतीश कुमार को दिया था। ऐसा इसलिए, क्योंकि पटना से जो आंदोलन शुरू होता है, वो विशाल रूप लेता है।

### साथ मिल कर काम करना होगा: खड़गे

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम 10 या 12 जुलाई को शिमला में फिर से मिल रहे हैं। इसमें हम एक सामान्य एजेंडा तैयार करेंगे। हमें हर राज्य में अलग-अलग तरह से काम करना पड़ेगा। हम लोग एकजुट होकर चुनाव लड़ेंगे।

### आनेवाला चुनाव जनांदोलन बन जायेगा: हेमंत

हेमंत सोरेन ने कहा कि आनेवाला चुनाव जनांदोलन बन जायेगा। कहीं न कहीं आज इस लोकतंत्र में कुछ चीजों पर तेजी से हमला हो रहा है। किसान, मजदूर और बेरोजगार लोगों के बीच की स्थिति आप लोगों को पता है। सदियों से शोषित वर्ग को शोषण झेलना पड़ रहा है। विपक्ष दलों को एक मंच पर लाने के लिए मैं सीएम नीतीश कुमार को धन्यवाद देता हूं। विपक्षी दलों का यह जुड़ाव मील का पत्थर साबित होगा। ईमानदार और संकल्पित सोच के साथ लड़ाई जीती जा सकती है।

### मिल कर देश को बचायेंगे: अखिलेश

अखिलेश यादव ने कहा कि आज पटना में केवल दल नहीं, बल्कि देश के नेता मिल रहे हैं। हम लोग मिल कर देश को बचायेंगे। यही मेरा संदेश है। यह बैठक ऐतिहासिक है।

### देश को बचाना है : उमर अब्दुल्ला

उमर अब्दुल्ला ने कहा कि इतने लोग एक साथ जुटे हैं, ये कोई मामूली बात नहीं है। हमारा मकसद ताकत हासिल करना नहीं है। यह देश के संविधान को बचाने की लड़ाई है।

### तनाशाही का विरोध करते रहेंगे: ठाकरे

उद्धव ठाकरे ने कहा कि हम देश को बचाने के लिए एक साथ आये हैं। शुरुआत अच्छी होती है, तो आगे सब अच्छा ही होता है। तानाशाही करनेवालों के हम विरोध में रहेंगे।

### सांप्रदायिक साजिश चल रही है: पवार

शरद पवार ने कहा, यह एक अच्छी पहल हुई है। हम सब साथ हैं। जहां-जहां भाजपा की सरकार बनी है, वहां सांप्रदायिक साजिश चल रही है।

### गोडसे का मुल्क नहीं बनने देंगे: महबूबा

महबूबा मुफ्ती ने कहा कि जो मुल्क के अंदर हो रहा है और हमारे लोकतंत्र, संविधान, सेक्युलरिज्म पर हमला हो रहा है, उसकी प्रयोगशाला हमारा जम्मू-कश्मीर बन चुका है। हम गांधी के इस देश को गोडसे का मुल्क नहीं बनने देंगे।

### संविधान की रक्षा करनी होगी: येचुरी

सीताराम येचुरी ने कहा कि देश के संविधान की रक्षा करनी होगी। हमें सविंधान की रक्षा करने के लिए साथ आना होगा। देश में धर्मनिरपेक्षता पर हमला हो रहा है।







## पुराने अंदाज में दिखे लालू यादव, राहुल गांधी से कहा

# 'महात्मा जी' अब तो शादी करिए...

- राहुल गांधी ने भी हंसते हुए हां-हां कहा



आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** पटना में विपक्षी एकता की बैठक के बाद संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में राजद प्रमुख लालू यादव एक बार फिर पुराने अंदाज में दिखे। एक ओर जहां भाजपा पर 'हनुमानजी' को लेकर कटाक्ष किया, वहीं निराले अंदाज में कांग्रेस नेता राहुल गांधी से कहा 'महात्मा जी अब तो शादी करिए। हम बारात में चलेंगे। आपकी मम्मी भी कहती हैं इनकी शादी कराइये।'

दरअसल हुआ यह कि विपक्षी दलों की बैठक के बाद सभी नेता मीडिया से रू-ब-रू हो रहे थे। इसमें लालू यादव, राहुल गांधी समेत अन्य सभी मौजूद थे। नीतीश कुमार ने राहुल से कहा कि लालू जी कुछ बोल रहे हैं। लालू ने राहुल से कहा कि महात्मा जी शादी तो करिए। दाढ़ी बढ़ाकर कहां घूम रहे हैं। हमारी बात मानिए शादी तो करिए। मम्मी आपकी कहती थीं मेरी बात नहीं मानता है, शादी आप लोग करवाइए। अभी भी समय बीता नहीं है। शादी करिए हमलोग बराती चलेंगे। पक्का करना पड़ेगा। आपकी उम्र कहां बीती है। दाढ़ी बढ़ा लिए हैं, अब कटवा लीजिए। यह बात सुनकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत विपक्ष के सभी नेता हंसने लगे। राहुल भी हंसने लगे। उन्होंने हां-हां कहते हुए कहा करेंगे। लालू ने यह भी कहा कि आपने भारत यात्रा किया, अच्छा काम किया। लोकसभा में भी अडाणी के मामले में अच्छा काम किये।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 24 जून, 2023
www.azadsipahi.in


# कांटाटोली फ्लाइओवर निर्माण : रात दस बजे से सुबह छह बजे तक वाहनों का प्रवेश रहेगा वर्जित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कांटाटोली फ्लाइओवर निर्माण को देखते हुए शुक्रवार से रात 10 बजे से सुबह छह बजे तक सभी प्रकार के वाहनों के आवगमन पर रोक रहेगी। यह व्यवस्था लॉन्चिंग कार्य खत्म होने तक जारी रहेगा। हालांकि, कांटाटोली चौक के पास रहनेवाले लोगों के लिए इसमें छूट मिलेगी। साथ ही दुर्गा सोरेन चौक से खादगढ़ा बस स्टैंड के निकास द्वार से प्रवेश करने की छूट मिलेगी। इस संबंध में गुरुवार रात ट्रैफिक एसपी की ओर से जानकारी दी गयी है।

### ये रूट किये गये निर्धारित

- खेलगांव से कांटाटोली होकर आनेवाले सभी वाहन खेलगांव-टाटीसिल्वे-दुर्गा सोरेन चौक- नामकुम होकर अपने गंतव्य तक जायेंगे।
- दुर्गा सोरेन चौक से कांटाटोली होकर आनेवाले सभी वाहन टाटीसिल्वे-खेलगांव होकर अपने गंतव्य तक जायेंगे।
- दुर्गा सोरेन चौक से खादगढ़ा बस स्टैंड तक आने-जाने वाले बसों को सिर्फ खादगढ़ा बस स्टैंड के निकास द्वार से प्रवेश करने की छूट दी जायेगी।

# विपक्षी एकता से भाजपा घबरा गयी है : राजद

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव मनोज कुमार पांडेय ने कहा कि पटना में शुक्रवार को हुई सफल विपक्षी एकता की बैठक से भारतीय जनता पार्टी घबरा गयी है। इन्हें अभी से डर सता रहा है कि 2024 में पूरे देश से भाजपा का सफाया हो जायेगा। पांडेय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी घबराहट में यह कह रही है कि सभी विपक्ष एक जगह बैठे हैं। इन्हें पहले अपने गिरेबान में झांक कर देखना चाहिए यह भी पिछले लोकसभा चुनाव में 24 पार्टियां मिलकर



चुनाव लड़े थे। उस समय पर विपक्ष कभी इस पर टीका टिप्पणी नहीं की, लेकिन आज की बैठक से भाजपा के नेता समझ गये हैं कि आने वाले लोकसभा चुनाव में जनता इन्हें महंगाई और बेरोजगारी से परेशान सबक सिखायेगी।

## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आदमकद प्रतिमा का किया अनावरण

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी धर्म के आधार पर देश को दो टुकड़ों में बांटने के विरोधी थे : रघुवर

### रातू रोड में बन रहे एलिवेटेड फ्लाई ओवर का भी निरीक्षण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी रांची महानगर जिला द्वारा आयोजित भाजपा कार्यालय के पीछे निगम पार्क में सांसद संजय सेठ के संसदीय कोष से नवनिर्मित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी धर्म के आधार पर देश को दो टुकड़ों में बांटने अथवा किसी राज्य को अलग से प्राथमिकता देने के विरोधी थे। कश्मीर में धारा 370 एवं 35 ए के विरोध में उन्होंने आंदोलन किया था। जिसे मोदी जी के नेतृत्व में चल रही केंद्र सरकार ने समाप्त कर उनके सपनों को पूरा किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी जब केंद्र में उद्योग मंत्री थे तो उन्होंने संयुक्त बिहार में सिंदरी का कारखाना इस प्रदेश को दिया था। आज का झारखंड एवं उस समय का बिहार से मुखर्जी जी को बहुत लगाव था, वें हमारे प्रदेश की मिट्टी से भी जुड़े हैं क्यूंकि इनके



परिवारिक संबंध रहे हैं। प्रदेश प्रभारी लक्ष्मी कांत वाजपेयी ने कहा कि देश के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कांग्रेस से वैचारिक मतभिन्नता के कारण केंद्रीय मंत्रिमंडल पद से इस्तीफा देकर राष्ट्र की एकता एवं अखंडता की रक्षा के लिए आंदोलन को चुना। यह त्याग हमें कई प्रेरणा सिखाता है। कार्यक्रम में नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, कर्मवीर सिंह, आशा लकड़ा, समीर उरांव, आदित्य प्रसाद साहू, संजय सेठ, सीपी सिंह, नवीन जयसवाल, केके गुप्ता, समरी लाल उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता, संचालन महामंत्री वरूण साहू एवं धन्यवाद ज्ञापन बलराम सिंह ने किया। इस अवसर पर सुबोध सिंह गुड्डू, दीनदयाल वर्णवाल, सीमा शर्मा, राकेश भास्कर, शोभा यादव, रमेश सिंह, संजय जयसवाल, जितेंद्र वर्मा, ललित ओझा, राकेश सिंह गुड्डू, कुमार उत्कर्ष, रोमित नारायण सिंह, गोपाल सोनी, इंद्रजीत यादव, मुनेश्वर साहू, सूर्यप्रभात, पायल सोनी, सुमन सिंह, राकेश चौधरी आदि उपस्थित रहे। इसके बाद रघुवर दास, संजय सेठ के आवास वाले बूथ पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि कर बलिदान दिवस मनाया। इसके बाद विकास तीर्थ कार्यक्रम अंतर्गत किप्ट, इटकी रोड बस स्टैंड के समीप एल एंड टी कंपनी द्वारा निर्मित तीन हजार मीट्रिक टन पानी की क्षमता वाला पानी टैंक बन कर तैयार है पर इसमें पानी नहीं इसकी शिकायत उन्होंने संबंधित अधिकारी से की। इसके पश्चात बनहौरा स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना द्वारा निर्मित आवास का भ्रमण किया गया फिर रातू रोड में बन रहे एलिवेटेड फ्लाई ओवर ब्रिज का भ्रमण और निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर पंडरा मंडल अध्यक्ष सुवेश पांडेय के नेतृत्व में दर्जनों पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भारत की अखंडता के पर्याय थे डॉ श्यामा प्रसाद: तपन कुमार शांडिल्य



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रख्यात शिक्षाविद व चिंतक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में उन्हें स्मरण करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने उन्हें प्रखर राजनीतिज्ञ बताया। कहा कि एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेंगे का नारा देने वाले, कम उम्र में ही राजनीतिक चरमोत्कर्ष को प्राप्त करने वाले और राष्ट्रीय एकता और अखंडता के पर्याय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता में हुआ। वह मात्र 33 वर्ष की अल्पायु में 1934 में कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति बने। उन्होंने उनके व्यक्तित्व की चर्चा करते हुए कहा कि वे देश की समग्रता पर विश्वास करते हुए एक राष्ट्र, एक विधान की बात के साथ ही उन्होंने 8 मई 1953 को बगैर किसी अनुमति के कश्मीर की यात्रा प्रारंभ कर दी। उनकी धारणा थी कि हममें कोई अंतर नहीं है। हम सब एक ही रक्त के हैं, एक भाषा, एक संस्कृति और एक ही हमारी विरासत है। वो सारे लोगों के सामूहिक हित के पोषक थे। इससे पूर्व सभी शिक्षकों और कर्मियों ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ नमिता सिंह, वित्त पदाधिकारी डॉ आनंद कुमार मिश्र, प्रियांश कुमार समेत सभी शिक्षक, कर्मी और विद्यार्थी मौजूद थे। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

# इंटरनेशनल ओलंपिक डे पर शारदा ग्लोबल स्कूल में कई प्रतियोगिताएं




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** इंटरनेशनल ओलंपिक डे के अवसर पर शरदा ग्लोबल विद्यालय में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। स्टोरी टेलिंग में कक्षा द्वितीय के बच्चों ने भाग लिया। जिसमें अमायरा सिंह तथा कृष्णवी ने अपने कथा वाचन से सम्मोहित करते हुए प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही एक्टिविटी ऑन फार्म डिस्कस थ्रो आदि प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुईं।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप और विद्यालय की प्राचार्या ने पदक और ट्राफी देकर पुरस्कृत किया। इन विजयी प्रतिभागियों में आयुषराज को उनके विशेष प्रदर्शन एसजीएफआइ राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए पुरस्कृत किया गया। इसके साथ रांची

### प्राचार्या जसमीत कौर ने विजयी छात्रों को बधाई दी

जिला ताइक्वांडो संघ के द्वारा आयोजित की गयी प्रथम भगवान बिरसा मुंडा जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को प्रथम स्थान पर प्रतिष्ठित किया। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। खेलों के द्वारा छात्र शारीरिक और मानसिक रूप से संपूर्ण बनते हैं। वहीं विद्यालय की प्राचार्या जसमीत कौर ने विजयी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शारदा ग्लोबल स्कूल छात्रों को जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देते रहने के लिए, उनकी शिक्षण के साथ-साथ अन्य कार्यक्रम और प्रतिस्पर्धाओं में सदैव आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहा है।

## टैक हब की एक दिवसीय कार्यशाला, वक्ताओं ने कहा

# पति और पत्नी में बेहतर संवाद जरूरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में परिवार नियोजन और यौन प्रजनन स्वास्थ्य में पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न जिलों से लगभग 45 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस कार्याशला में मुख्य वक्ता के रूप में आइसीआरडब्ल्यू, युवा, स्पार्क, सिनी, झपीगोऔर जेएसएलपीएस के प्रतिनिधियों ने भाग लेते हुए पुरुषों के साथ काम करने का अनुभव साझा किया। जेएसएलपीएस के प्रतिनिधि पार्थो गुहा ने बताया कि जेएसएलपीएस द्वारा झाखंड के सभी प्रखंडों में महिलाओं का स्वयं सहायता समूह बनाया गया, जिसमें सरकार द्वारा चलायी जा रही स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जाती है। साथ ही इन समूहों की बैठक के माध्यम से महिलाओं के साथ उनके पतियों को भी जागरूक किया जाता है। झपीगो संस्था की प्रतिनिधि सुभद्रा कुजूर ने बताया कि पाकुड़ में अबुआ युवा परामर्श क्लब के माध्यम से युवाओं को परिवार नियोजन और



यौन और प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का भी काम किया जा रहा है। इसके लिए पाकुड़ में कार्यरत संस्था द्वारा 108 एफपी और एसआरएच कार्नर बनाया गया है, जिसमे चित्रों, स्लोगन, खेलकूद के माध्यम से युवाओं को जागरूक किया जा रहा है। स्पार्क संस्था की प्रतिनिधि सुषमा पांडेय ने बताया कि लैंगिक समानता में पुरुषों और महिलाओं की समान भागीदारी आवश्यक है, साथ ही परिवार में पुरुषों की भागीदारी निर्णय लेने में जितनी होती है, उतनी ही भागीदारी महिलाओं की भी होनी चाहिए। स्वास्थ्य से जुड़े कई ऐसे मुद्दे हैं जो एक महिला अपनी बेटी, बहन या मां के साथ साझा करती है, लेकिन पिता या भाई के साथ नहीं। युवा संस्था के प्रतिनिधि बर्नाली ने बताया कि संस्था द्वारा नियमित रूप से बैठक की जाती है, जिसमें पुरुषों की भागीदारी होती है। इन बैठकों में यौन और प्रजनन स्वास्थ्य संबंधित मुद्दों जैसे महामारी, शरीर में होनेवाले बदलाव आदि विषयों पर चर्चा की जाती है। आइसीआरडब्ल्यू संस्था के प्रतिनिधि डॉ. नसरीन जमाल ने बताया कि उनकी संस्था इन मुद्दों पर काम करने के लिए पंचायती राज प्रतिनिधियों, युवा चैंपियंस, समाज के प्रतिष्ठित लोगों के साथ समन्वय बना कर चलती है। टैक हब के कार्यक्रम प्रबंधक अमित घोष ने बताया कि पति और पत्नी में बेहतर संवाद होने से आपसी संबंध मधुर होंगे, जिससे घरेलू हिंसा में कमी और सुरक्षित वातावरण का निर्माण होगा। इस अवसर पर सिनी संस्था की राज्य प्रबंधक तन्वी झा, राजीव रंजन, डॉ प्रिया गुप्ता और झारखंड के विभिन्न जिलों के संस्थानों से आये लोगों ने भाग लिया।

# रिम्स में मरीजों को दवा और जांच के लिए अब परेशान नहीं होना पड़ेगा: आरके गुप्ता

### 23 सैंपल कलेक्शन सेंटर बनाये गये हैं, जहां मरीज सैंपल दे सकेंगे और रिपोर्ट भी मरीजों को मिलेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान( रिम्स) के प्रभारी निदेशक प्रो (डॉ) आर के गुप्ता ने कहा कि रिम्स में मरीजों को अब दवा और जांच के लिए अधिक परेशान नहीं होना पड़ेगा। प्रभारी निदेशक डॉ राजीव गुप्ता ने कहा कि छह जून को प्रभार लेने के बाद इमरजेंसी और इलाज के लिए बेसिक परेशानी को दूर करना उनका लक्ष्य था।

उन्होंने कहा कि मरीजों को गॉज, बैंडेज, आइबी फ्लूइड की कमी दूर कर दी गयी है। जरूरी दवाइयां भी रिम्स में उपलब्ध करा दी गयी हैं। साथ ही अन्य दवाइयों के लिए टेंडर जारी कर दिये गये हैं। 23 सैंपल कलेक्शन सेंटर बनाये गये हैं, जहां मरीज सैंपल दे सकेंगे और रिपोर्ट भी मरीजों को मिलेगी। गुप्ता शुक्रवार को रिम्स में प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि रिम्स के इमरजेंसी और ट्रामा सेंटर में सुधार के लिए कई कदम उठाये जा रहे हैं। इनमें 18 वेंटिलेटर और सभी ऑक्सीजन प्वाइंट को कार्यशील करने, 24



घंटे डॉक्टरों की मौजूदगी के लिए रोस्टर तैयार करने, हैंड ओवर और टेकओवर रिपोर्ट प्रति पाली में तैयार करने, नर्सों का ड्यूटी का रोस्टर तैयार करने, ड्यूटी पर तैनात नर्स को दवाओं की उपलब्धता का हिसाब और हैंड ओवर रिपोर्ट बनाने, चिकित्सा अधीक्षक और उपाधीक्षक प्रतिदिन इमरजेंसी की व्यवस्थाओं की निगरानी करने, प्रथम तल पर 20 आइसीयू बेड और एक ऑपरेशन थिएटर तैयार करना शामिल है । उन्होंने बताया कि रिम्स में सुरक्षा को लेकर अनावश्यक और अवांछित आवाजाही पर रोक लगाने के लिए कई प्वॉइंट पर बैरियर इत्यादि लगाये जायेंगे। होम गार्ड और सैप के जवान वार्ड में तैनात रहेंगे।

उन्होंने कहा कि ऐसे क्षेत्र जहां से अवांछित अनावश्यक लोग प्रवेश करते हैं। उन जगहों की पहचान कर सुरक्षाकर्मी तैनात किये जायेंगे। 24 घंटे और सातों दिन त्वरित प्रतिक्रिया टीम (क्यूआरटी) वॉकी टॉकी के साथ तैनात रहेंगे, जो अस्पताल और रिम्स परिसर की सुरक्षा की निगरानी करेंगे। उन्होंने कहा कि रात्रि ड्यूटी में महिला डॉक्टर के साथ सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। इसके अलावा आयुष्मान भारत के तहत इलाज कराने वालों के लिए आयुष्मान मित्र और जगह-जगह कंप्यूटर ऑपरेटर तैनात किये जायेंगे।

साथ ही ओपीडी भवन में कैश काउंटर की संख्या बढ़ा कर पांच किया जायेगा। उन्होंने बताया कि डायलिसिस की निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गयी है और जल्द ही रिम्स में डायलिसिस की सुविधा ओपीडी में भर्ती मरीजों के लिए शुरू की जायेगी। उन्होंने बताया कि इंटरनेट सेवा को दुरुस्त करने के लिए 13 महत्वपूर्ण जगहों पर वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही है एवं एनआइसी और एयरटेल के माध्यम से अतिरिक्त समर्पित लीज लाइन की व्यवस्था की जा रही है। इसके संचालन 1-2 दिनों में शुरू हो जायेगा। इस संबंध में कार्य-आदेश जारी कर दिया गया है।

# झारखंड राज्य सहकारी बैंक लि. ने तीन दिवसीय योग आयोजित किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर झारखंड राज्य सहकारी बैंक लि ने अपने कर्मियों के लिए तीन दिवसीय योग कार्यक्रम प्रारंभ किया। बैंक कर्मियों को योग प्रशिक्षण प्रमोद पांडेय और प्रशिक्षीका रेणु पांडेय के द्वारा दिया गया। इसमें बैंक के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार के साथ बैंक के प्रधान कार्यालय के सभी पदाधिकारी / कर्मचारी और बैंक के रांची शाखा के सभी कर्मी सम्मिलित हुए।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर पलाश ब्रांड के जरिये ग्रामीण महिलाओं को रोजगार देने की पहल

# राज्य में सखी मंडल से जुड़े अब तक 32.51 लाख परिवार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर एक अभिनव प्रयास के जरिये पलाश ब्रांड से ग्रामीण महिलाओं को जहां एक ओर आजीविका का आधार मिला, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित और संग्रहित सरसों का तेल, चावल, आटा, दाल, मडुआ का आटा, लेमन ग्रास जैसे उत्पादों को लोगों के द्वारा खासा पसंद किया जा रहा है। सखी मंडल के उत्पादों को राज्य समेत राष्ट्रीय स्तर पर पहचान स्थापित कर सखी मंडलों की अच्छी आमदनी सुनिश्चित की जा रही है। पलाश ब्रांड की सफलता को देखते हुए लगातार सखी मंडल से जुड़ी दीदियों के सशक्तिकरण की दिशा में कार्य हो रहा है। राज्य के 24 जिलों के 264 प्रखंड के 29,953 गांव में करीब 2.78 लाख सखी मंडलों का गठन किया जा चुका है और इससे करीब 32.51 लाख परिवार जुड़े हैं।

**बैंकों से क्रेडिट लिंकेज के जरिये मिल रही मदद**

राज्य के 2.69 लाख सखी मंडल को 418.31 करोड़ रुपये चक्रीय निधि के रूप में और2.44 लाख




सखी मंडल को 1296.42 करोड़ रुपये सामुदायिक निवेश निधि के रूप में उपलब्ध कराया गया है। करीब 2.26 लाख सखी मंडल को 6511 करोड़ रुपये बैंकों से क्रेडिट लिंकेज के रूप में मिला है।

**आजीविका से जोड़ने का क्रम जारी**

ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त हो, इसके लिए आजीविका सशक्तिकरण हुनर अभियान के जरिये राज्य के 29 लाख परिवारों को आजीविका के सशक्त माध्यमों से जोड़ा गया है। कृषि, पशुपालन, वनोपज, अंडा उत्पादन, जैविक खेती आधारित आजीविका से ग्रामीण परिवारों को आच्छादित किया जा रहा है। राज्य संपोषित जोहार परियोजना के तहत 17 जिलों के 68 प्रखंड के 3816 गांव में 3922 उत्पादक समूह और 20 उत्पादक कंपनियों का गठन और संचालन हो रहा है। इसके तहत राज्य के करीब 2.24 लाख परिवारों की आय बढ़ोत्तरी के लिए कार्य प्रगति पर है।

**वनोत्पाद से मिल रहा लाभ**

राज्य के किसानों को वनोत्पाद का सही मूल्य दिलाने हेतु सिदो कान्हो वनोत्पाद संघ का गठन किया गया है। वहीं महिला किसान सशक्तिकरण परियोजना के जरिए भी राज्य के 2.09 लाख परिवारों को लाह, रेशम, औषधीय पौधे की खेती, ईमली, कृषि एवं पशुपालन से जोड़ा गया है। राज्य संपोषित झारखंड माइक्रोड्रिप इरिगेशन परियोजना के तहत करीब 14246 किसानों के साथ को टपक सिंचाई तकनीक से जोड़ कर उन्नत खेती की जा रही है।

**तकनीक में निपुण हो रहीं महिलाएं**

राज्य में बैंकिग कॉरेस्पॉन्डेंट, पशु सखी, कृषक मित्र, वनोपज मित्र आजीविका रेशम मित्र, सीआरपी समेत परियोजन क्रियान्वयन के लिए करीब 52,000 सामुदायिक कैडर को प्रशिक्षित कर परियोजना के क्रियान्वयन एवं विस्तारण में लगाया है। आधुनिक संचार तकनीक से इन महिलाओं को लैस किया गया है।

## सरला बिरला विश्वविद्यालय में चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल का शुभारंभ

# भारतीय चित्र साधना के पोस्टर और पथिक स्मारिका का विमोचन




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के टाटीसिलवे स्थित सरला बिरला विश्वविद्यालय के परिसर में शुक्रवार को चित्रपट झारखंड फिल्म फेस्टिवल का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पद्म विभूषण कड़िया मुंडा, विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी, नरेंद्र कुमार, आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ प्रदीप कुमार वर्मा, व्यवसायी अजय सिंह आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। पद्मश्री पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा ने कहा कि आज भी हमारे यहां मानसिक गुलामी है। हम सभी देश के सेवक हैं और देश को किस ओर ले जाना चाहते हैं, यह हमें तय करना है।

उन्होंने कहा कि आज की फिल्में भारतीय संस्कृति की संवाहक नहीं, अपितु विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि आज समाज में अच्छी खबरों को प्रकाशित करना, महत्व देना और उसे प्रसारित करना अति आवश्यक है। आज अच्छी सोच निर्माण करने वाली फिल्में बनाने की आवश्यकता है। जब सोच बदलेगी, काम भी बदलेंगे तभी देश, समाज तथा वातावरण बदलेगा। राज्यसभा सांसद डॉ महुआ माजी ने कहा कि अपने झारखंड प्रदेश में भाषा, संस्कृति तथा प्रकृति की समृद्ध विरासत के साथ-साथ कला साहित्य का भी सामर्थ्य प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है और ऐसे प्रयासों से ही यह क्षेत्र अपने राज्य में एक आकार ले सकता है। उन्होंने कहा कि विकास का पश्चिमी मॉडल आज पूरी दुनिया का नाश करने में लगा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक रूप से झारखंड में फिल्म निर्माण की अपार संभावनाएं हैं।

अखिल भारतीय अधिकारी नरेंद्र कुमार ने कहा कि यदि राष्ट्र को गढ़ना है तो हमें सकारात्मक सोच के साथ फिल्में बनानी होंगी। उन्होंने चित्र भारती के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि भारतीय फिल्म संस्कृति, रीति-रिवाज, परंपरा औरजीवन शैली को महत्व दिये जाने के लिए बनायी जानी चाहिए।

फिल्म फेस्टिवल आयोजन समिति के अध्यक्ष सह सरला बिरला विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने कहा कि सिनेमा समाज का दर्पण होता है। हमारी अनदेखी के कारण हमारी संस्कृति पर अपसंस्कृति की धूल लग जाती है। सार्थक सिनेमा से समृद्ध संस्कृति विकसित होती है। भारत की संस्कृति विश्व वंदनीय संस्कृति है। उन्होंने कहा कि चित्रपट झारखंड हमारी कला और संस्कृति के साथ-साथ स्थानीय प्रतिभा को विकसित करने का अवसर उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि फिल्मों में स्थानीय, क्षेत्रीय फिल्मों को बढ़ावा मिलने से स्थानीय कला औरसंस्कृति का अवश्य ही विकास होगा।

इस अवसर पर भारतीय चित्र साधना के पोस्टर विमोचन और पथिक स्मारिका का विमोचन भी किया गया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ नीतू सिंघी द्वारा किया गया। स्वागत समिति के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर नंदकुमार, डॉ सुशील अंकन, नरेंद्र कुमार, आलोक कुमार, राजेंद्र प्रसाद, सुमित मित्तल, राकेश रमन, डॉ रोज उरांव, संजय आजाद, आशुतोष द्विवेदी, नवीन सहाय, अजय कुमार, प्रवीण कुमार, डॉ संदीप कुमार, डॉ सुबानी बाड़ा, हरी बाबू शुक्ला, डॉ पार्थ पॉल, डॉ विश्वरूप सामंता, प्रो गौतम तांती, प्रो अमित गुप्ता, डॉ पूजा मिश्रा, डॉ रिया मुखर्जी, डॉ आरोही आनंद, प्रो आदित्य विक्रम वर्मा, डॉ भारद्वाज शुक्ला, डॉ विदुषी शर्मा, डॉ मुकेश कुमार सिंह, डॉ विद्या झा, चंद्र शेखर महथा, अमरेंद्र दत्त द्विवेदी, अनुभव अंकित, अमित नाथ चरण, रविंद्र तिवारी, ऋषि राज जमुआर, प्रशांत जमूआर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

E-mail - mdjscb@jscb.gov.in Ph. No. 0651-2913111
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd, Ranchi
1st Floor, Shaheed Chowk, Main Road, Ranchi- 834001
Ref. 907 Date: 23.06.2023
Jharkhand State Cooperative Bank Ltd. Invites quotations from interested supplier for Procurement and Installation of Audio Visual System for Conference Hall at HO premises for Jharkhand State Cooperative Bank Limited.
**Last date for submission of Quotations: 30.06.2023 till 11.00 AM.**
For eligibility criteria and other details, please visit website: http://www.jscb.gov.in
Sd/-
CEO, JSCB Ranchi

## भगवान जगन्नाथ के दरबार में मिला नवजात

**रांची (आजाद सिपाही)।** एक मां ने एक दिन के नवजात शिशु को जगन्नाथपुर मेला परिसर के पास फेंक दिया। नवजात बच्चे की रोने की आवाज सुन कर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि एक कपड़े में लिपटा मासूम रो रहा है। मौके पर सबसे पहले पहुंचे जितेंद्र नामक युवक ने बताया कि बच्चे के शरीर पर चीटियां काट रही थीं, जिसकी वजह से बच्चा बहुत रो रहा था। आनन-फानन में उसे नजदीक के डॉक्टर के पास ले गये। धुर्वा थाने पहुंच कर स्थानीय लोगों ने मामले की जानकारी दी। धुर्वा थाना ने मामले की जानकारी सीडब्ल्यूसी और करुणा आश्रम को भी दी। दोनों ही संस्थाओं से एक-एक टीम धुर्वा थाने पहुंची और बच्चे को रानी चिल्ड्रेन अस्पताल में भर्ती करवाया।

## श्री महावीर मंडल अलकापुरी में मंगलवारी को भव्य महाआरती होगी, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ भी

**रांची (आजाद सिपाही)।** अलकापुरी रांची में मंगलवारी को भव्य महाआरती का कार्यक्रम रखा गया है। उस दिन भैरव द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ भी किया जायेगा। 101 लीटर दूध का खीर भोग लगाया जायेगा। शुद्ध घी से निर्मित लड्डू का भोग प्रसाद का वितरण भी किया जायेगा। मुख्य अतिथि भैरव सिंह, हिंदू जागरण मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष सुजीत सिंह, समाजसेवी दिलीप गुप्ता और गणमान्य उपस्थित रहेंगे। मंगलवारी महाआरती को सफल बनाने में महावीर मंडल अल्कापुरी के मुख्य संरक्षक रमेश सिंह, ऋषभ सरकार, ऋषभ सिंह, नमन भारतीय, जिया वर्मा, काव्या वर्मा का योगदान है।

## ब्रह्मास्त्र पुस्तक का हुआ लोकार्पण



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने झारखंड में आयोजित प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए प्रकाशित पुस्तक ब्रह्मास्त्र का लोकार्पण किया। इस पुस्तक का लोकार्पण झारखंड विधानसभा परिसर में हुआ। इस पुस्तक का लोकार्पण एवं सूक्ष्म अवलोकन कर विधानसभा अध्यक्ष ने इसे झारखंड सामान्य ज्ञान का सारगर्भित पुस्तक कहा है। इसमें झारखंड के विभिन्न आयामों यथा झारखंड का गौरान्वित इतिहास, विविधता से परिपूर्ण झारखंड का भूगोल, यहॉ अवस्थित कल-कारखानों और आर्थिक परिदृश्य और सबसे विशेष झारखंड आंदोलन का संघर्षशील सफर और उसमें हमारे पूर्वजों द्वारा दिये गये बलिदान की बहुत ही मार्मिक व उत्कृष्ट प्रस्तुति की गयी है, जो झारखंड को समझने व जानने के सभी इच्छुक व्यक्तियों को आकर्षित करेगी। साथ ही झारखंड की विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए यह पुस्तक वरदान साबित होगी। झारखंड की विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को जीवन में सफलता के लिए विधानसभा अध्यक्ष ने अग्रिम शुभकमनाएं दी है। इस पुस्तक के लेखक मंडली में एग्जाम फाइटर की टीम शामिल है। इनके पास झारखंड के प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कराने का एक लंबा अनुभव रहा है। इनके निर्देशन में तैयारी कर कई छात्र आज सरकारी सेवा के उच्च पदों पर आसीन है।

# लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाना सरकारी योजनाओं का लक्ष्यः राज्यपाल



आजाद सिपाही संवाददाता

**पाकुड़/रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन स्तर को ऊपर उठाना केंद्र और राज्य सरकार की योजना का लक्ष्य है। वह शुक्रवार को पाकुड़ जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड के डुमरचीर में ग्रामीणों से संवाद कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार नल-जल योजना के तहत प्रत्येक परिवार को शुद्ध पेयजल सुलभ कराने के लिए प्रतिबद्ध है। अभी तक 37 प्रतिशत परिवारों को इस योजना से आच्छादित किया जा चुका है। शेष बचे 67 प्रतिशत परिवार को आच्छादित किया जायेगा। सरकार आवास, बिजली, स्वास्थ्य और शिक्षा की समुचित व्यवस्था के लिए भी निरंतर कार्य कर रही है। राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने कई कस्तूरबा गांधी विद्यालयों औरअन्य विद्यालयों का भ्रमण किया और वहां स्मार्ट क्लास, वीआर लैब, लाइब्रेरी, ओपेन जिम इत्यादि को देखा है। वहां की छात्राओं से संवाद किया है। संवाद करने से उन्हें खुशी मिली है कि वे पढ़ाई पर ध्यान दे रही हैं। अपना लक्ष्य भी निर्धारित कर रही हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित जिला परिषद की सदस्य प्रियंका मालतो ने कहा कि कुमार भाग पहाड़िया के पीवीटीजी में शामिल नहीं होने के कारण बहुत सारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। उन्होंने राज्यपाल से पहाड़िया को विशेष पिछड़े जनजाति समूह (पीवीटीजी) में शामिल करने के लिए अनुरोध किया। राज्यपाल ने कहा कि यह कार्य एक प्रक्रिया के तहत होता है, जिसमें जिला प्रशासन की ओर से सरकार से स्थापित मानदंडों के आधार पर राज्य सरकार को अनुशंसा की जाती है और राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार को। इस दौरान उन्होंने परिसंपत्तियों का वितरण किया और आंगनबाड़ी केंद्र के कार्यों का अवलोकन भी।

# प्रशिक्षण में सीखे गुणों को अनुसंधान में प्रयोग कर अपराधियों को सलाखों तक पहुंचायें : डीआइजी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के कांके रोड स्थित न्यू पुलिस लाइन में तीन दिवसीय दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट का शुक्रवार को समापन हो गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी अनूप बिरथरे ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण में सीखे गुणों को अनुसंधान में प्रयोग कर अपराधियों को सलाखों तक पहुंचायें। डीआइजी ने कहा कि अनुसंधान में वैज्ञानिक सहायता का प्रयोग से जो साक्ष्य जुटाये जाते हैं, वह पुख्ता होता है और उससे अपराधियों को सजा दिलाने में काफी सहायता मिलती है। पुलिस ड्यूटी मीट में 11 विषयों का प्रशिक्षण के साथ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। हर विषयों के प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को डीआइजी, एसएसपी सहित अन्य अधिकारियों ने मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रांची जिला को ओवरऑल चैंपियन और खूंटी जिला को ड्यूटी पुरस्कार दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्रामीण एसपी नौशाद आलम, ट्रैफिक एसपी हारिस बिन जमां, एएसपी मोमल राजपुरोहित, सार्जेंट मेजर अभिनव पाठक, सुबोध गुप्ता सहित कई पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

**इन विषयों पर दिया गया प्रशिक्षण** : पुलिस ड्यूटी मीट में विधि विज्ञान, मेडिकोलिगल, क्राइम इंवेस्टीगेशन लॉ रूल्स प्रैक्टिकल तथा कोर्ट जजमेंट, फोटोग्राफी, लिफ्टिंग पैकिंग एवं फॉरवर्डिंग, ऑब्जरवेशन, पुलिस पोर्ट्रेट, पुलिस फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी, कंप्यूटर साक्षरता, बम एंड मेटल डिटेक्टर जांच, पुलिस श्वान दस्ता आदि का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षक मंडल में राज्य फिंगर प्रिंट ब्यूरो के सहायक निदेशक नीरज सहाय, सहायक निदेशक एफएसएल अमित कुमार, इंस्पेक्टर असित मोदी, सीआइडी के फोटोग्राफर दिलीप महतो, सीआइडी के श्वान दस्ता प्रभारी एतवा उरांव, कुजरी जामुद और सुनील कुमार यादव ने प्रशिक्षण दिया और उनकी परीक्षा भी।

## हमलावरों की गिरफ्तारी नहीं होने पर जोरदार होगा आंदोलन : राजेश कुमार गुप्ता



**रांची (आजाद सिपाही)।** रांची के तुपुदाना स्थित वाइल्ड वादी वॉटर पार्क के डायरेक्टर शैलेंद्र जयसवाल के ऊपर किये गये हमले के आरोपी रांची पुलिस अविलंब गिरफ्तार करें और शैलेंद्र जायसवाल को सुरक्षा प्रदान करें। उक्त बातें राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने कही है। उन्होंने कहा कि शैलेंद्र जयसवाल उच्च शिक्षा प्राप्त कर शहर में वाइल्ड वादी वॉटर पार्क बना कर रांची राजधानी वासियों को एक सौगात देने का काम किया है। निहित स्वार्थ के लिए शैलेंद्र जयसवाल जैसे लोग पर हमला होना बहुत ही निंदनीय है। दूसरी तरफ 12 दिन बीत जाने के बावजूद नामदज अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं होना बहुत ही चिंता का विषय है। पुलिस अगर 10 दिनों के अंदर नाम दर्ज अभियुक्त को गिरफ्तार नहीं करती है, तो राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा जोरदार आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

# आइएएस पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली अग्रिम जमानत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को झारखंड कैडर की निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा की प्रवर्तन निदेशालय से अग्रिम जमानत की मांग वाली याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने अभिषेक झा को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया।

बता दें कि कथित मनरेगा घोटाले से जुड़े एक धनशोधन मामले में कोर्ट ने अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की अवकाशकालीन पीठ ने झा को राहत देने से इनकार कर दिया और मामले में सुनवाई के लिए 5 जुलाई की तारीख तय की है।

### पिछले सप्ताह नहीं मिली थी राहत

बता दें कि पिछले सप्ताह पीठ ने झा को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था। इसके साथ ही अभिषेक झा की ओर से पेश वकील ने कहा था कि वह एक व्यवसायी हैं और अग्रिम जमानत की मांग कर रहे हैं, क्योंकि उनकी बेटी गंभीर बीमारियों से पीड़ित है। वकील ने कहा कि इस अदालत ने उनकी पत्नी को बेटी की देखभाल के लिए दो बार अंतरिम जमानत दी है। इस पर कोर्ट ने वकील से कहा कि इन गतिविधियों में शामिल होने से पहले आपको यह सब सोचना चाहिए था। हम आपको इस तरह के मामले में अग्रिम जमानत देने के पक्ष में नहीं हैं।

# राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर की वर्चुअल मीटिंग



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जूम एप पर शुक्रवार को पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे की अध्यक्षता में पासवा द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह, जो रांची के खेल गांव स्थित टाना भगत इनडोर स्टेडियम में आयोजित होगा के सफल आयोजन के लिए एक वर्चुअल मीटिंग आयोजित की गयी। इस वर्चुअल मीटिंग में संपूर्ण राज्य के विभिन्न जिलों के निजी विद्यालयों के संचालक एवं पासवा के पदाधिकारी गण सम्मिलित हुए।

रांची जिले से राज्य स्तरीय छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह के संयोजक फलक फातिमा, पासवा के प्रदेश संयुक्त सचिव अल्ताफ हुसैन, राशिद अंसारी, आलोक विपिन टोप्पो, हजारीबाग से पासवा के प्रदेश उपाध्यक्ष विपिन कुमार सिन्हा, हजारीबाग जिला अध्यक्ष ज्ञानेश्वर दयाल, मिताली सेनगुप्ता, चतरा जिले से पासवा के प्रदेश महासचिव सम्मान समारोह के प्रवक्ता नीरज कुमार प्रदेश संयुक्त सचिव मुमताज आलम, जिला अध्यक्ष प्रवीण प्रकाश सिंह, जिला महासचिव निसार अंसारी, प्रतापपुर प्रखंड से श्री रघुवीर राम विशेष रूप से उपस्थित थे।

सर्वप्रथम पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक कुमार दूबे ने राज्य स्तरीय सम्मान समारोह को सफल बनाने के लिए सभी जिला अध्यक्षों और पासवा के पदाधिकारियों से कहा कि यह राज्य का सबसे बड़ा छात्र प्रतिभा सम्मान समारोह है तथा बड़े ही भव्य तरीके से इसका आयोजन होगा। मैट्रिक का इंटर की परीक्षा में 80% से अधिक अंक लाने वाले सीबीएसई आईसीएसई तथा जैक बोर्ड के लगभग 15000 से अधिक बच्चों को सम्मानित करने का लक्ष्य रखा गया है एवं राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, खेलकूद मंत्री हफिजुल हसन, पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद सहित देश भर से पासवा के पदाधिकारी इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भव्य तैयारी आवश्यक है तथा बच्चों के अधिक से अधिक इस कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए पासवा के पदाधिकारियों को अधिक से अधिक विद्यालयों से संपर्क कर बच्चों के उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने विभिन्न जिले के जिला अध्यक्षों से और जिले के पदाधिकारियों से भी कहा कि इस सम्मान समारोह का लक्ष्य रांची के साथ-साथ संपूर्ण झारखंड के प्रत्येक जिले के बच्चों को सम्मानित करने का भी लक्ष्य है। अतः झारखंड के प्रत्येक जिले के जिला अध्यक्ष विद्यालयों और बच्चों से संपर्क करें तथा बच्चों के आने जाने की व्यवस्था को भी सुनिश्चित करने का प्रयास करें, ताकि दूर से आने वाले बच्चों को परेशानी न हो।

# रांची में 1 जुलाई से होगी सेना भर्ती रैली

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में अग्नि पथ योजना के तहत सेना भर्ती रैली का आयोजन किया गया है। यह भर्ती 1 से 9 जुलाई तक मोरहाबादी मैदान रांची में होगी। यह रैली सिर्फ पुरुषों के लिए आयोजित की जा रही है। अग्निवीर योजना के तहत झारखंड के सभी 24 जिलों के उम्मीदवारों सेना भर्ती रैली में शामिल होंगे। इसको लेकर सेना भर्ती कार्यालय के भर्ती निर्देशक कर्नल राकेश कुमार ने सूचना जारी की है। जिसमें कहा गया है कि सामान्य प्रवेश परीक्षा में पास अभ्यर्थियों के रजिस्टर्ड मेल आइडी पर 12 जून को भर्ती कार्यालय द्वारा प्रवेश पत्र भेज दिया गया है। ऑनलाइन जेनरेट रंगीन प्रवेश पत्र के बिना नहीं मिलेगी इंट्री अग्नीपथ योजना के तहत सेना में भर्ती होने के लिए उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र में दी गयी तिथि, समय और बताये गये स्थान पर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी। साथ ही अभ्यर्थियों को यह भी कहा गया है कि ऑनलाइन जेनरेट किये गये रंगीन प्रवेश पत्र के बिना इंट्री नहीं मिलेगी। भर्ती रैली के संबंध में विस्तृत जानकारी व अधिसूचना ज्वाइन इंडियन आर्मी.एनआइसी.इन पर उपलब्ध है। इसके अलावा अधिक जानकारी के लिए सुबह 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक सेना भर्ती कार्यालय रांची से संपर्क किया जा सकता है।

### दस्तावेज का कराना होगा सत्यापन

सभी अभ्यर्थी को कहा गया है कि (अग्निवीर जीडी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर, अग्निवीर टेक्नीकल, अग्निवीर ट्रेड्समैन दसवीं, ट्रेड्समैन आठवीं) अपने दस्तावेज सत्यापन करा कर रैली के निर्देश के अनुसार रैली स्थान में साथ लेकर आयें। सभी अभ्यर्थियों से अपील की गयी है कि वे दलालों से सावधान रहें। सेना में भर्ती निष्पक्ष और पारदर्शी है। दरअसल कई जगह पर सेना में भर्ती के नाम पर अभ्यर्थियों के दलालों के झांसे में आने की खबरें आ चुकी हैं। इसको लेकर अभ्यर्थियों को सावधान किया गया है कि वे दलालों के झांसे में न आयें।

भारतीय रेल
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
शुद्धिपत्र -IV
विषय : सेल्फ प्रोपेल्ड अल्ट्रासोनिक रेल टेस्टिंग कार (SPURT CAR) की आपूर्ति के लिए दिनांक 18.07.2023 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2301
निविदा शर्तों आदि से संशोधन के संबंध में शुद्धिपत्र–IV वेबसाइट http://ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है।
(विजय सिंह)
निदेशक, रेलपथ (मशीन)
रेलवे बोर्ड
दूरभाष न. 011–47845531
ईमेल: vijay.singh.2017@gov.in
1938/2023
आज़ादी का अमृत महोत्सव
G20 भारत 2023 INDIA
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा
पाण्डेय गणपत राय भवन प्रथम तल्ला, समाहरणालय परिसर, लोहरदगा
Email-mdmloh@rediffmail.com lohardagamdm@gmail.com
–: आवश्यक सूचना :–
विभागीय निदेश के आलोक में शिक्षा का अधिकार अधिनयम, 2009 (RTE) के तहत् निजी विद्यालयों को मान्यता प्रदान करने हेतु online माध्यम से विद्यालयों को आवदेन करना है।
उपरोक्त के आलोक में शिक्षा का अधिकार अधिनयम, 2009 (RTE) के वेबसाईट rte.jharkhand.gov.in पर जाकर निजी विद्यालयों द्वारा मान्यता हेतु आवेदन किया जा सकता है एवं किसी प्रकार की समस्या होने पर जिला शिक्षा अधीक्षक, कार्यालय लोहरदगा से संपर्क स्थापित किया जा सकता है।
जिला शिक्षा अधीक्षक,
लोहरदगा।
PR.NO.300746 Lohardaga(23-24):D

# भारत का सॉफ्ट पावर

इसे महज संयोग नहीं कहा जा सकता कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ऐतिहासिक अमेरिका यात्रा की शुरुआत अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से हुई। उनकी राजकीय यात्रा शुरू होती, उससे पहले वह न्यूयॉर्क में थे और उन्होंने वहां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर हुए कार्यक्रम की अगुआई की जो इस मायने में वर्ल्ड रिकॉर्ड साबित हुआ कि इसमें सबसे ज्यादा देशों के लोग शामिल हुए। इस तरह कहा जा सकता है कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री का स्वागत करने से ऐन पहले दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र ने उसके सॉफ्ट पावर की एक झलक देख ली। इसे अब तक चर्चित हो चुकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीतिक शैली की खास विशेषता माना जा सकता है कि कोई भी बड़ी पहल ऐसी तमाम छोटी-छोटी पहलों से जुड़ी होती है, जो जाने अनजाने उसकी ताकत और प्रभाव में अच्छा खासा इजाफा कर देती हैं। अगर भारतीय डायसपोरा की ही बात की जाये तो प्रवासी भारतीयों की संख्या कोई एक दिन में नहीं बढ़ी है, न ही विदेशों में इस समुदाय का स्थान रातोंरात ऊंचा हुआ है। यह प्रक्रिया बरसों से चल रही थी। फिर भी प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के दौरान कूटनीति में इसका जैसा सुविचारित प्रयोग शुरू हुआ, वैसा पहले नहीं देखा गया था। इसका एक परिणाम हमें इस रूप में भी दिखता है कि जब किसी शिखर सम्मेलन में दुनिया के प्रमुख देशों के नेता मिलते हैं, तो उनकी अनौपचारिक चर्चा का विषय प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता भी होती है। इसी का एक उदाहरण इसी साल हिरोशिमा में हुए जी-7 शिखर सम्मेलन में दिखा, जहां अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मोदी की मौजूदा यात्रा की तैयारियों का जिक्र करते हुए बताया कि पीएम मोदी के कार्यक्रम में शामिल होने के इच्छुक लोगों की संख्या उन्हें हैरान कर रही है। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने तत्काल इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि उनके देश में भी मोदी बेहद लोकप्रिय हैं। निश्चित रूप से देश का यह सॉफ्ट पावर देश की विदेश नीति को, किसी खास मसले पर उसके रुख को मजबूती देता है। इसी यात्रा के संदर्भ में देखा जाये तो प्रधानमंत्री मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और फर्स्ट लेडी जिल बाइडन के लिए जो तोहफे ले गए हैं वे भी काफी कुछ कहते हैं। इन तोहफों में अन्य चीजों के अलावा मैसूर चंदन से बने खास बॉक्स में रखी 10 डिब्बियां भी हैं। इनमें पंजाब का घी, राजस्थान का हाथ से बनाया हुआ 24 कैरेट हॉलमार्क वाला सोने का सिक्का, महाराष्ट्र का गुड़, उत्तराखंड का चावल, तमिलनाडु का तिल, पश्चिम बंगाल के कारीगरों का बनाया हुआ चांदी का नारियल, मैसूर चंदन का एक टुकड़ा, गुजरात का नमक और राजस्थानी कारीगरों का बनाया हुआ शुद्ध चांदी का सिक्का शामिल हैं। ऐसा नहीं कि इस तरह के तोहफे पहले नहीं ले जाये गये, पर अब यह ज्यादा व्यापक और सुविचारित पहल का हिस्सा हैं और इसीलिए भारत के प्रभाव विस्तार में खास भूमिका निभा रहे हैं।

**इसे अब तक चर्चित हो चुकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कूटनीतिक शैली की खास विशेषता माना जा सकता है कि कोई भी बड़ी पहल ऐसी तमाम छोटी-छोटी पहलों से जुड़ी होती है, जो जाने अनजाने उसकी ताकत और प्रभाव में अच्छा खासा इजाफा कर देती हैं।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**हमें इस बात पर विचार करने की जरूरत है कि पीएलआइ योजना के अभाव में मोबाइल एवं उसके घटकों के आयात का क्या हश्र हुआ होता और जैसाकि अन्य देशों के अनुभवों से स्पष्ट है, इनकी आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने में कितना समय लगा होता। चीन ने 25 वर्षों में 1.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग तैयार किया है, लेकिन अभी भी उसके पास सेमीकंडक्टर्स, मेमोरी और ओएलईडी डिस्प्ले जैसे स्मार्टफोन के प्रमुख घटकों के निर्माण की क्षमता का अभाव है।**

# क्यों मोबाइल फोन के क्षेत्र में भारत की प्रगति मैन्यूफैक्चरिंग की दृष्टि से एक बड़ी सफलता है!

**राजेश कुमार सिंह एवं कुमार वी प्रताप**



हाल में अखबारों में छपे कई लेखों ने इस आशय की एक धारणा बनाने की कोशिश की है कि भारत में कम मूल्यवर्धन के कारण मोबाइल फोन के निर्यात को बढ़ावा देने में उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजना की भूमिका संदिग्ध रही है।

इस तरह की आलोचना में निम्नलिखित प्रमुख तत्व शामिल होते हैं: - केवल सीमा शुल्क की ऊंची दर लागू करने के कारण ही मोबाइल का शुद्ध आयात सकारात्मक हो गया है; पीएलआई योजना के तहत किए जाने वाले प्रोत्साहन का भुगतान भारत में होने वाले मूल्य वर्धन से अधिक हो सकता है; पीएलआई योजना की घोषणा के बाद से भारत आयात पर निर्भर हो गया है और इस बात का नए सिरे से मूल्यांकन करने की जरूरत है कि पीएलआई योजनाओं के तहत नौकरियां सृजित की गई हैं या नहीं और ऐसी नौकरियों के लिए संबद्ध लागत क्या रहीं हैं। तर्क के ये बिंदु काफी हद तक गलत हैं, जैसाकि निम्नलिखित विस्तृत व्याख्या से स्पष्ट है:

सीमा शुल्क नीति में बदलाव उत्पादन और निर्यात संबंधी घरेलू क्षमताओं को बढ़ाने की एक सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। वर्ष 2015 की तुलना में, अब भारत में उपयोग किए जा रहे 99.2 प्रतिशत मोबाइल हैंडसेट भारत में ही निर्मित हैं। पीएलआइ के तहत प्रोत्साहन छह प्रतिशत भी नहीं है (यह चरणबद्ध तरीके से दो प्रतिशत से भी कम हो जाएगा) और यह केवल वृद्धिशील उत्पादन पर लागू है। पीएलआइ योजना के लाभार्थियों की बाजार हिस्सेदारी जहां मात्र 20 प्रतिशत थी, वहीं वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान मोबाइल फोन के निर्यात में उनकी भागीदारी 82 प्रतिशत थी। विश्लेषणों से यह पता चलता है कि मॉडल और जटिलता के आधार पर मोबाइल में घरेलू मूल्यवर्धन 14-25 प्रतिशत के बीच है। चार्जर, बैटरी पैक, हेडसेट, मैकेनिक्स, कैमरा मॉड्यूल, डिस्प्ले असेंबली से जुड़ी सब-असेंबली एवं आपूर्ति श्रृंखला के मामले में ठोस विकास देखा जा रहा है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को भारत में स्थानांतरित किए जाने के अलावा पश्चिमी यूरोप, अमेरिका और विकसित एशिया सहित निर्यात के लिए नए बाजारों का समावेश किया गया है। घटकों से जुड़े इकोसिस्टम में भी सकरात्मक बदलाव दिखायी दे रहे हैं। इस इकोसिस्टम में टाटा जैसी बड़ी भारतीय कंपनियां प्रवेश कर चुकी हैं और इस प्रकार, इस तरह के नीतिगत हस्तक्षेप से पैदा होने वाली बाह्यताएं महत्वपूर्ण हो गयी हैं।

**अनुमान है कि 2025 तक कुल ऐप्पल आइफोन का एक चौथाई हिस्सा भारत में निर्मित होगा।**

हमें इस बात पर विचार करने की जरूरत है कि पीएलआइ योजना के अभाव में मोबाइल एवं उसके घटकों के आयात का क्या हश्र हुआ होता और जैसाकि अन्य देशों के अनुभवों से स्पष्ट है, इनकी आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने में कितना समय लगा होता। चीन ने 25 वर्षों में 1.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग तैयार किया है, लेकिन अभी भी उसके पास सेमीकंडक्टर्स, मेमोरी और ओएलईडी डिस्प्ले जैसे स्मार्टफोन के प्रमुख घटकों के निर्माण की क्षमता का अभाव है। ये घटक मिलकर स्मार्टफोन के मूल्य का 45 प्रतिशत होते हैं। वर्ष 2022 में चीन का इलेक्ट्रॉनिक्स का आयात 650 बिलियन अमेरिकी डॉलर का था। कुल 15 वर्षों के बाद, वियतनाम के पास 18 प्रतिशत मूल्यवर्धन के साथ 140 बिलियन अमेरिकी डॉलर का इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग है। इन दोनों देशों के अनुभव घरेलू मूल्यवर्धन को बढ़ाने के लिए पैमाने के महत्व को रेखांकित करते हैं। विशेष रूप से निर्यात के संदर्भ में। कई आलोचनात्मक रिपोर्टें नीतिगत हस्तक्षेप की एक ठहरी हुई तस्वीर पेश करती हैं, जबकि इसका परिप्रेक्ष्य बहुआयामी होना चाहिए।

किसी को भी इस तथ्य की सराहना करनी चाहिए कि इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन के एक मजबूत इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के क्रम में, उत्पादन प्रक्रिया के विभिन्न तत्व स्थानीयकरण के विभिन्न चरणों में हैं। प्रारंभिक ध्यान जहां भारत में बड़े पैमाने पर मोबाइल फोन की असेंबली को आकर्षित करने पर रहा है, वहीं अगला चरण घटकों के स्थानीयकरण के साथ उत्पादन मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने की दिशा में होगा। अधिकांश आलोचनात्मक रिपोर्टों में इस प्रगतिशील बदलाव की सूक्ष्म समझ नहीं दिखायी दे रही है।

भारत सरकार ने भारत को इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम डिजाइन एंड मैन्यूफैक्चरिंग (ईएसडीएम) के वैश्विक केन्द्र के रूप में स्थापित करने हेतु एक इकोसिस्टम वाला दृष्टिकोण अपनाया है। वर्ष 2014-15 के दौरान, न्यूनतम मूल्यवर्धन एवं उच्च आयात निर्भरता के साथ इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन 37 बिलियन अमेरिकी डालर का था। पिछले नौ वर्षों में, भारत ने इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में महत्वपूर्ण प्रगति की है जो 2022-23 में (उद्योग जगत के अनुमानों के अनुसार) लगभग तीन गुना बढ़कर 101 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है, निर्यात चार गुना बढ़कर 23 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है और मूल्यवर्धन बढ़कर 23 प्रतिशत हो गया है। वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 2012 के 1.3 प्रतिशत से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2021-22 में 3.75 प्रतिशत हो गई है।

इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र के लिए पीएलआइ योजना के शुभारंभ के परिणामस्वरूप, भारत संख्या के मामले में दुनिया में मोबाइल फोन के दूसरे सबसे बड़े निमार्ता के रूप में उभरा।

मोबाइल फोन का उत्पादन वित्तीय वर्ष 2014-15 में 60 मिलियन से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2021-22 में लगभग 320 मिलियन हो गया। वर्ष 2014 में दुनिया का कुल तीन प्रतिशत मोबाइल हैंडसेट निर्माण करने से लेकर इस साल भारत अनुमानित रूप से दुनिया के कुल 19 प्रतिशत मोबाइल हैंडसेट का निर्माण करेगा। मूल्य की दृष्टि से मोबाइल फोन का उत्पादन वित्तीय वर्ष 2014-15 में 190 बिलियन रुपये से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2022-23 में 3.5 ट्रिलियन रुपये का हो गया है। 101 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के कुल इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में, स्मार्टफोन का उत्पादन 44 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य का है और उसका निर्यात 11.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य का है। इस तथ्य को स्थापित करने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि भारत में मोबाइल का उत्पादन मजबूत होने के साथ-साथ व्यापक होता जा रहा है, जिसमें घरेलू मूल्यवर्धन, रोजगार और आय में वृद्धि शामिल है।

एलएसईएम के लिए पीएलआइ योजना ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के अंत तक 65.62 बिलियन रुपये का निवेश आकर्षित किया है, जिससे कुल 2.84 ट्रिलियन रुपये मूल्य का उत्पादन हुआ है। इसमें 1.29 ट्रिलियन रुपये का निर्यात शामिल है और 100,000 से अधिक का प्रत्यक्ष रोजगार और लगभग 2,50,000 अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुआ है। सभी नयी सृजित नौकरियों में महिला रोजगार की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत है, जो भारत में औपचारिक क्षेत्र के रोजगार में लैंगिक संतुलन को ठीक रखने में मदद करेगा। वर्ष 2014 के बाद से, इस क्षेत्र में एक मिलियन से अधिक नौकरियों का समावेश किया गया है।

एप्पल के अपने सबसे उन्नत मॉडलों के निर्माण सहित भारत में आईफोन के अपने उत्पादन का विस्तार करने के फैसले के साथ भारत ने इस क्षेत्र में एक आकस्मिक प्रगति की है।

अनुमान है कि 2025 तक कुल ऐप्पल आइफोन का एक चौथाई हिस्सा भारत में निर्मित होगा।

निष्कर्ष के तौर पर, पीएलआई योजनाओं की सफलता को रोजगार सृजन, मैन्यूफैक्चरिंग के क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में वृद्धि, निर्यात में वृद्धि और निर्यात के क्षेत्र में होने वाले विविधीकरण के साथ-साथ उल्लेखनीय मूल्यवर्धन और कई पीएलआई उत्पादों, विशेष रूप से मोबाइल फोन के क्षेत्र में बढ़ती स्थानीय मूल्य श्रृंखला के निर्माण के रूप में इसके योगदान की दृष्टि से देखा जाना चाहिए।

## जमशेदपुर की खबरें

# आरएसबी ग्रुप का इवी सेक्टर में तेजी से होगा विस्तार : एसके बेहरा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले में आरएसबी ग्रुप का इवी सेक्टर में तेजी से विस्तार चल रहा है। अगले दो-तीन सालों में कंपनी प्रोडक्शन के मुद्रा में आ जायेगी। शुक्रवार को शहर के मशहूर उद्यमी सह आरएसबी ग्रुप के चेयरमैन एसके बेहरा ने कंपनी में भविष्य के उत्पादों को लेकर जानकारी दी। मौके पर उन्होंने मीडिया कर्मी के सवालों का अपने ही अंदाज में जवाब दी। श्री बेहरा ने कहा कि झारखंड में औद्योगिक विस्तार के लिए निःसंदेह औद्योगिक नीति अच्छी है। लेकिन इंफ्रस्ट्रक्चर को सुदृढ करने और उद्यमियों को सुरक्षा के साथ नीतियों में लचीलापन जरूरी है। उन्होंने कहा दूसरे राज्यों में इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष जोर दिया जा रहा है। साथ ही वहां उद्योग लगाना आसान है। सरकार खुद जमीन अधिग्रहण कर उद्यमियों को देती है, जिससे उद्योग लगाना आसान होता जा रहा है। श्री बेहरा ने झारखंड की औद्योगिक राजधानी आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया की दुर्दशा पर बताया दूरदर्शिता की कमी के कारण आज आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। जगह- जगह सड़कों की खुदाई के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। बाहर से आने वाले वाहनों की पार्किंग सुनियोजित तरीके से नहीं होने के कारण समस्याएं धीरे- धीरे विकराल होती जा रही है। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने बताया बीते दिनों इस मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री से वार्ता हुई थी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भरोसा दिलाया कि जल्द ही इंडस्ट्रियल एरिया को लेकर विस्तृत प्लान तैयार की जायेगी। श्री बेहरा ने कहा मोमेंटम झारखंड पूर्व की रघुवर सरकार के कार्यालय में शुरू किया गया था। वह बगैर प्लानिंग के साथ किया गया प्रयोग बताया। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार के इस अभियान का हिस्सा वे भी थे। लेकिन इतनी बुरी तरह यह अभियान फ्लॉप होगा इसका अंदाजा उन्हें नहीं था। इसके पीछे उन्होंने तीन कारण बताये। उन्होंने कहा कि सरकार को प्रयास करना होगा जो कंपनियां पहले से संचालित हो रही हैं उन्हें प्रिविलेज देने की आवश्यकता है। देश के दूसरे राज्यों से आने वाले उद्योगों को ग्रीन कारपेट देना होगा। नये उद्योगों को प्रश्रय देने की जरूरत है। एयरपोर्ट के सवाल पर श्री बेहरा ने कहा एसिया के दूसरे सबसे बड़े इंडस्ट्रियल सेक्टर आदित्यपुर है। दुनिया की सबसे बड़ी स्टील उत्पादन कंपनी टाटा स्टील है। ऐसे औद्योगिक इकाइयों के होने के बावजूद यहां एयरपोर्ट ना होने पर उन्होंने चिंता जताई। उन्होंने कहा जब वे सीआईआई के अध्यक्ष थे तो कई बार उचित प्लेटफार्म पर इस मुद्दे को उठाया था। लेकिन हर बार नतीजा सिफर रहा। परिणाम स्वरूप आज भी एक मुद्दत से एयरपोर्ट के लिए कोल्हान की भूमि तरस रही है। उन्होंने कहा इसका सदैव उन्हें मलाल रहेगा। वैसे आरएसबी ग्रुप वर्तमान समय में 6000 से भी अधिक लोगों को सीधे रोजगार मुहैया करा रही है। आदित्यपुर के साथ कंपनी देश के कयी राज्यों से होते हुए विदेशों तक कारोबार फैल चुके हैं। श्री बेहरा ने कहा यहां के युवाओं को दक्ष कर उन्हें हर कसौटी पर अपनी प्रतिभा बिखेरने के लिए तैयार किया जा रहा है। आने वाले दिनों में इलेक्ट्रिक व्हीकल सेक्टर में उतरते ही व्यापक स्वरूप देखने को मिलेगा, जिसके लिए एक इजरायली कंपनी से टाइप भी किया जा चुका है। आने वाले दिनों में और युवाओं को रोजगार से जोड़ा जायेगा।

# सोनारी क्लब हाउस प्रेक्षागृह में हुई शांति समिति की बैठक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** सोनारी थाना अंतर्गत कगलनगर कल्ब हाउस प्रेक्षागृह में शांति समिति की बैठक सोनारी थाना प्रभारी विष्णु रावत के अध्यक्षता में आयोजित की गयी। शुक्रवार को आयोजित बैठक में बकरीद पर्व शांति और भाईचारे के साथ मनाने पर चर्चा की गयी। मौके पर एडीसी सौरभ कुमार ने कहा सभी पर्व उल्लास का प्रतीक होता है। पर्व शांति खुशहाली से मनाए। मौके पर शांति समिति के सचिव सुधीर कुमार पप्पू ने भाईचारे एवं सद्भावना पूर्वक पर्व को मनाने की अपील की। वही सोनारी थाना प्रभारी विष्णु रावत ने कहा आपसी भाईचारे सौंदर्यपूर्ण वातावरण को बिगाड़ने का अगर कोई असामाजिक तत्व प्रयास किया तो प्रशासन ऐसे तत्वों के साथ सख्ती से पेस आएगी। इस अवसर पर शांति समिति के सदस्यों ने अपनी समस्या प्रशासन के सामने रखा। बैठक में संजय यादव, मनदीप सिंह, बब्बन शुक्ला, त्रिभुवन यादव, बंटी शर्मा, संतोष सिंह, प्रदीप लाल, श्याम सुंदर शर्मा, गौतम, विजय, मोहम्मद आजाद, मोहम्मद शाहिद, चरणजीत सिंह, सतवीर सिंह, राहुल भट्टाचार्जी, हर्ष नायडू, संतोष जैन, दीपक यादव, कविं बेहरा, प्रेमनाथ सिंह, मनीष सिंह,पी के डे, मनोज गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# कंपनी के कर्मचारियों ने जिला प्रशासन से लगायी न्याय की गुहार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के गम्हरिया स्थित आईकॉनिक सॉल्यूशन एलएलसी कंपनी के कर्मचारियों ने कंपनी के सीईओ पंकज अक्षय पर गंभीर आरोप लगाया। शुक्रवार को कंपनी में कार्यरत 30 से ज्यादा कर्मचारी आदित्यपुर थाना पहुंचकर कंपनी के खिलाफ आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगायी। उन्होंने कहा कि आईकॉनिक सॉल्यूशंस एलएलसी कंपनी में कर्मचारी को बिना नोटिस दिए हुए नौकरी से निकाल दिया गया। बकाया पैसे का भी भुगतान नही किया गया, जिससे कर्मचारियों में काफी आक्रोश है। उन्होंने बताया कि बीते 15 से 20 दिनों में कंपनी के एचआर आयुषी पल्लीवार ने बिना कारण का 30 से भी अधिक कर्मचारी को अचानक नौकरी से निकाल दिया, जिसके कारण मजदूरों के परिवार में भरण-पोषण की समस्या उत्पन्न होने लगी है। उन्होंने कहा कंपनी प्रबंधन के द्वारा छोटी चीजों पर समस्या उत्पन्न कर कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया जा रहा है। जबकि कंपनी के कर्मचारी लगातार ससमय काम में उपस्थित रहते है। एचआर आयुषी पल्लीवार से बात करने पर उन्होंने उल्टा कर्मचारियों को खरी खोटी सुनाती है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया आईकॉनिक सॉल्यूशन एलएलसी कंपनी में 23 से 24 दिनों की सैलरी भी सभी कर्मचारी का रोक दिया गया।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपने को पूरा कर रहे पीएम : विद्युत वरण महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** साकची जिला भाजपा कार्यालय में भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष, प्रखर राष्ट्रवादी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि भाजपाइयों ने बलिदान दिवस के रूप में मनाया। शुक्रवार को महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में सांसद विद्युत वरण महतो शामिल हुए। मौके पर सभी भाजपा नेताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्यों सहित पूर्व जिलाध्यक्ष व भाजपा कार्यकताओं ने डॉ मुखर्जी के बलिदान को स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा आज हम ऐसे महापुरुष का बलिदान दिवस मना रहे हैं जिन्होंने एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलने का नारा दिए थे। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सरकार में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के अखंड भारत की सपने को उनके बताए हुए रास्ते पर चल कर पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। सांसद श्री महतो बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहल पर जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए अनुच्छेद 370 और 35ए को समाप्त करने की प्रेरणा का बीजारोपण किया गया। जम्मू-कश्मीर को एक करने के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने सात दशक पहले जो सपना देखा थास सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक राष्ट्र -एक संविधान बनाकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि दी।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### सीएस ने सीएचसी में टीवी के 37 मरीजों के बीच फूड बास्केट का किया वितरण



**धुरकी (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिले के सिविल सर्जन डॉ अनील कुमार ने धुरकी प्रखंड मुख्यालय स्थित सीएचसी धुरकी में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ दिनेश कुमार की मौजूदगी में टीबी बिमारी से ग्रसित और गोद लिए हुए कुल 37 मरीजों के बीच शुक्रवार को फूड बास्केट का वितरण किया। इस दौरान सीएस ने टीबी मरीजों को नियमित खान-पान के अलावा फूड बास्केट में प्रोटीन से भरपूर सरसों तेल, गुड़, मूंगफली, मूंग दाल, आलू, चना का सत्तू वितरित किया। उन्होंने कहा कि टीबी का संक्रमण कुपोषण से ग्रसित शारीरिक कमजोर लोगों को आसानी से हो जाता है। उन्होंने कहा कि टीबी बिमारी अब लाइलाज नहीं है, टीबी की बिमारी से ग्रसित मरीज को शत-प्रतिशत ठीक और स्वस्थ रखने के लिए कारगर मेडिसीन उपलब्ध है। जो बिना किसी भी शुल्क के यह मेडिसीन सरकारी अस्पताल में मिल जाती है। टीबी की बिमारी से ग्रसित लोग बेझिझक सरकारी अस्पताल में आएं उनका समुचित इलाज के साथ प्रोटीन से भरपूर खाने-पीने के अलावा उन्हें ठीक होने तक प्रोटीन युक्त चीजें अपने भोजन में शामिल करने के लिए सरकार पैसा भी उपलब्ध कराती है। मौके पर अवधेश कुमार, जिला मलेरिया पदाधिकारी दिनेश कुमार सिंह, डीपीएम प्रवीण कुमार सिंह, डीपीसी पुरसेश्वर मिश्रा, डॉ गौतम यादव, डॉ आलोक पांडेय, एनआरएचएम के मृगेंद्र कुमार, नेत्र सहायक प्रकाश पांडेय, गार्ड आलोक यादव सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### पिकअप वाहन की चपेट में आकर बच्ची की मौत, ग्रामीणों ने की सड़क जाम



**बड़गड़ (आजाद सिपाही)।** भंडरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़गड़ प्रखंड के परसवार गांव में गुरुवार की सुबह दूध ढोने वाले एक पिकअप वाहन की चपेट में आकर एक छह वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। मृतक बच्ची परसवार गांव निवासी स्व. फैजान अंसारी की पुत्री सना प्रविण बताई गई है। जानकारी के अनुसार पिकअप वाहन नं. जेएच03 एएच 4806 बड़गड़ से टेहरी की ओर जा रहा था। इस बीच परसवार मस्जिद मोड़ के पास सड़क के किनारे चल रही उक्त बच्ची को कुचल कर तेज गति से फरार हो गया। उसके बाद वाहन चालक टेहरी निवासी बुधन यादव के घर के पास वाहन खड़ा कर भाग गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने उक्त वाहन का पीछा कर वाहन को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही मृतका के परिजन व ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग को लेकर बड़गड़-टेहरी मुख्य पथ को घटनास्थल के पास शव को रखकर जाम कर दिया। घटना के तीन घंटे बाद बड़गड़ बीडीओ विपिन कुमार भारती व भंडरिया अंचल पदाधिकारी मदन महली घटनास्थल पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा कर शांत किया। बीडीओ ने तत्काल सहयोग के रूप में मृतक की मां हबीबा बीबी को नगद पांच हजार रुपए व पचीस किलो चावल प्रदान किया। साथ ही सीओ ने नगद तीन हजार रुपए देकर आर्थिक मदद की। पदाधिकारियों ने मृतक के परिजनों को सरकारी प्रावधान के तहत उचित मुआवजा दिलाए जाने की बात कही, तब जाम हटाया गया।

### 132 केवीए टावर खड़ा कराने में जुटा है बिजली विभाग : नशीम अख्तर



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बिजली की समस्या से जूझ रहे गढ़वा वासियों को राहत पहुंचाने के लिए बिजली विभाग की टीम लगी हुई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए झामुमो के विधायक प्रतिनिधि नसीम अख्तर ने बताया कि जिला मुख्यालय से सटे मेड़ना कला गांव के समीप सोन नदी के किनारे 26 मई को बिजली प्रवाहित 132 केवीए बिजली का टावर तेज आंधी के कारण गिर कर क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके कारण शहर में बिजली आपूर्ति बाधित हुई। जिसके बाद बुधवार को दोपहर वैकल्पिक व्यवस्था में भी जपला के आसपास 132 केवीए का तार गिर जाने के कारण शहर में बिजली की समस्या पुनः उत्पन्न हो गई। जिसके बाद झामुमो नेता नसीम अख्तर एवं कंचन साहू ने स्थानीय विधायक पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर से बातचीत कर अविलंब शहर में बिजली आपूर्ति बहाल करने को लेकर व्यवस्था कराई। उन्होंने कहा कि मेढ़ना कला में गिरे 132 केवीए के टावर को दुरुस्त करने के लिए लगातार मिस्त्री कार्य कर रहे हैं। आने वाले 15 से 20 दिनों के अंदर टावर को मरम्मत कर शहर में पुनः निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति बाधित होने से शहर नहीं पूरे जनता की हाल बेहाल है। जिसे पूरा करने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रतिनिधि व पदाधिकारी लगे हुए हैं। जल्द ही शहर में निर्बाध रूप से बिजली शुरू कर दिया जाएगा।

**कार्यक्रम :** जिला भाजपा कार्यालय में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनायी गयी

# डॉ मुखर्जी के मार्ग पर चल कर ही संगठन के नीति सिद्धांत को समझा जा सकता है : हरेंद्र दुबे

**डॉ मुखर्जी ने जनसंघ काल में काफी संघर्षों के दम पर संगठन को खड़ा करने का काम किया है : संतोष दुबे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** भाजपा जिला कार्यालय में जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनायी गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र दुबे ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व्यक्ति नहीं विचार थे। उनके मार्ग पर चलकर ही संगठन के नीति सिद्धांत को समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि भाजपा एक लोकतांत्रिक पार्टी है, जहां एक छोटा कार्यकर्ता भी अच्छा स्थान प्राप्त कर सकता है। भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी बनाने में श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे लोगों की अहम भूमिका रही है।

भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस जिले भर के सभी मंडल में बूथ स्तर पर मनाया गया। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ काल में काफी संघर्षों के दम पर संगठन को खड़ा करने का काम किया है। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी कुशल शिक्षाविद व संगठनकर्ता थे। उन्होंने एक-एक कार्यकर्ता को खड़ा कर संगठन में अच्छे विचार को समाहित किया था। जिसके फलस्वरूप आज भाजपा राष्ट्रवादी संगठन के रूप में बटवृक्ष बनकर खड़ी है। भाजपा ने देश को एक कुशल प्रधानमंत्री दिया है, जो विश्व का नेतृत्व कर रहे हैं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व जिलाध्यक्ष विनोद तिवारी, भाजपा नेता बृजेन्द्र पाठक, जिला कार्यसमिति सदस्य सुप्रीत केशरी, मीरा यादव, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, उपाध्यक्ष अविनाश पासवान, महामंत्री विकास तिवारी, महिला मोर्चा मंत्री पार्वती सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, यशवंत मिश्रा, भाजयुमो गोवावल मंडल अध्यक्ष विकास तिवारी, रामसकल कोरवा, राजीव रंजन पासवान, बिपिन तिवारी, मनोज पाठक, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, आनंद धर दूबे, रिंकू तिवारी, नितेश पटेल, राम उनय तिवारी, ओमप्रकाश पासवान, विश्वनाथ राम, टुनू बाबा सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।

### भंडरिया भाजपा कार्यालय में मनी डॉ मुखजी की पुण्यतिथि



**भंडरिया (आजाद सिपाही)।** स्थानीय भाजपा कार्यालय में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी गढ़वा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं के द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनका बलिदान दिवस मनाया गया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश्वर ठाकुर सांसद प्रतिनिधि रूप निरंजन सिन्हा, भूषण सिंह, अनिल केसरी, सत्यनारायण गुप्ता, रामजी ठाकुर, देवसागर दीक्षित सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ससुराल में महिला की संदेहास्पद स्थिति में मौत

**मृतका के पिता ने हत्या के आरोप में पति, ससुर व सास के खिलाफ दर्ज करायी प्राथमिकी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**कांडी।** थाना क्षेत्र के सरकोनी पंचायत अन्तर्गत मझिगांवा गांव निवासी आलोक कुमार ठाकुर की 30 वर्षीया पत्नी संजू देवी की मौत गुरुवार की रात्रि में संदेहास्पद स्थिति में हो गयी। शुक्रवार को पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया है।

महिला के पिता लखन ठाकुर ने अपनी पुत्री की हत्या करने का आरोप ससुराल वालों पर लगाया है। हत्या करने का आरोप लगाते हुए थाना में आवेदन दिया गया है।

मृतका संजू देवी के परिजनों ने बताया कि 2005 में लड़की की शादी मझिगांवा गांव निवासी आलोक कुमार ठाकुर से हिन्दू रीतिरिवाज के अनुसार दान दहेज देकर किये थे। मृतका के दो पुत्र भी हैं।


लड़की के पिता लखन ठाकुर ने बताया कि मेरी लड़की को लाठी-डंडा से मारकर और रस्सी से गल्ला घोंट कर मार दिया गया है। उन्होंने बताया कि मेरी लड़की से ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर बराबर मारपीट व प्रताड़ित करते थे। जिसके कारण पिछले लगभग एक वर्ष से अधिक समय से वह मायके में रह रही थी। लड़की का पति आलोक ठाकुर बाहर काम करता है। इन दिनों वह घर आया हुआ था। बुधवार को उसने फोन कर मेरी लड़की को घर बुलाया था। गुरुवार को वह ससुराल आकर गहना कपड़ा मांग कर ले गया था और रात्रि में सभी ने मिलकर लड़की की हत्या कर दी। लड़की के पिता ने आरोप लगाते हुए कहा कि दहेज में 2.25 लाख नगद दिया गया था। जबकि 2.50 लाख की और मांग की जा रही थी। नहीं देने पर हत्या कर दी गयी। मृतका के गले पर रस्सी के निशान देखे गये हैं।

एसआई सुमन कुमार शर्मा, महिला कांस्टेबल माया कुमारी व अन्य दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिये गढ़वा भेज दिया है। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि मृत्यु का कारण क्या है। पुलिस जांच कर रही है।

## पुत्री की हत्या के बाद न्याय के लिए दर-दर भटक रहा एक पिता

**प्राथमिकी दर्ज होने के बाद सुलह करने के लिए ससुराल पक्ष से दी जा रही है धमकी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मझिआंव।** बरडीहा थाना क्षेत्र के ग्राम ललगाड़ा में 3 जून को विवाहिता पुत्री रीना देवी की हत्या हो जाने के 20 दिन बाद भी न्याय नहीं मिलने पर कांडी थाना क्षेत्र के चटनिया टोला कुशवाडेरा निवासी मृतका के पिता इंद्रदेव यादव ने पुलिस निदेशक रांची, पुलिस उपनिरीक्षक पलामू, आरक्षी अधीक्षक गढ़वा एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन के माध्यम से इंद्रदेव यादव ने कहा है कि मेरी पुत्री रीना देवी के ससुराल वालों के द्वारा दहेज के लिए हत्या करने के संबंध में बरडीहा थाना कांड संख्या 32/23 दिनांक 5 जून 2023 को धारा 304 बी भादवि के अंतर्गत अभियुक्त पति अखिलेश यादव, पिता मोहर यादव, ससूर मोहन यादव, पिता स्व. हरहंगी यादव एवं सास मनमतिया देवी, पति मोहर यादव तीनों ग्राम लालगड़ा, थाना बरडीहा के ऊपर प्राथमिकी दर्ज की है। जबकि घटना दिनांक 3 जून की है, परंतु पुलिस द्वारा 5 जून को प्राथमिकी दर्ज हुई है। अभी तक बरडीहा थाना पुलिस ने किसी भी अभियुक्त को गिरफ्तार नहीं किया है। अभियुक्तगण सरेआम घूम रहे हैं तथा केस में सुलह करने का दबाव बना रहे और धमकी दे रहे हैं। शुक्रवार को इंद्रदेव यादव ने बताया कि हम गरीब व्यक्ति अपनी पुत्री की हत्या हो जाने पर न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं लेकिन पुलिस के द्वारा अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। साथ ही कहा कि मेरी पुत्री का पति, ससुर एवं सास के द्वारा बराबर दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। जिसमें एक मोटरसाइकिल एवं एक लाख रुपए की मांग की जा रही थी। 3 जून की रात में हत्या कर दी गई और हमें कोई जानकारी नहीं दी गई। किसी तरह हमें दिन के 8 बजे के बाद मालूम चला, जब वहां गया तो पुलिस के द्वारा पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा था। जबकि पुत्री के साथ मारपीट कर हत्या की गई थी। शरीर के कई भाग में चोट के भी निशान थे। उसके बाद 3 जून को प्राथमिकी दर्ज नहीं करते हुए बरडीहा थाना में 5 जून को प्राथमिकी दर्ज की गयी। इस संबंध में थाना प्रभारी संतोष कुमार पांडे ने बताया कि केस का अनुसंधान चल रहा है।

## आदिम जनजाति परिवार के लाभुकों को शत प्रतिशत सरकारी योजना से जोड़ें : उपायुक्त



**रमकंडा प्रखंड क्षेत्र के विकास को लेकर उपायुक्त ने बैठक में दिए कई निर्देश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित सभागार में शुक्रवार को उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में गढ़वा जिला के रमकण्डा प्रखण्ड क्षेत्र के समेकित विकास को लेकर बैठक की गयी। बैठक में उपायुक्त ने रमकंडा क्षेत्र की आबादी एवं क्षेत्र के लाभुकों को अब तक दिए गए सरकारी योजनाओं के लाभ की सम्पूर्ण जानकारी संबंधित बीडीओ से ली एवं कई आवश्यक निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने रमकंडा प्रखंड क्षेत्र के विशेषकर आदिम जनजाति परिवार के लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर शत प्रतिशत सरकारी योजना के लाभ से जोड़ने का निर्देश दिया। क्षेत्र में ससमय राशन वितरण, पेयजल, शौचालय, आवास, शिक्षा, केसीसी ऋण, सर्वजन पेंशन, कन्यादान योजना, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पशु शेड समेत अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा मनरेगा के तहत क्षेत्र में अधिक से अधिक पौधरोपण करने का भी निर्देश दिया गया।

बैठक में उपायुक्त ने सभी वरीय पदाधिकारियों को ससमय क्षेत्र भ्रमण एवं निरीक्षण करने का निर्देश दिया। उन्होंने पदाधिकारियों को पंचायत भवन का निरीक्षण कर बॉयोमेट्रिक अटेंडेंस की जांच का भी निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, गढ़वा राजेश कुमार राय, अनुमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा राज महेश्वरम, अनुमण्डल पदाधिकारी, रंका, राम नारायण सिंह, अनुमण्डल पदाधिकारी, श्री बंशीधर नगर, आलोक कुमार, स्थापना उप समाहर्ता, अरुण उरांव, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, विकास कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, पूर्णिमा कुमारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, नीलेश कुमार मुर्मू, जिला योजना पदाधिकारी, सजीव कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-अंचल अधिकारी रमकंडा, पुष्कर सिंह मुंडा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पंसस की बैठक में 20 सूत्री प्रस्ताव पारित



**सगमा (आजाद सिपाही)** प्रखंड सभागर कक्ष में शुक्रवार को पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में 20 सूत्री प्रस्ताव पास किया गया। इस दौरान अनुपस्थित रहने वाले विभागों से स्पष्टीकरण मांगने का निर्णय लिया गया। बीडीओ सत्यम कुमार की उपस्थिति व प्रमुख अजय साह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सर्वप्रथम स्वस्थ्य से संबंधित चर्चा के बाद सगमा गांव में आठ वर्ष पूर्व 22 लाख की लागत से निर्मित अस्पताल भवन को चालू करने का प्रस्ताव पास कर जिला में भेजने के प्रस्ताव पर मुहर लगी, जबकि उपस्वास्थ्य केंद्र विहीन बीरबल व कटहर कला पंचायत में अस्पताल निर्माण पर प्रस्ताव लाया गया। जबकि उपस्थित सदस्यों ने मनरेगा, बाल विकास, खाद्य आपूर्ति, कल्याण विभाग कृषि विभाग से संबंधित प्रश्न पूछने पर इससे संबंधित प्रस्ताव लाया गया। साथ ही प्रखंड के सड़क विहीन सात प्राथमिक विद्यालय को सड़क से जोड़ने का निर्णय लिया गया। मौके पर उप प्रमुख अर्जुन पासवान, जिपस प्रतिनिधि नन्दगोपाल यादव, पंचायती राज प्रभारी सूर्यदेव सिंह, कृषि पदाधिकारी सुरेंद्र ठाकुर, सहायक अभियंता उज्वल अग्रवाल, बीपीओ प्रभास पांडेय, सेंट्रल बैंक सगमा से उमा संकर प्रसाद, प्रखण्ड समन्वयक दीपक कुमार, प्रधानमंत्री आवास समन्वयक राजदेव सिंह के साथ सभी पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे।

### दुर्घटना में नामधारी कॉलेज के अनुसेवक की मौत

**मेराल (आजाद सिपाही)।** गढ़वा-मझिआंव मुख्य सड़क पर मेराल थाना क्षेत्र के औरैया मोड़ के पास शुक्रवार की दोपहर में एक बस की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार नामधारी कॉलेज के अनुसेवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मृतक राधेश्याम राम (52) गढ़वा के नामधारी कॉलेज में अनुसेवक के पद पर कार्यरत थे। वह बाइक से अपने घर मझिआंव थाना क्षेत्र के कर्मडीह गांव जा रहे थे, इसी बीच औरैया मोड़ के पास मझिआंव से गढ़वा की ओर आ रही एक सवारी बस नं. जेएच03 जी 2440 की चपेट में आ गए। जिससे उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। दुर्घटना के बाद ड्राइवर बस लेकर भागने का प्रयास किया, परंतु स्थानीय ग्रामीणों ने पीछा करते हुए पचफेड़ी मोड़ के पास बस को पकड़ लिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस अवर निरीक्षक अजीत कुमार, एएसआई आशीर्वाद महतो एवं सत्येंद्र चौबे दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। जबकि दुर्घटनाग्रस्त बाइक तथा बस को मेराल थाना ले गयी है।

**कार्यक्रम :** राधा पार्वती एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट ने जेईई-एडवांस की सफल छात्राओं को किया सम्मानित

## सीमित संसाधन में भी यहां के विद्यार्थी बेहतर कर रहे हैं : डॉ पतंजलि केसरी

**सेल्फ स्टडी की बदौलत छात्राओं की यह सफलता गौरवान्वित करने वाला है : सरयू प्रसाद केसरी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं होता, एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारो। इस पंक्ति को सही मायने में चरितार्थ कर दिखाया है गढ़वा की दो बेटियों ने। जिनका नाम है अलीशा खातुन और धारा सोनी। अलीशा खातुन और धारा सोनी ने जेईई-एडवांस 2023 की परीक्षा में सफलता अर्जित की है। उनकी इस सफलता पर राधा पार्वती एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए ट्रस्ट के निदेशक डॉ पतंजलि केसरी ने कहा कि सीमित संसाधन में भी यहां की होनहार छात्र-छात्राएं बेहतर कार्य कर रहे हैं। हमें इन पर गर्व है। सामान्य परिवेश में पली-बढ़ी और घर में रहकर ही पढ़ी इन छात्राओं से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा लेने की जरूरत है। डॉक्टर केसरी ने दोनों छात्राओं को मोमेंटो देकर सम्मानित किया और भविष्य में जरूरत पड़ने पर यथासंभव सहयोग करने की भी बात कही। उन्होंने सफल बच्चों के माता-पिता को बधाई देते हुए इसी तरह मार्गदर्शन देते रहने की बात कही। सरयू प्रसाद केसरी ने कहा कि यह छात्रों के लगातार मेहनत का परिणाम है। सेल्फ स्टडी के बदौलत छात्रों की यह सफलता गौरवान्वित करने वाला है। हम इनके सुखद भविष्य की कामना करते हैं। डॉ इश्तेयाक रजा ने भी सफल छात्राओं एवं उनके माता-पिता का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

शहर के उंचरी स्थित शरीफ नगर निवासी वकील अहमद सिद्दीकी की पुत्री आलिशा खातुन ने कहा कि उनकी पढ़ाई में पैसा कभी बाधा नहीं बनी। आर्थिक स्थिति से कमजोर छात्र भी अपना यह सपना पूरा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि किसी छात्र-छात्रा को इस क्षेत्र में अनुभव की जरूरत हो तो वह शेयर करने के लिए तैयार हैं।

शहर के मेन रोड निवासी प्रवीण सोनी की पुत्री धारा सोनी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता सहित परिवार के लोगों और शिक्षकों को दिया है। धारा सोनी को जेईई एडवांस 2023 में ओबीसी एनसीएल कैटेगरी में 8284वां रैंक प्राप्त हुआ है।

मौके पर ओंकारनाथ केसरी, सुभाष प्रसाद केसरी, मनीष केसरी, रमेश कश्यप, पंचम सोनी, अब्दुल मन्नान, श्याम नारायण पांडेय, दामोदर राम, मोहम्मद इकराम, नीरज श्रीधर स्वर्गीय, भरत प्रसाद केसरी सहित सफल छात्राओं के अभिभावकगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## प्रखंड, अंचल और नगर पंचायत में भ्रष्टाचार को लेकर प्रखंड समन्वय समिति का किया गया गठन

**जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र कुमार सिंह बने अध्यक्ष**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मझिआंव।** प्रखंड प्रमुख कार्यालय में एक बैठक कर प्रखंड, अंचल एवं नगर पंचायत में भ्रष्टाचार, कालाबाजारी एवं जनता पर हो रहे अत्याचार को लेकर प्रखंड समन्वय समिति का गठन किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र कुमार सिंह के द्वारा की गई। जिसमें सर्वसम्मति से प्रखंड समन्वयक समिति का विस्तार करते हुए धर्मेंद्र कुमार सिंह जिला परिषद सदस्य को अध्यक्ष, संजय कमलापुरी विधायक प्रतिनिधि को उपाध्यक्ष, प्रेम शंकर पाठक प्रमुख प्रतिनिधि को सचिव, संजन कुमार सिंह, कुलेश्वर राम उप प्रमुख प्रतिनिधि को संरक्षक के रूप में चयन किया गया। इसके बाद उपरोक्त समन्वय समिति का गठन करते हुए व्याप्त भ्रष्टाचार पर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया गया और भविष्य में प्रखंड, अंचल एवं नगर पंचायत में पदाधिकारियों के द्वारा मनमानी तरीके से चलाए जा रहे कार्यों पर चर्चा की गई। जिसमें प्रखंड समन्वय समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह के द्वारा जानकारी दी गई कि नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा मनमाने तरीके से चार माह पहले बनी सड़क को तोड़कर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। आवास लाभुकों से पैसा की उगाही की जा रही है। यदि इस तरह की मनमानी नहीं रुकी तो आंदोलन भी किया जाएगा।

## तमाड़ विधायक ने पक्की नाली निर्माण कार्य की आधारशिला रखी



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** तमाड़ विधायक विकास कुमार मुंडा ने शुक्रवार को बुंडू प्रखंड स्थित लोटेहातू गांव में झारखंड सरकार के जल संसाधन विभाग की लघु सिंचाई छोटी प्रमंडल के मध्यम सिंचाई योजना के तहत पक्की नाली निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। जिसकी प्राक्कलित राशि लगभग 98 लाख रुपए तथा लम्बाई 870 मीटर है। इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि पक्की नाली से खरीफ फसल को लाभ मिलेगा। सिंचाई योजना को भी प्राथमिकता दी गई है। ग्रामीणों की विभिन्न मांगों पर विधायक ने रूबरू होते हुए यथाशीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर शिवनाथ मुंडा, मनोज मंडल, फेकला गोंझू, प्रदीप मुंडा, अरविंद कुमार, मुन्ना महतो, उमेश महतो, पाहन बुद्धू मुंडा, रघुनाथ मुंडा, छुटू मुंडा, वार्ड सदस्य आशा देवी के अलावा आसपास के ग्रामीण मौजूद थे।

## स्कूल रूआर 2023 प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड सभागार में स्कूल रूआर 2023 प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें मुख्य अतिथि बीडीओ, जिला परिषद तमाड़ तथा मुखिया उपस्थित हुए।

## तमाड़-खूंटी सड़क पर नयी चेसिस गाड़ियों में डीजल कटिंग जोरों पर

**अड़की (आजाद सिपाही)।** तमाड़-खूंटी सड़क पर सिदरी गांव के निकट नयी चेसिस गाड़ियों मे डीजल कटिंग जोरों से चल रही है। आज सुबह ग्रामीणों ने कई गाड़ियों को पकड़कर पुलिस को सौंपा। लेकिन गाड़ी मालिकों का केश करने से इन्कार करने पर छोड़ दिया गय। पुलिस ने बताया कि एक सनहा दर्ज किया गया है। इसमें स्थानीय लोगों की मिलीभगत से चालक तेल कम कीमत पर बेचते हैं और स्थानीय लोग अधिक कीमत पर बेचते हैं। यह धंधा बेरोक-टोक जारी है।

## बारेंदा के जेएस पब्लिक स्कूल के छह बच्चों का चयन झारखंड उत्कृष्ट विद्यालय में

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय का निर्माण किया है। पहली बार उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन प्रक्रिया शुरू की गयी है। जिसमें सोनाहातू प्रखंड के बारेंदा स्थित जेएस पब्लिक स्कूल के अभिषेक यादव, तेजू सिंह मुंडा, कृष्णा पुराण, पूजा कुमारी, विशाल पुराण और सुमन कुमारी का झारखंड उत्कृष्ट विद्यालय में चयन हुआ है। इनके चयन पर विद्यालय के शिक्षक जयराम अहीर, राजकिशोर गोप, रघुनाथ मुंडा, शिक्षका मंजू देवी, रेखा देवी, खुशी कुमारी सहित विद्यालय के प्रबंधन समिति ने सभी को शुभकामनाएं दी हैं।

## ईचागढ़ थाना के नागासेरेंग में एनएच 33 पर ट्रेलर से टकरायी बोलेरो

**ईचागड़ (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 33 पर नागासेरेंग में शुक्रवार को सड़क पार करने के दौरान दो वाहन आपस में टकरा गए। रांची की ओर से जमशेदपुर की ओर जा रहे एक ट्रेलर चालक अपनी वाहन को नागासेरेंग के पास सड़क की दूसरी ओर पार करा रहा था। इसी क्रम में पीछे से तेज गति से जा रहे बोलेरो ट्रेलर से आगे निकलने के दौरान वाहन से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बोलेरों का आधा हिस्सा पूरी तरह ट्रेलर के अंदर घुस गया। इस दुर्घटना में बोलेरो सवार चालक बाल-बाल बच गया। दुर्घटना के बाद बोलेरो का चालक मौके से फरार हो गया।

## भाजपा बुंडू नगर मंडल ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनायी

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** भाजपा बुंडू नगर मंडल के द्वारा शुक्रवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में थाना टोली के सुबोध मुखर्जी के आवास पर मनायी गयी। साथ ही भाजपा के महाजनसंपर्क अभियान के तहत डोर टू डोर लोगों से चर्चा की गयी। इस अवसर पर बुंडू नगर मंडल के सभी बूथों के प्रभारी उपस्थित रहे। इस मौके पर रंजीत लहरी, विवेकानंद जयसवाल, आलोक दास, विवेक घोष, रितु कुमारी, अपुल राज सहित कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे।

## 12 जंगली हाथियों के दल से भयभीत रातजगा करने को विवश हैं दर्जनों गांव के ग्रामीण

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पिछले दो दिन से 12 जंगली हाथियों का दल बुंडू प्रखंड के सुमानडीह के जंगल में जमा हुआ था। हाथियों का दल शुक्रवार को कांची नदी पार कर ऐडकिया सिरकाडीह होते हुए चांचालू पहाड़ पहुंच गया है। जंगली हाथियों का दल पहुंचने से आसपास के दर्जनों गांव के लोग भयभीत हैं। ग्रामीण अपने बचाव में रातजगा कर पहरा दे रहे हैं। ग्रामीणों को डर है किसी व्यक्ति, घर एवं फसलों की क्षति होगी। जिसके बचाव में आसपास के एक दर्जन गांव के ग्रामीण लाइट, फटाखा और मशाल लेकर तैनात रहते हैं। वन विभाग के अधिकारी जंगली हाथियों को भगाने की दिशा में कोई सकारात्मक पहल नहीं कर रहा है। जिससे ग्रामीण खुद सुरक्षा का कमान संभाले हुए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार जंगली हाथियों का दल आकर किसानों की फसल, घर एवं लोगों को भी जानमाल की क्षति पहुंचाते हैं। जिस पर सरकार और वन विभाग गंभीर नहीं है। वन विभाग के अधिकारियों को रात में बुलाने पर नहीं पहुंचते हैं।

## कराटे एवं रग्बी के खिलाड़ियों ने खेल का प्रदर्शन कर मनाया अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला स्पोर्टस कराटे एसोसिएशन और जिला रग्बी एसोसिएशन खूंटी के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को स्थानीय लोयला हाई स्कूल प्रशिक्षण केंद्र में कराटे एवं रग्बी के खिलाड़ियों ने अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया । इस अवसर पर कराटे एवं रग्बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कराटे के खिलाड़ियों ने काता एवं कुमिते का शानदार प्रदर्शन किया वहीं रग्बी में ब्लैक हॉक क्लब एवं चैंपियंस विंग क्लब के बीच प्रदर्शनी मैच खेला गया, जिसमें चैंपियंस विंग की टीम ने ब्लैक हॉक को 30 - 25 के स्कोर से हराया। मौके पर संघ के अध्यक्ष हेजाज असदक ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस आयोजन में कराटे कोच बालाजी होरो, संतोष गोस्वामी, रग्बी कोच अभिषेक टूटी, संजय हेरेंज एवं केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रग्बी तथा कराटे के कई खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

**कार्यक्रम :** बलिदान दिवस के रूप में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनी

# डॉ मुखर्जी सही मायने में मानवता के उपासक - सिद्धांतवादी थे : कोचे मुंडा

**जिले के अलग-अलग जगहों पर भाजपा कार्यकर्ताओं श्रद्धासुमन अर्पित किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** भारतीय जनसंघ के सस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि शुक्रवार को बलिदान दिवस कें रूप में मनाई गई। जिले के अलग-अलग जगहों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉ मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व को नमन किया। तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने अपने पैतृक गांव ममरला स्थित बूथ में डॉ मुखर्जी को नमन करते हुए कहा कि उनका जन्म कोलकोता के एक प्रतिष्ठित परिवार में छह जुलाई 1901 में हुआ था। 1926 में वे बैरिस्टर बनकर स्वदेश आये और 33 वर्ष की उम्र में कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति बने। विधायक ने कहा कि डॉ मुखर्जी सही मायने में मानवता के उपासक और सिद्धांतवादी थे। उन्होंने कहा कि मुस्लिम लीग देश के वातावरण को दूषित कर रहा था। सांप्रदायिक ताकतों को ब्रिटिश हुकूमत समर्थन दे रही थी। उन्होंने बंगाल में हिंदुओं को जागृत करने का बीड़ा उठाया। इसकों लेकर उन्हें जेल की सजा भुतनी पड़ी। डॉ मुखर्जी ने अक्टूबर 1951 में भारतीय जनसंघ की संघ की स्थापना की। 23 जून 1923 को उनकी मृत्यु हो गई। मौके पर काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे। भाजपा गोविन्दपुर मंडल द्वारा जलंगा चौक में मंडल अध्यक्ष की अगुवाई में डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके द्वारा किये कार्यो को याद किया गया। मौके पर युवा मोर्चा अध्यक्ष विनय गुप्ता, महिला मोर्चा जिला महामंत्री सीमा देवी, सरस्वती देवी, जगरनाथ साहू, गजेंद्र सिंह, बिरेन साहू, शिवेश्वर साहू आदि उपस्थित थे। रनिया मंडल में भी मंडल अध्यक्ष निखिल कंडुलना के नेतृत्व में बलिदान दिवस मनाया गया।

## अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर प्रखंडस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रतियोगिता में 400 से अधिक बालक एवं बालिका एथलेटिक्स खिलाड़ी हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** चतरा जिला ओलंपिक एसोसिएशन एवं गणेश स्पोटिंग क्लब राय के तत्वाधान में षुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस पर 4 नम्बर मैदान बचरा में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में सीआईएसएफ के सहायक कमाण्डेंड संजय कुमार मीना तथा विशिष्ट अतिथि पिपरवार सीआईएसएफ इंस्पेक्टर कार्तिक कुमार, सीआईएसएफ इंस्पेक्टर सुमन तिवारी, सीआईएसएफ इंस्पेक्टर संतोष नेगी, पिपरवार थाना के सब इंस्पेक्टर रूपेश कुमार, बचरा मुखिया रीना देवी, राय पंचायत मुखिया षीला देवी एवं झारखंड पब्लिक स्कूल मोहननगर के प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार चैहान उपस्थित थे। प्रतियोगिता का उदघाटन सीआईएसएफ के एसिससेंट कमाण्डेंड संजय कुमार मीना के द्वारा फीता काट कर एवं हरा झंडा दिखाकर खिलाड़ियो के 1600 मीटर की दौड़ के साथ कराया। इस प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियो को मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस प्रतियोगीता मे 100 मीटर, 600 मीटर, 800 मीटर, 1600 मीटर दौड़, गोला फेक एवं चक्का फेक का इवेंट कराया गया। मौके पर गणेश स्पोटिंग क्लब राय के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो ने कहा कि प्रतियोगिता मे 400 से अधिक बालक एवं बालिका एथलेटिक्स खिलाड़ी शामिल हुए। वहीं प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता मे शामिल होने का अवसर मिलेगा। इस प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियो को चतरा एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सह उपाध्यक्ष चतरा जिला परिषद ब्रज किशोर तिवारी एवं चतरा ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव राकेश कुमार सिंह ने उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी। प्रतियोगिता को सफल बनाने वालों में गणेश स्पोटिंग क्लब राय के संस्थापक सह सचिव गणेश कुमार महतो, किरण देवी, मनोज यादव, चंदु कुमार, महेश कुमार, शैलेन्द्र कुमार, कृष्णा कुमार एवं आयुष कुमार का सरहानीय योगदान रहा।

**संत जोसेफ स्कूल मंडेर के खिलाड़ियों की टीम बनी ऑवर ऑल चैम्पियन**

प्रखंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में संत जोसफ स्कूल मंडेर के खिलाड़ियो ने दस गोल्ड मेडल, पांच सिल्वर एवं पांच ब्रोज मेडल जीतकर प्रतियोगिता के ऑवर ऑल चैम्पियन बने। वही गणेश स्पोटिंग क्लब राय के खिलाड़ियो ने 8 गोल्ड मेडल, 5 सिल्वर एवं 4 ब्रोंज मेडल जीत का प्रतियोगिता के उपविजेता रहे। साथ ही सरना अकादमी स्कूल के खिलाडियों ने कूल ग्यारह मेडल जीत कर तीसरे स्थान पर रहे।

## रेस परियोजना के तहत स्वच्छ ऊर्जा विषय पर कार्यशाला आयोजित

**स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण के लिए स्वच्छ ऊर्जा अपनाना जरूरी : मसीह गुड़िया**

आजाद सिपाही संवाददाता




**खूंटी।** डीआरडीए सभागार में यूरोपियन यूनियन और लीड्स के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को रेस परियोजना के तहत स्वच्छ ऊर्जा विषय पर जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, तोरपा के उप प्रमुख संतोष कर और सहायक परियोजना पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। लीड्स के डीपीएम अनंत कुमार तांती ने अतिथियों का स्वागत करते हुए रेस परियोजना के बारे में जानकारी दी। लीड्स के टेक्निकल एक्सपर्ट कुलदीप मेहता ने परियोजना द्वारा की जा रही गतिविधियों के बारे में बताया। मुख्य अतिथि जिला परिषद अध्यक्ष गुड़िया ने स्वच्छ ऊर्जा अपनाने पर जोर दिया। इसके तहत धुंआ रहित चूल्हे का उपयोग करने से महिलाओं के स्वास्थ्य के साथ साथ ईंधन की बचत और पर्यावरण संरक्षण होगा। इसके लिए हम सभी को पौधा रोपण पर जोर देना होगा। जिला पंचायती राज पदाधिकारी ने कहा कि अभी स्वच्छ ऊर्जा अपनाना बहुत ही जरूरी है। इसके लिए हमें अभी से शुरूआत कर देनी चाहिए। सहायक परियोजना पदाधिकारी अंजना बेदिया ने कुसुम योजना के तहत सोलर सिंचाई के बारे मे जानकारी दी। तोरपा उप प्रमुख संतोष कर, पिरामल फाउंडेशन के अधिकारी ने भी विचार व्यक्त किए। लीड्स के प्रखंड समन्वयक नंदलाल मांझी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर पंचायतों के मुखिया, युवा उद्यमी, स्वच्छ ऊर्जा समिति के सदस्य और महिला उद्यमी, लीड्स की निशा त्रिपाठी, ग्रेस तिड़ू, अर्चना नाग, सरिता कुमारी ने सहयोग किया।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## पिपरवार में भाजपा ने बलिदान दिवस के रूप में मनायी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में जनसंघ के संस्थापक और प्रखर राष्ट्रवादी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनायी गयी। इस अवसर पर भाजपा पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव मिश्रा के आवास पर आयोजित एक सादे कार्यक्रम में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अखंड भारत की परिकल्पना एवं कश्मीर के लिए अपना बलिदान दिया था। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि उनके द्वारा लगाया गया भाजपा रुपी वृक्ष आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनकर देश में सत्तासीन है, जहां विश्व के लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी की अगुवाई में देश के हर वर्ग का कल्याण हो रहा है। मौके पर पिपरवार मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार मिश्रा, महामंत्री राधा देवी, जिला मंत्री रीना देवी, सहसंयोजक संजय कुमार भोगता, उदय शर्मा, अजय रजक, भवानी देवी, अर्णव कुमार, ओम रजक, अनु कुमारी, अरविंद सिंह, विक्रम गंझू सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने डॉ मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी।

## यूकोवयू (एटक) एनके एरिया कमेटी की बैठक में मजदूरों की समस्याओं पर हुई चर्चा



**खलारी (आजाद सिपाही)।** यूनाइटेड कोल वर्कर यूनियन (एटक) एनके एरिया कमिटी की बैठक षुक्रवार को डकरा स्थित यूनियन के क्षेत्रीय कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष कृष्णा चैहान के द्वारा किया गया। बैठक के दौरान मुख्य रूप से क्षेत्र की विभिन्न जव्लन्त समस्याओं, मजदूरों की पदोन्नति, टेबल ट्रांसफर, यूनियन की सदस्यता तथा पिपरवार में हुई 22 दिनों के आंदोलन सहित अन्य समस्याओ पर चर्चा किया गया। वहीं उपस्थित सभी परियोजना षाखा सदस्यों ने भी बारी-बारी से अपनी बातों को रखा। जिसपर क्षेत्रीय सचिव प्रेम कुमार, क्षेत्रीय कार्यकारी अध्यक्ष दिनेश भर, सीताराम शाही ने सभी के प्रश्नों का उत्तर दिया और लोगो को भरोसा दिलाया की समस्या के समाधान हेतु जल्द ही एनके क्षेत्र के जीएम से मिलकर कर उचित पहल कराया जाएगा। बैठक में रामाशीष चैहान, अरबिंद कुमार, संजय प्रसाद, जितेंद्र सिंह, अशोक राम, आनंद तुरी, मनोज कुमार, रामेशेसर, राजू कुमार, भरत गंझू, तरुण प्रसाद, रामु, एतवा उरांव, बिरंचि कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मोटर में खराबी आने के कारण तीन दिनों से आवासीय कॉलोनी में पेयजलापूर्ति बाधित

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के आवासीय कॉलोनी में पिछले तीन दिनों से पेयजल आपूर्ति बाधित होने से कॉलोनी के लोग काफी परेशान हैं। आवासीय कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति बाधित होने से भीषण भरी गर्मी में लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। मिली जानकारी के मुताबिक पिपरवार इंटेकवेल में लगे मोटर में आई खराबी के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई। पिपरवार इंटेकवेल से ही पाइप लाईन के माध्यम से आवासीय कॉलोनी में पानी की सप्लाई की जाती है, लेकिन मोटर में अचानक खराबी आने के कारण बुधवार 21 जून की शाम से आवासीय कॉलोनी में पानी की सप्लाई पूरी तरह से बंद है। पिपरवार क्षेत्र के बसंत बिहार,अशोक विहार,आनन्द विहार, सीआईएसएफ कालोनी,वनबीआर कॉलोनी, 172 कॉलोनी,बिशुझापा कॉलोनी सहित अन्य कालोनियों में पेयजल आपूर्ति बाधित रहने से गर्मी के इस मौसम में लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है। सीआईएसफ कॉलोनी में एक भी चापानल और कुंआ नहीं रहने के कारण यहां पानी की ज्यादा समस्या उत्पन्न हो गई है,जिसके कारण यहां रहने वाले सीआईएसएफ के जवान और सीसीएल कर्मचारियों को परेशानी हो रही है। इधर जानकारी मिली है कि शुक्रवार की देर शाम तक इंटेकवेल का मोटर बनकर तैयार हो गया है। संभवत अनुमान लगाया जा रहा है कि शनिवार की सुबह से आवासीय कॉलोनी में नियमित पानी का सप्लाई शुरू हो जाएगा।

**हादसा :** केडीएच खदान से सटे जेहलीटांड़ में भू-धंसान से मकान क्षतिग्रस्त

# बाल-बाल बचे मकान में रह रहे लोग, घटना से लोगों में आक्रोश

**केडीएच खदान में ब्लास्टिंग के थोड़ी देर बाद धीरे धीरे आसपास की जमीन धंसने लगी और जमीन में दरार आने लगी थी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी प्रखण्ड के विश्रामपुर पंचायत के जेहलीटांड़ में सीसीएल एनके एरिया के केडीएच कोयला खदान से मात्र 50 मीटर दूरी पर शुक्रवार को भू-धसान की घटना हुई है। जिससे वहां स्थित एक मकान के दीवार, फर्श और आसपास के जमीन पर चैड़ी दरार आ गई। दरारें लगातार चैड़ी होती रहीं, जिससे घर की दीवार और फर्श बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना शुक्रवार अपराह्न तीन बजे की है।

भू-धसान के समय उस मकान में घर की मालकीन साइमुन खातून, सज्जाद अंसारी, मुस्तरी बेगम व छोटे बच्चे मौजूद थे। इधर अटना में सज्जाद के पैर में चोट लगी है। एक बच्चा डर से बेहोश हो गया। बताया गया कि अपराह्न ढाई बजे केडीएच खदान में ब्लास्टिंग की गई थी। थोड़ी देर बाद धीरे धीरे आसपास की जमीन धंसने लगी और जमीन में दरार आने लगी। दोपहर के समय उक्त मकान में महिलाएं बच्चे आराम कर रहे थे। घर की दीवार और फर्श फटते ही वहां अफरा तफरी मच गया। दीवार पर टंगा टीवी फर्श पर गिर पड़ा। मोबाइल दरार में समा गया। जमीन धंसने से घर के एक कमरे का दरवाजा खुलने के हाल में नहीं रहा। घटना की सूचना मिलते ही बस्ती व आसपास के लोग वहां जुट गए। आक्रोशित लोगों ने खदान का काम बंद करा दिया। लोग सीसीएल प्रबंधन के प्रति नाराज थे।

इधर घटना के बाद केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के अधिकारी व जवान घटनास्थल पर पहुंच गए। बस्ती के लोग केडीएच परियोजना पदाधिकारी व एनके एरिया महाप्रबंधक को बुलाने की मांग करने लगे। थोड़ी देर में केडीएच पीओ अनिल कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने क्षतिग्रस्त घर का मुआयना किया और परिवार के लोगों से बात की। इधर एकता मंच के सक्रिय कार्यकर्ता और साइमुन खातून के देवर नसीम अंसारी ने सीसीएल अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की बात कही है। वहीं घटनास्थल पर पहुंची खलारी पश्चिमी की जिप सदस्य सरस्वती देवी ने कहा है कि जबतक इन लोगों को मुआवजा नहीं मिल जाता खदान नहीं चलने दिया जाएगा।




भू-धसान के बाद घर में पड़ी दरारें तथा प्रबंधन से वार्ता करते घटना से आक्रोशित लोग।

## पूर्व की भूमिगत खदान पर हो रहा केडीएच खदान विस्तारीकरण

केडीएच खुली कोयला खदान का जेहलीटांड़ में जिस ओर विस्तारीकरण किया जा रहा है, वहां पूर्व में भूमिगत खदान था। बताया जाता है कि कोयला खानों के राष्ट्रीयकरण के पहले से जेहलीटांड़ में निजी कोयला मालिकों द्वारा भूमिगत खदान चलाया गया था। राष्ट्रीयकरण के करीब एक दशक तक सीसीएल द्वारा भी इस भूमिगत खदान को आगे बढ़ाया गया। जानकार बताते हैं कि जेहलीटांड़ के दक्षिण सोनाडुबी नदी के नीचे से आगे तक भूमिगत खदान फैला हुआ था। इसी भूमिगत खदान के उपर अनेक लोग घर बनाकर रह रहे हैं। खदान के विस्तारीकरण के जद में आने वाले लोग विस्थापन की मांग कर रहे हैं। सीसीएल की ओर से आवश्यक कागजात मांगे जा रहे हैं। सही कागजात जमा करने वाले कुछ लोगों को उनके घर का मुआवजा दिया जा चुका है।

## पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द उचित मुआवजा दे प्रबंधन: बिगन सिंह भोगता

रैयत विस्थापित मोर्चा ने जेहलीटाँड़ में हुई भू-धँसान की घटना पर पीड़ित परिवार को जल्द से जल्द उचित मुआवजा देने की मांग की है। मोर्चा के एनके एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता ने कहा कि मोर्चा एनके एरिया के रैयत विस्थापित एवं प्रभावित लोगों के साथ हमेशा खड़ा है। उन्होने कहा कि इस घटना पर प्रबंधन को गंभीरता से पहल करना चाहिए क्योंकि खदान के किनारे जो भी घर है उनके साथ इस तरह की घटना नही हो और उसके लिए प्रबंधन तुरंत पहल करे। उनका जो उचित मुआवजा है उन्हे दे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 24 जून, 2023
www.azadsipahi.in
09

## रिनपास मानसिक अस्पताल में 8 सूत्री मांगों को लेकर नर्सों ने किया प्रदर्शन



**कांके (आजाद सिपाही)।** रिनपास मानसिक अस्पताल में एवरग्रीन एजेंसी के तहत संविदा पर कार्यरत स्टाफ नर्सों ने अपनी 8 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। नर्सों की मुख्य मांगों में मानदेय को बढ़ाकर 35400 रुपए करने, मानदेय का नियमित भुगतान सहित कई मांगे शामिल हैं। उन्होंने प्रदर्शन के दौरान कहा कि 3 वर्ष पूर्व 54 नर्सों की नियुक्ति संस्थान में कार्य करने हेतु भारत सिक्योरिटी एजेंसी के तहत हुई थी। मानदेय 18000 रुपये से भी कम दिया जा रहा है। इपीएफ, एसआई की कटौती नियमित रूप से नहीं की जा रही है। कई माह से वेतन भी लंबित है। इस संबंध में स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि उप प्रमुख अंजय बैठा व रांची महानगर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जमील अख्तर के नेतृत्व में नर्सों ने रिनपास के मुख्य द्वार के समक्ष घंटों प्रदर्शन किया और अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। इनकी मांगों को लेकर जब उपप्रमुख अंजय बैठा और कांग्रेस नेता जमील अख्तर ने प्रभारी निदेशक जयती शिमलाई से इनके निदान हेतु मुलाकात करने गए तो प्रभारी निदेशक ने पंचायत प्रतिनिधियों और नर्सों से मुलाकात भी नहीं की। इस पर अंजय बैठा और जमील अख्तर ने प्रभारी निदेशक के रवैया को तानाशाही करार दिया और कहा कि भ्रष्टाचार चरम पर है कहा कि अगर नर्सों की मांगों पर शीघ्र विचार नहीं किया गया तो प्रभारी निदेशक को हटाने को लेकर भी आंदोलन किया जा सकता है। सभी नर्स अपनी जायज मांगों को लेकर आंदोलनरत हुए हैं।

## मुखिया पति के खिलाफ कटमकुली पंचायत के विकास कार्यों में अनियमितता को लेकर सौंपा ज्ञापन




**कांके (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के काटमकुली पंचायत की मुखिया अनिता देवी के पति शिवदयाल पहान के द्वारा विकास कार्यों में हस्तक्षेप किया जा रहा है। इसे लेकर काटमकुली पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने शुक्रवार को डीसी राहुल कुमार व बीडीओ शिलवंत कुमार भट्ट को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि मुखिया अनिता देवी घर पर रहती हैं। वहीं मुखिया पति शिवदयाल पहान पंचायत के विकास कार्यों की बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज कर दबंगई करते हैं। मुखिया पति शिवदयाल सरकारी दस्तावेजों पर अपनी पत्नी की हस्ताक्षर का नकल कर हस्ताक्षर करते हैं। 15वें वित आयोग अंतर्गत योजनाओं के अंतर्गत ग्राम प्रधान नहीं होने के कारण लाभुक समिति का चयन उनके घर पर वह स्वयं करते हैं। काटमकुली पंचायत के जनप्रतिनिधियों ने मुखिया पति द्वारा किये जा रहे नकली हस्ताक्षर की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। साथ ही ग्राम प्रधान का चुनाव कराने की मांग की है। मुखिया पति की अनियमितता को लेकर पंचायत के सभी जनप्रतिनिधि व ग्रामीण आक्रोशित हैं। इस मौके पर पंचायत के उपमुखिया अख्तर अंसारी सहित सभी वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

## टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज एवं सरस्वती विद्या मंदिर में स्व. आदित्य प्रकाश जालान की पुण्यतिथि मनी



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी के कुदलूम स्थित आदित्य प्रकाश जालान टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज एवं सरस्वती विद्या मंदिर में स्व. आदित्य प्रकाश जालान की पुण्यतिथि मनायी गी। इस अवसर पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव अजय कुमार तिवारी,नेत्र रोग चिकित्सक डॉ सुबोध कुमार सिंह और प्राचार्य डॉ रामकेश पांडेय ने मां सरस्वती और स्व. आदित्य प्रकाश के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद चिकित्सको की टीम ने नेत्र जांच प्रारम्भ किया जिसमें डॉ पलाश तायाल, ऑप्टिमिस्टिक सोनिता कुमारी,जहांगीर और सच्ची सदमनी का विशेष योगदान रहा। शिविर में 250 लोगों की आंख की जांच पर दवाई और सलाह दी। कार्यक्रम के आयोजन में जितेंद्र तिवारी, मोहित तिवारी,अमर पोद्दार,मोनिका जालान, प्रियंका जालान, मनोज जालान, डेजी लकड़ा, हरीश पांडेय सहित लोग शामिल हुए।

## पिकअप वैन से टक्कर में बाइक सवार घायल

**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी सिकिदिरी सड़क के सहेदा मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल हो गया। घटना शुक्रवार शाम की है। जानकारी के अनुसार पिकअप वैन जेएच 01एफ बी 0370 गोला की और जा रही थी जबकि बाइक जेएच 01एफ सी 0465 पेट्रोल लेकर सिकिदिरी से इंटेक मोड़ की आ रहा था। उसी क्रम में सहेदा मोड़ के समीप बाइक व पिकअप वैन में टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार दो लोग घायल हो गया। बाइक सवार लोगों में अनगड़ा बीसा निवासी बिनोद भोगता एवं विजय भोगता बताया जा रहा है। घायल व्यक्ति को सिकिदिरी पुलिस ने इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

## बुढ़मू भाजपा मंडल ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनायी



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** बुढ़मू भाजपा मंडल के द्वारा शुक्रवार को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कमलेश राम मौजूद थे। मौके पर कमलेश राम ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व्यक्ति नहीं विचार थे। समय की मांग है कि उनके बताए मार्गों पर हम चलें। साथ ही उन्होंने कहा कि उनके बताए मार्गों पर चलकर भारत विश्व गुरु बन सकता है। इससे पूर्व अतिथियों द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मौके पर मंडल अध्यक्ष जगलाल महतो,लक्ष्मण महतो, सुरेंद्र महतो, नंदलाल पाहन समेत अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।

### कार्यक्रम : अनगड़ा में बलिदान दिवस के रूप में मनायी गयी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि

# राष्ट्रवादी विचारक डॉ मुखर्जी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक एवं मार्गदर्शक रहे हैं : सीपी सिंह

**डॉ मुखर्जी ने धारा 370 समाप्त करने के लिए ही अपना जीवन का बलिदान कर दिया : रामकुमार पहान**

आजाद सिपाही संवाददाता




**अनगड़ा।** भाजपा अनगड़ा मंडल अध्यक्ष रामनाथ महतो की अध्यक्षता में शुक्रवार को होटल राजधानी गोंदलीपोखर में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनायी गयी। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री व भाजपा विधायक सीपी सिंह, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रामकुमार पहान, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र महतो सहित अन्य कार्यकताओं नें डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि देकर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर विधायक सीपी सिंह ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान देश की एकता एवं अखण्डता के लिए हुआ है। उनका जीवन समाज और देश के एक प्रकाशपुंज की तरह है। राष्ट्रवादी विचारक डॉ मुखर्जी भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक एवं मार्गदर्शक रहे हैं। पूर्व विधायक रामकुमार पहान ने कहा कि डॉ मुखर्जी ने धारा 370 समाप्त करने के लिए ही अपना जीवन का बलिदान कर दिया। सुरेन्द्र महतो ने कहा कि आज उनके अधूरे सपने को साकार करने के लिए केन्द्र की मोदी सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। मौके पर भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुण्डा, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुण्डा, राजू प्रमाणिक, सुनील कुमार महतो, सिकंदर अंसारी, सुप्रेश महतो, सुरेश महतो, छक्कनलाल महतो, राजेन्द्र महतो आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## भाजपा का कुच्चू पंचायत में खिजरी विधानसभा स्तरीय लभार्थी सम्मेलन आयोजित

**जैनेन्द्र कुमार के नेतृत्व में कुच्चू पंचायत के सैकड़ों लोगों ने भाजपा का दामन थामा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिकिदिरी।** भाजपा के द्वारा कुच्चू स्कूल मैदान में शुक्रवार को खिजरी विधानसभा स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सिकिदिरी मंडल अध्यक्ष सुनील महतो ने की। कार्यक्रम प्रभारी पूर्व ग्रामीण जिला उपाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार महतो के नेतृत्व में सैकड़ों महिला पुरूषों ने भाजपा का दामन थामा। भाजपा में शामिल होने वालों में कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, हरीशंकर शाही मुण्डा, पूर्व पंसस नित्यानंद बेदिया, हुणडरू ग्राम प्रधान जयदेव बेदिया, श्रवण मुखियार, वार्ड सदस्य रामकुमार बेदिया, संकरा बेदिया, ग्रामप्रधान जगमोहन बेदिया, सावन बेदिया, प्रदीप सिंह मुंडा, दसईया बेदिया, दिलु बेदिया, हरिपद भोगता, चतुर बेदिया, मनीष बेदिया, जितेंद्र नायक, सोनामणी देवी, प्रीति देवी, सावित्री देवी, भक्तु बेदिया सहित सैकड़ों लोग भाजपा में शामिल हुए। जिसे मुख्य अतिथि सीपी सिंह ने माला पहना कर स्वागत किया। लाभार्थी सम्मेलन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सह रांची विधायक सीपी सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव राज्य व देश को बचाना है तो आने वाला चुनाव में फिर से मोदी सरकार बनाना है। भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है, जो गरीब किसान से लेकर राज्य व देश के लोगों के बारे में सोचता है। इससे पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय मंत्री आरती सिंह, ग्रामीण जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार महतो, माधुरी देवी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यदेव मुंडा आदि ने सभा को संशोधित किया। मौके पर राजेंद्र शाही मानकी, ओरमांझी मंडल अध्यक्ष दिलीप मेहता, अनगड़ा अध्यक्ष रामनाथ महतो, टाटीसिलवे अध्यक्ष राजेंद्र महतो, नामकुम अध्यक्ष अशोक मुंडा, संगीता देवी, रामसाय मुंडा, कामेश्वर महतो, दिलीप मिर्धा, नंदलाल राम, जयनंदन सिंह, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, कामेस्वर सिंह, बुधराम बेदिया आदि उपस्थित थे।

## बकरीद का पर्व शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द्र के साथ मनाने का लिया गया निर्णय

**बेड़ो थाना में बकरीद को लेकर शांति समिति की हुई बैठक**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शुक्रवार को शांति समिति की बैठक सीओ सुमंत तिर्की की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मौके पर सीओ सुमंत तिर्की ने शांति व्यवस्था बहाल करने में जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक व राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं से सहयोग की अपील की। साथ ही बकरीद का पर्व शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। बीडीओ डा प्रवीण कुमार ने कहा कि बकरीद पर्व में सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी व्यक्तियों की सहभागिता काफी महत्वपूर्ण है। क्षेत्र में कहीं से किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए सभी लोगों के सहयोग की जरूरत है। वहीं थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम ने कहा कि मुहर्रम पर्व के दौरान शांति व्यवस्था हर हाल में बनाये रखना पुलिस की प्राथमिकता है। वहीं पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों और उपद्रवियों पर खास नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस प्रशासन की ओर से चाक चौबंद व्यवस्था की जाएगी। असामाजिक तत्वों व सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वाले को चिन्हित कर उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर क्षेत्र में मजिस्ट्रेट के साथ विशेष सशस्त्र बल तैनात रहेंगे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार राय, जुगेश उरांव, विश्वनाथ गोप, जिप सदस्य बेरोनिका एक्का, उपप्रमुख मुददसिर हक, मुखिया सुशांति भगत, कुंवारी खलखो, सुनीता सोरेन, लक्ष्मी कोया, बीरेंद्र भगत, पंसस राखी भगत, नकुल राम महथा, बलराम सिंह, अब्दुल मन्नान, मो अमीन अंसारी, मो शमशाद, मोहिबुल ओहदार, रसीद मीर व सबेदुल्ला मल्लिक समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### कार्यक्रम : बेड़ो के चचकोपी गांव में विधायक ने किया उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास

# विकास योजनाओं में अनियमितता बर्दाश्त नहीं : शिल्पी नेहा तिर्की

**विभाग के पदाधिकारी व संवेदक अस्पताल निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए समय पर कार्य पूरा करें**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** विकास योजनाओं के कार्यों में अनियमितता हरगिज बर्दाश्त नहीं की जाएगी। गांव में स्वास्थ्य केंद्र खुलने से इसका पूरा फायदा ग्रामीणों को मिलेगा। प्रदेश सरकार की पहचान विकास कार्यों के लिए ही है। यह बातें विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहीं। वह शुक्रवार को प्रखंड के चचकोपी गांव में एनआरईपी मद से पचपन लाख रुपए की लागत से बनने वाले उपस्वास्थ्य केंद्र भवन के शिलान्यास समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि इस स्वास्थ्य केंद्र के बन जाने से शिशुओं व महिलाओं का टीकाकरण हो सकेगा। साथ ही छोटी बीमारियों का इलाज हो सकेगा। चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध हो जायेंगी। उन्होंने विभाग के पदाधिकारी व संवेदक से कहा कि अस्पताल निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए समय पर कार्य पूरा करें। गुणवत्ता के साथ किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। वहीं मौके पर बीडीओ डा प्रवीण कुमार, जिप सदस्य बेरोनिका एक्का, उपप्रमुख मोदस्सिर हक, पंसस सबेदुल्ला मल्लिक, मुन्ना मलिक, मो फहीम, संजय उरांव, प्रो. करमा उरांव, मनकु कुजूर, तबारक खान, नेसार खान, कुर्बान खान व वसीम अकरम आदि मौजूद थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## पुण्यतिथि पर याद किये गये श्यामा प्रसाद मुखर्जी, मंडल कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि (बलिदान दिवस) पर नामकुम बाजार स्थित सांसद समाधान केंद्र में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खिजरी मंडल अध्यक्ष अशोक मुंडा ने की। इस अवसर पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित की गयी। मौके पर अशोक मुंडा ने कहा कि भारत की एकता और अखंडता के लिये उनका बलिदान हम सभी के लिये प्रेरणास्त्रोत है। उनका प्रसिद्ध नारा एक विधान, एक प्रधान और एक निशान है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि हमें अपने देश की एकता और अखंडता के लिये डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बताये हुये रास्ते पर चलना चाहिये। मौके पर महिला मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री आरती सिंह, महिला मोर्चा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर, प्रज्ञा भारती, शिल्पी शारणी, समीर राय, बिरसा पाहन, गोरखनाथ सिंह, तुलसी गोप, रमेश लकड़ा, गोपाल चैधरी, सुदीप खलखो, अनिरुद्ध पांडे, अशोक नायक, शंकर सिंह मुंडा आदि उपस्थित थे।

## भाजपा किसान मोर्चा ने डॉ श्यामा प्रसाद की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनायी



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह जमशेदपुर प्रभारी मनोज कुमार सिंह ने जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि शुक्रवार को बलिदान दिवस के रुप में मनायी। कार्यक्रम का आयोजन सिदरौल में की गयी। सर्वप्रथम कार्यकताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा की। मनोज सिंह ने कहा कि देश के हित में डॉ मुखर्जी द्वारा किये गये कार्यो को गांव-गांव तक पहुंचाने का काम हम सबको मिलकर करना है। इस अवसर पर रुपा चैहान, सुषमा देवी, स्वेता सिंह, सरोज देवी, प्रिया कुमारी, किरण कुमारी, कृष्णा कुमार के साथ दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे। इधर, टाटीसिलवे के लालगंज स्थित सूर्य नगर कॉलोनी में सेवा निवृत्त लें कर्नल बिरेंद्र कुमार सिंह के आवास पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रुप में मनायी गयी। मौके पर सुधीर सिंह, अनिरुद्ध पंडित, उपेंद्र नाथ तिवारी, प्रिय रंजन शर्मा, गायत्री देवी, सीता पांडे, डेजी सिंह अन्य लोग उपस्थित थे।

## भाजपा चान्हो प्रखंड कार्यालय में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनायी गयी



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** भाजपा चान्हो मंडल कार्यालय में सासंद प्रतिनिधि सतीश शाह की अध्यक्षता में चान्हो प्रखंड कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश प्रसाद, उपमुखिया सुनील सिंह, राजेश ठाकुर, सुखदेव सिंह, प्रदीप पाहन, चन्द्रदेव बैठा, सुभाष कुमार, अदित्य कुमार साहू आदि उपस्थित रहे। सांसद प्रतिनिधि सतीश शाह ने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान भाजपा के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा हुआ है। जिनके सपने को वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साकार किया। आगे भी भाजपा के कार्यकर्ता इनके बताए पद चिन्ह पर चलते रहेंगे। उपमुखिया सुनील सिंह ने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का देहांत 1953 में हुआ था। उनका सपना था कि एक देश में दोहरी व्यवस्था नहीं चलनी चाहिए। वह जम्मू कश्मीर से धारा 370 को हटाना चाहते थे। उन्होंने एक राष्ट्र एक विधान एक संविधान कर देश की अखंडता में नए इतिहास जोड़ने का कार्य किया है।

## बेड़ो हरिहरपुर जामटोली लैंपस में धान बीज वितरण की शुरुआत




**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** साईं मंदिर रोड स्थित हरिहरपुर जामटोली लैम्पस में गुरुवार को 50 प्रतिशत सब्सिडाइज्ड धान के बीज वितरण की शुरुआत की गयी। अनुदान वाले धान बीज वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम प्रधान राम प्रसाद लोहरा 12 पड़हा राजा विशाल उरांव बीटीएम शिवनारायण गोप ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। मौके पर बीटीएम शिवनारायण गोप ने बताया कि किसानों के बीच डीआरआरएच-2 व 3 बीज का वितरण पचास प्रतिशत अनुदान पर किया जा रहा है। लैम्पस अध्यक्ष चरवा उरांव ने किसानों से कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उठाने की बात कही। मौके पर लैम्पस प्रबंधक गोयंदी उराईन, सचिव जोसेफ लकड़ा, वार्ड सदस्य प्रीति तिर्की, अभिराम उरांव, टोप्पो उरांव, रौशन केरकेट्टा, दिलीप उरांव, मनिरा एक्का, सोमा उरांव, सोहन लोहरा, संजय लोहरा, जतरु उरांव, ऑपरेटर अभिषेक उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

## बेड़ो के कृष्णा कॉलोनी में घर का ताला तोड़ कर चोरी

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के लोहरदगा रोड के कृष्णा कॉलनी में गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने राजू जायसवाल के घर से जेवर व नगदी लेकर फरार हो गए। घटना की रात राजू जायसवाल अपनी पत्नी प्रियंका, पुत्री वैष्णवी व एंजल सहित पूरे परिवार के साथ रात को विवाह समारोह में गुमला घाघरा गए हुए थे। वहीं चोरों ने घात लगाकर बंद घर को अपना निशाना बनाया। इसी दौरान मौका पाकर चोर उनके घर में चहारदिवारी फांद कर जा घुसे। साथ ही घर की आलमीरा में रखे सोने, चांदी के जेवरातों के अलावा हजारों की राशि रुपए लेकर फरार हो गए। वहीं चहारदिवारी के कांटा में एक नीले रंग का शर्ट फंसा हुआ है। राजू ने बताया कि शुक्रवार की सुबह में वे जब अपने घर पहुंचे तो घर के दरवाजे में लगे ताले टूटे मिले। साथ ही अंदर जाकर देखा तो कमरे के सामान बिखरे पड़े थे। आलमीरा का लॉक भी टूटा हुआ था। यह देख उनके होश उड़ गए। सामान को चेक किया तो पता लगा कि चोर घर में रखे नकद रुपये, लाखों रुपए सोने के जेवरात व अन्य सामान चुरा कर ले गए। इधर सूचना मिलते ही बेड़ो थाना पुलिस के एएसआई अक्षय सिंह ने सशस्त्र बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर स्थिति का मुआयना किया। वहीं पुलिस ने मामले को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सभी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक का नियमित औचक निरीक्षण करने का दिया निर्देश

## उपायुक्त ने पीसी और पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत गठित जिला सलाहकार समिति की बैठक की

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**मेदिनीनगर।** डीसी अंजनेयुलू दोड्डे ने शुक्रवार को समाहरणालय के सभाकक्ष में पीसी और पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत गठित जिला सलाहकार समिति की बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने जिले में रजिस्टर्ड अल्ट्रासाउंड क्लिनिक की जानकरी ली। इस दौरान उन्होंने पीसीपीएनडीटी टीमों को जिले में अवैध रूप से संचालित होने वाले अल्ट्रासाउंड केंद्रों की लगातार जांच करते रहने की बात कही। उन्होंने अल्ट्रासाउंड क्लिनिक में अपना जांच करवाने हेतु आनेवाली संबंधित महिला की पूरी जानकारी यथा उसका एड्रेस, फोन नंबर इत्यादि रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी अल्ट्रासाउंड क्लिनिक पीसीपीएनडीटी एक्ट का उल्लंघन करता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को लिंग प्रशिक्षण करने वाले अल्ट्रा साउंड केंद्रों का सीधे तौर पर लाइसेंस रद्द करते हुए उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की बात कही।

**अनुज्ञप्ति रद्द होने के बावजूद अल्ट्रासाउंड का संचालन कर रहे साई सकैन पर प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश**

बैठक में समाजसेवी गजेंद्र कुमार ठाकुर ने बताया कि जेलहाता में अवस्थित साई सकैन अल्ट्रासाउंड का लाइसेंस स्वास्थ्य विभाग द्वारा रद्द कर दिया गया है बावजूद अल्ट्रासाउंड का अवैध रूप से संचालन किया जा रहा है जिसका साक्ष्य उन्होंने सलाहकार समिति के समक्ष प्रस्तुत किया। इस पर उपायुक्त ने संचालनकर्ता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिये।

पीसीपीएनडीटी एक्ट की समीक्षा के दौरान उपायुक्त श्री दोड्डे ने सभी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक के लिंग प्रशिक्षण का अनुश्रवण और पर्यवेक्षण के लिए गठित जिला स्तरीय टीम को लगातार निरीक्षण करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने ऐसे क्लीनिकों का औचक रूप से निरीक्षण करने पर बल दिया।

**कन्या भ्रूण हत्या रोकने को लेकर उपायुक्त ने जिलेवासियों से की अपील**

कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए उपायुक्त ने पलामू वासियों से अपील की है। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी अल्ट्रासाउंड क्लीनिक में प्रसव से पहले लिंग प्रशिण किया जा रहा है या कन्या भ्रूण हत्या की जा रही है तो इसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग या जिला प्रशासन को दें ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत नये अल्ट्रासाउंड क्लिनिक के रजिस्ट्रेशन व रिन्यूअल के पूर्व स्थल जांच करने का निर्देश दिया ताकि निर्धारित समय अवधि में योग्य अहर्ता प्राप्त अल्ट्रासाउंड क्लीनिक का नया निबंधन और नवीनीकरण का कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जा सके। इस संबंध में बताया गया कि नया अल्ट्रासाउंड खोलने हेतु पांच आवेदन प्राप्त किये गये हैं जिसमें दो अल्ट्रासाउंड का स्थल भी भ्रमण किया गया है इसपर उन्होंने दोनों अल्ट्रासाउंडों का रजिस्ट्रेशन करने की अनुमति दी। इसके अलावे उन्होंने कहा कि वैसे अल्ट्रासाउंड संचालक जो अपना क्लीनिक बंद कर चूकें हैं वैसे सभी संचालकों को अल्ट्रासाउंड मशीन सील रखने की बात कही। मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी परितोष प्रियदर्शी, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अर्चना तिवारी, शिशु रोग विशेषज्ञ अभय कुमार समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

# ब्लूम स्कूल ओलंपियाड में विद्यार्थियों ने लहराया परचम




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अरिहन्त द्वारा सत्र 2022-2023 में आयोजित ब्लूम स्कूल ओलंपियाड परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर के विद्यार्थियों का प्रदर्शन शानदार रहा। कक्षा प्रथम के सौरभ सुमन ने राष्ट्रीय स्तर पर गणित विषय में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। उसकी इस उपलब्धि के लिए स्वर्ण पदक, दो हजार का चैक और प्रशस्ति पत्र मिला। कक्षा तृतीय के पीयुष राज ने सामान्य ज्ञान में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। उसकी इस उपलब्धि के लिए रजत पदक, पंद्रह सौ का चैक और प्रशस्ति पत्र दिया गया। कक्षा तृतीय के आवेरी कर ने इसी परीक्षा में विज्ञान विषय पर चतुर्थ स्थान मिला। उन्हें इस सफलता हेतु उपलब्धि पुरस्कार के रुप में सात सौ पचास रुपये का चैक एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ। इसके साथ ही सत्रह अन्य विद्यार्थियों को भी प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुए।

सिल्वरजोन फॉउन्डेशन न्यू दिल्ली द्वारा आयोजित वर्ल्ड बिगेस्ट इंटरनेशनल ओलंपियाड्स में गणित, विज्ञान, सामान्य ज्ञान, हिन्दी, अंग्रेजी और सामाजिक विज्ञान विषय में से पाँच विषयों में स्वर्ण पदक और शेष एक विषय में रजत पदक प्राप्त कर स्वयं, परिवार और विद्यालय का नाम रोशन किया।

इस अवसर पर सभी सफल परीक्षार्थियों को प्राचार्य डां एके सिंह ने बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि इस तरह के प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से शिक्षार्थियों की छिपी हुई प्रतिभा-पहचान में मदद मिलती है। विद्यालय, परिवार और शिक्षक उनकी इन प्रतिभाओं के आधार पर ही उन्हें दिशा देने और तराशने में मदद करते हैं। आगामी सत्र में सफल विद्यार्थियों की संख्या में अधिक से अधिक वृद्धि हो, यही हमारा प्रयास सदैव होना चाहिए।

# डीसी कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददता**



**मेदिनीनगर।** पलामू डीसी आंजनेयुलु दोड्डे ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आए दर्जनों फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गयी और उसके निष्पादन के लिए उपायुक्त ने संबंधित विभागीय पदाधिकारी को निर्देश दिया।

**डीसी ने इलाज हेतु दो फरियादियों की आर्थिक मदद की**

जनता दरबार में सदर प्रखंड के ग्राम जोड़ से आये राहुल तिवारी ने डीसी को बताया कि उनकी बहन लिवर फाइब्रोसिस नामक बीमारी से पीड़ित हैं जिसका इलाज पिछले एक वर्ष से लगातार चल रहा है। उन्होंने डीसी को बताया कि वे अपने खेत बेचकर बहन का इलाज कराते आये हैं लेकिन अब उनके पास कुछ बचा नहीं है अतः उन्होंने उपायुक्त से कुछ आर्थिक सहयोग करने की अपील की इसपर उपायुक्त ने रेड क्रॉस के माध्यम से 5 हजार रुपये की आर्थिक मदद की इसी तरह रामगढ़ से आये नीरज कुमार जैसवाल ने बताया कि वो पिछले 11 वर्ष से गंभीर बीमारी से पीड़ित है अब आगे इलाज कराने को लेकर कहीं से पैसा का इंतजाम होता नहीं दिखायी दे रहा है ऐसे में उन्होंने उपायुक्त से आर्थिक सहयोग करने की बात कही इसपर डीसी ने 10 हजार रुपये की अर्थिक मदद की। उपरोक्त के अलावे शुक्रवार को जनता दरबार में भूमि विवाद, पारिवारिक बटवारा, अवैध कब्जा, मानदेय भुगतान, विद्यालय सम्बन्धित मामले, स्वास्थ्य विभाग सम्बन्धित मामले समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त श्री दोड्डे ने समस्या सुनी एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया।

## हुसैनाबाद में भाजपाइयों ने बलिदान दिवस मनाकर डॉ मुखर्जी को याद किया

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत : बबलू सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** शहर के चार धाम परिसर में भाजपा नगर मंडल द्वारा भाजपा (जनसंघ) के संस्थापक डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं द्वारा डॉ मुखर्जी के चित्र पर फूल-माला चढ़ाकर नमन करते हुए श्रद्धांजलि दी गयी और उनके पदचिन्हों पर चलने की संकल्प ली गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने किया। मौके पर उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए भाजपा के वरीय नेता रविंद्र कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश को एक सूत्र में बांधने के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। उन्होंने कश्मीर को भारत से अलग करने का विरोध किया था। 1953 में मुखर्जी को गैरकानूनी तौर से कश्मीर में घुसने के प्रयास के कारण 11 मई को गिरफ्तार किया गया और 23 जून 1953 को उनकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी थी। भाजपा नेता अशोक सिंह ने कहा की जम्मू कश्मीर में मुखर्जी ने 370 का प्रखर विरोध कर आंदोलन चलाया। भाजपा के नायकों में श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय का नाम सबसे ऊपर है। मौके पर मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह, सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल, संतोष सिंह,सुबोध कश्यप, संतोष गुप्ता समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आवंटन के बाद भी पैक्स को नहीं मिला धान का बीज, किसान मायूस

**आजाद सिपाही संवाददाता**


जानकारी देते ब्यापार मंडल अध्यक्ष

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा प्रेस बयान जारी कर बताया की राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए महत्वकांक्षी योजना 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज वितरण योजना है। इसके तहत हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहमदगंज प्रखंड क्षेत्र के किसानों के लिए जिला सहकारिता कार्यालय पलामू के आदेशानुसार हुसैनाबाद व्यापार मंडल को 700 क्विंटल राजेंद्र स्वेता धान बीज का आवंटन प्राप्त हुआ। इसके उपरांत हुसैनाबाद, हैदरनगर और मोहम्मदगंज के नोडल पैक्स के द्वारा 26/05/2023 को एनएससी कंपनी के खाता में 350 क्विंटल का 1935 रुपये प्रति क्विंटल के दर से राशि भेजी गयी हैं। लेकिन अभी तक बीज प्राप्त नही हुआ है। इसकी सूचना लिखित रूप से जिला सहकारिता विभाग को दे दी गयी है। बीज नही मिलने से किसान मायूस हो गये। ऊंचे दाम पर बाजार से बीज खरीदने के लिए किसान मजबूर हैं। उन्होंने किसान हित मे सहकारिता विभाग से यथा शीघ्र बीज उपलब्ध कराने की मांग की है।

# प्रचंड गर्मी के बीच तीन दिन से विश्रामपुर क्षेत्र में बिजली सप्लाई बंद, लोग परेशान

## टावर-तार क्षतिग्रस्त होने से पूरे क्षेत्र में अंधकार का साम्राज्य, पानी के लिए भी मचा हाहाकार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बिश्रामपुर (पलामू)।** प्रचंड गर्मी के बीच बिश्रामपुर आंचलिक क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से ब्लैक आउट है। पूरे क्षेत्र में अंधकार का साम्राज्य कायम हो चुका है। यह स्थिति जपला-बी मोड़ बिजली लाइन के बीच टावर व तार के क्षतिग्रस्त हो जाने से उत्पन्न हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को आए आंधी तूफान में जपला-बी मोड़ के बीच टावर-तार क्षतिग्रस्त हो गया। जिससे बी मोड़ मुख्य ग्रीड में विद्युत आपूर्ति ठप हो गयी। जिसके कारण आम जीवन अस्त व्यस्त हो चुका है। गर्मी की मार झेल रहे लोगों के लिए बिजली का गुल होना परेशानी का सबब बन चुका है। बिजली नहीं रहने के कारण पेयजल की भी घोर किल्लत हो गई है। यहां बताते चलें कि बी मोड़ मुख्य ग्रीड में बिहार के सोनानगर और यूपी के रिहैंड विद्युत परियोजना से बिजली आपूर्ति होती है। गर्मी में पानी की कमी के कारण रिहैंड परियोजना से विद्युत की पहले से ही कटौती हो गयी थी। सोननगर लाइन का टावर तार क्षतिग्रस्त होने के कारण वहां से विद्युत आपूर्ति पूर्णतः ठप हो गया। जिसके बाद यह भयावह स्थिति पैदा हुई है। हालांकि विद्युत कर्मी टावर-तार के मरम्मत कार्य में जुटे हुए हैं। विद्युत विभाग के सूत्रों की माने तो 23 जून देर शाम तक विद्युत आपूर्ति बहाल होने की संभावना है।

# वीर शहीद युगंबर दीक्षित की शहादत को देश कभी नहीं भूलेगा : अरविंद सिंह



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कारगिल युद्ध के नायक वीर शहीद युगंबर दीक्षित का शुक्रवार को शहादत दिवस मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम शाहिद युग्मबर दीक्षित के पैतृक गांव भादुमा में हुआ। जहां उनके प्रतिमा पर लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। वरीय भाजपा नेता सह जिला पार्षद अरविंद सिंह ने शहीद युग्म्बर दीक्षित के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। अरविंद सिंह ने कहा कि वीर युग्मबर की शहादत को देश कभी नही भूलेगा। उन्होंने अपनी शहादत देकर देश की रक्षा तो की ही पूरे पलामू को गर्वांवित भी किया। मौके पर मुखिया शकुंतला देवी,शाहिद के बड़े भाई विनय दीक्षित सहित कई पंचायत प्रतिनिधि और काफी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

# मध्य विद्यालय एकडरी में परीक्षाफल वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड के उत्क्रमित मध्य बिद्यालय एकडरी मे वर्ग 1 से 7 तक सत्र 2022-23 का परीक्षाफल घोषित किया गया। साथ ही बिद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच परीक्षाफल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पथरा पचांयत के मुखिया नरेश पासवान उपस्थित थे। विद्यालय परिवार की ओर से मुखिया को बुके देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान बिद्यालय की छात्रा खुशी कुमारी को नेशनल कम मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा 2023 पास करने व एक छात्र अबदुल अहद का जवाहर नवोदय बिद्यालय में चयन होने पर उन्हें सम्मानित किया गया। मौके पर मुखिया नरेश पासवान ने कहा कि एकडरी बिद्यालय के छात्र-छात्रायें काफी प्रतिभाशाली है। यहां के बच्चों का शिक्षा के साथ-साथ सांस्कारिक ज्ञान व खेलकूद मे भी हमेशा बेहतर प्रदर्शन रहता है। जिससे बिद्यालय के साथ पंचायत क्षेत्र का भी नाम रौशन होता है। उन्होंने बेहतर प्रदर्शन करने वालों विद्यार्थियों की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी। मौके पर बिद्यालय के प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार ने कहा कि हम सबो का प्रयास रहता है कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे सभी क्षेत्र में उन्नति करते हुए क्षेत्र का नाम रौशन करें। मौके पर शिक्षिका पूनम, लक्ष्मी, उपेन्द्र, असलम, श्री राम सिहं समेत सैकडों की संख्या में छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

# पलामू भाजपा ने मनायी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक की अध्यक्षता में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर डां मुखर्जी के चित्र पर नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि देकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता श्याम नारायण दुबे ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान देश की एकता और अखंडता के लिए हुआ है। ऐसा महापुरुष जिसका जीवन समाज और देश के एक प्रकाशपुंज की तरह है। राष्ट्रवादी विचारक डां मुखर्जी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायक एवं मार्गदर्शक रहे हैं। उनका सपना अखंड देश का निर्माण और भारत को विश्व गुरु के रूप में स्थापित करना था। धारा 370 समाप्त करने के लिए ही उन्होंने जीवन का बलिदान दे दिया आज उनके अधूरे सपने को साकार करने के लिए केंद्र की मोदी सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। देश का मान सम्मान दुनिया में बढ़ रहा है और शक्तिशाली राष्ट्र एक भारत श्रेष्ठ भारत आगे बढ़ रहा है। वरीय नेता प्रेम सिंह ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जनसंघ, भारतीय जनता पार्टी के रूप में खड़ा विशाल वटवृक्ष सिर्फ दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी ही नहीं है बल्कि राष्ट्रवाद से ओतप्रोत विचारधारा है। जिसकी कल्पना है समृद्ध शक्तिशाली राष्ट्र निर्माण और अंत्योदय विकास। जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक ने कहा कि जनसंघ के पहले अध्यक्ष डां मुखर्जी ने स्वतंत्र भारत में जम्मू कश्मीर को दी गयी विशेष राज्य का दर्जा मे दो विधान, दो निशान, दो प्रधान का प्रखर रूप से विरोध किया और बलिदानी हो गये। ऐसा महापुरुष जिसने देश की दशा दिशा और उन्नति के लिए अखंड भारत निर्माण के लिए प्रयत्नशील रहे। उनके जीवन से सभी कार्यकर्ताओं को सीख लेनी चाहिए और उनके सपनों को साकार करने कर्तव्य परायण के साथ कार्य करना चाहिए यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

कार्यक्रम का संचालन महामंत्री श्याम बाबू व धन्यवाद ज्ञापन सुरेंद्र विश्वकर्मा ने किया।

कार्यक्रम में विनोद सिंह, मंगल सिंह, अविनाश वर्मा, शिवकुमार मिश्रा, अजय तिवारी, लवली गुप्ता, रूपा सिंह, रीना किशोर, सोमेश सिंह, अरविंद गुप्ता, नवेंदु मिश्रा, मनोज दुबे, सीटू गुप्ता, रेनू देवी, रेणुका पांडे, राकेश रंजन, अजीत सिंह, दिलीप तिवारी, राकेश तिवारी, शशि भूषण मिश्रा, विवेक दुबे, संस्कार सोनी, पवन कुमार सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एकौनी गांव में वज्रपात से किसान के तीन मवेशी की मौत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हरिहरगंज/पलामू।** हरिहरगंज अंचल क्षेत्र के सरसोत पंचायत अंतर्गत एकौनी के दो किसान के तीन पशुओं की वज्रपात से मौत हो गयी। किसान रविन्द्र यादव और गृहणी सविता कुंवर ने बताया कि गुरुवार को सुराही बांध के समीप अन्य मवेशियों के साथ चारा चर रहे थे। वहीं करीब तीन बजे बारिश के दौरान तेज गर्जन के साथ वज्रपात हुई और वज्रपात के चपेट में आने से मौत हो गयी। इसमें सविता कुंवर के एक दुधारू गाय और रविन्द्र यादव के एक बाच्छी और एक बछडा की मौत हुई है। मौके पर सविता देवी ने बताया कि गाय पालन कर वह अपने साथ बच्चों का परवरिश कर रही थी। वहीं पीड़ितों ने मवेशियों की मौत वज्रपात से होने के कारण मुआवजे के लिए सरकार से गुहार लगायी है।

## 25 जून से गांव चलो अभियान शुरू करने पर हुई चर्चा

**करगली(बेरमो)।** भीम आर्मी (भारत एकता मिशन) फुसरो नगर कमिटी की बैठक ढोरी फुटबॉल ग्राउंड मे आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष नकुल रविदास तथा संचालन मीडिया प्रभारी नितिश कुमार ने किया। बैठक में भीम आर्मी स्थापक चन्द्रशेखर आजाद एंव झारखंड प्रदेश अध्यक्ष संजय रविराज के दिशानिर्देश के अनुसार 25 जून से गाँव चलो अभियान शुरू करने पर चर्चा हुई। साथ ही 20 जुलाई को भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह का झारखंड(धनबाद) जिला मे आगमन हो रहा है। इसमें बोकारो जिला के सभी प्रखण्डो से ज्यदा से ज्यादा कार्यकर्ता उक्त कार्यक्रम में पहुँच कर सफल बनाने पर सहमति बनी। सभी उपस्थिति भीम आर्मी के कार्यकताओं ने बारी बारी से संगठन को मजबूत करने पर चर्चा किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष गोवर्धन रविदास, जिला उपाध्यक्ष मेघू दिगार, सोहनलाल मांझी, शैलेश घासी, दिनेश मुण्डा, बिट्टू घासी, सोनु खान, कैलाश महतो, राज नायक, मोहन कमार आदी उपस्थित थे।

### डीआरएम पर रेल अस्पताल के कर्मी के कपड़े उतरवाने का आरोप

# आक्रोशित कर्मियों ने अस्पताल का काम किया ठप

### अधिकारियों के समझाने के बाद मामला हुआ शांत, काम पर लौटे कर्मी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** शुक्रवार को धनबाद रेल अस्पताल के कर्मियों ने डीआरएम पर अस्पताल के एक सहकर्मी के कपड़े उतरवाने और उसे चार्जशीट की धमकी देने का आरोप लगाते हुए अस्पताल का काम ठप कर दिया और मुख्य गेट पर जाकर धरने में बैठ गए। सूचना मिलते ही रेलवे के वरीय अधिकारी अस्पताल पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी लेकर आक्रोशित अस्पतालकर्मियों को समझाने बुझाने का प्रयास किया पर वह नहीं माने। अंत मे सीएमएस द्वारा कर्मियों को समझाने पर मामला शांत हुआ और सभी अपने काम पर वापस लौट गए।





#### यह है पूरा मामला

सह कर्मियों के अनुसार गुरूवार को डीआरएम कमल किशोर सिन्हा की पत्नी रेल अस्पताल दंत विशेषज्ञ के पास गई थी। डॉक्टर केबिन के बाहर तैनात कर्मी ने उन्हें नहीं पहचाना और उन्हें डॉक्टर केबिन में जाने से पहले चप्पल खोलने को कह दिया। फिर क्या था मैडम ने इनकी शिकायत अपने पति डीआरएम से कर दी जिसके बाद डीआरएम ने उक्त कर्मचारी को अपने कार्यालय में बुला कर सबके सामने उसके कपड़े उतरवाए और उसे चार्जशीट करने की धमकी देकर बाहर भेज दिया जिससे उक्त कर्मचारी डिप्रेशन में आ गया और उसकी तबियत बिगड़ गयी। आनन फानन में कर्मचारी को रेलवे अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसकी गंभीर हालत को देखते हुए अशर्फी अस्पताल भेज दिया गया। शुक्रवार की सुबह उक्त कर्मी के सहकर्मियों ने अस्पताल का काम बाधित कर दिया और मुख्य गेट के समीप धरने पर बैठ गए थे।

#### ऐसे हुआ मामला शांत

आक्रोशित कर्मी जब वरीय अधिकारियों की एक सुनने को तैयार नहीं थे तब रेल अस्पताल के सीएमएस ने खुद कमान सँभाली और आक्रोशित कर्मियों से बात करने लगे। इस दौरान सीएमएस ने कर्मचारियों को कहा कि डीआरएम ने उक्त कर्मी को सिर्फ कपड़े उतारने की बात कही थी न कि कपड़े उतरवाए थे। अगर आप कहें तो इसके लिए मैं आप से माफी मांग लेता हूं। इसके बाद कर्मियों का गुस्सा शांत हो गया और वे अपने अपने काम पर लौट गए।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना (नोटिस)**

नाम–(1) काण्ड के प्रा0अभि0– अरूण पाण्डेय, पे0–छट्टू पाण्डेय, सा0– मंडरा, थाना– काण्डी, जिला–गढ़वा, राज्य–झारखण्ड। काण्डी थाना काण्ड सं0–40/20, दिनांक–15.04.2020 धारा– 147/148/149/341/323/324/325/307/435/354/452/504/506 भा0द0वि0 एवं 3(i) (g)(iii)/4 SC/ST Act. प्राथ0 अभि0– अरूण पाण्डेय, पे0–छट्टू पाण्डेय, सा0– मंडरा, थाना– काण्डी, जिला–गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के प्राथमिकी अभियुक्त है। उक्त काण्ड में फिरार है। माननीय न्यायालय सेशन जज–I, गढ़वा में फिरार है, आपको सूचित किया जाता है कि माननीय न्यायालय सेशन जज–I, गढ़वा में अविलम्ब आत्मसमर्पण करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

PR300755 (Police)23-24*D



## JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED
(Govt. of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi-834001, Jharkhand.
Ph No.: +91-651-2225878; e-mail Id-; pdt.juidco@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

**NIT No: - JUIDCO/NIT/PPP/ISBTRanchi/539**
**Date: 23 June, 2023**
**Tender ID: - 2023_UDD_70374_1**
**PR No.: 296132**

**Corrigendum- 3**

All bidders are hereby announced that Corrigendum- 3 is released for tender having details as mentioned above for "Development of Inter-State Bus Terminal at Ranchi in Jharkhand on PPP Basis". The bidders are advised to consider the same before submission of their bids against the tender.

**Note:** Corrigendum- 03 can be referred from the e-tender site of Govt. of Jharkhand i.e., (https://jharkhandtenders.gov.in)

Sd/-
Project Director (Technical)
JUIDCO Ltd., Ranchi

PR.NO.300771 Urban Development and Housing(23-24):D


### चर्चित प्रवीण राय सहित सिंदरी के दो गोलीकांडों का पुलिस ने किया उद्भेदन

# नामजद आरोपी धर्मेंद्र सिंह सहित पांच गिरफ्तार, पिस्टल, बाइक बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बीते 14 जून को चासनाला में सेल कर्मचारी सह ट्रांसपोर्टर प्रवीण रॉय हत्या सहित सिंदरी स्थित हर्ल के एचआर और सिंदरी लायंस स्कूल के प्रिंसिपल पर गोलीबारी के मामलों का धनबाद पुलिस ने उद्भेदन कर दिया। पुलिस ने फिलहाल 6 लोगों को गिरफ्तार किया है जबकि कई अभी भी फरार हैं। शुक्रवार को धनबाद एसएसपी संजीव कुमार ने पुलिस मुख्यालय स्थित अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। एसएसपी ने घटना का कारण पूर्व की प्रवीण राय और धीरज सिंह की आपसी रंजिश को बताया। इनमें से एक प्राथमिक अभियुक्त धर्मेंद्र सिंह भी शामिल है। उन्होंने यह भी बताया कि सिंदरी में हर्ल कम्पनी के एचआर और लायंस स्कूल के प्रिंसिपल पर धर्मेंद्र सिंह को छोड़ कर इन्हीं पांचों की भूमिका रेकी से लेकर गोली चलाने तक कि रही थी। जबकि धर्मेंद्र सिंह, धीमेन सेन गुप्ता और गौतम सिंह प्रवीण राय की हत्या में शामिल थे। एसएसपी ने यह भी बताया कि ये सभी मिलकर अपना नया गैंग बनाना चाहते थे इसी क्रम में सिंदरी में रंगदारी वसूलने की नीयत हर्ल फैक्टरी के मैनेजर के घर पर और लायंस स्कूल के प्रिंसिपल पर गोली चलाई थी।



#### पुलिस छापामारी टीम में ये थे शामिल

सिंदरी डीएसपी अभिषेक कुमार, केंदुआडीह इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह, जोड़ापोखर इंस्पेक्टर सुभाष सिंह, सिंदरी थाना प्रभारी प्रभार सिंह, कतरास थाना प्रभारी रणधीर सिंह, भौंरा ओपी प्रभारी जितेंद्र कुमार, पाथरडीह थाना प्रभारी अभय सिंह, सुदामडीह थाना प्रभारी प्रदीप राणा, जोगता थाना प्रभारी दीपक कुमार के अलावा कई पुलिस अवर निरीक्षक और कई पुलिसकर्मी थे।

#### इनकी हुई गिरफ्तारी और उन पर दर्ज पहले के मामले

1. धर्मेंद्र सिंह
2. धीमेन सेन गुप्ता डिगवाडीह 12 न0, सुदामडीह थाना में आर्म्स एक्ट और विस्फोटक पद्धार्थ अधिनियम
3. गौतम कुमार सिंह, पाथरडीह 11 न0, सुदामडीह थाना में आर्म्स एक्ट सहित कई मामले दर्ज हैं।
4. शेख शाहबाज उर्फ एसके, न्यू आजाद नगर, अमन सोसायटी,
5. अमर कुमार चंद्रवंशी गौरखुंटी, भौंरा, 2020 में सुदामडीह थाना में हत्या का मामला दर्ज
6. साकिब इकबाल, अमन सोसाइटी भूली ओपी में पहले से मामला दर्ज

#### इन सामानों की हुई बरामदगी

एक देसी पिस्टल,एक मैगजीन,दो पिस्टल की गोली, एक देसी कट्टा, दो रायफल की गोली, एक बिना नम्बर के पल्सर मोटरसाइकिल, 5 मोबाइल

## भाजपा ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सपना साकार किया : बिरंची

**बोकारो।** राष्ट्रीय एकता व अखंडता के पर्याय, महान शिक्षाविद्, प्रखर राष्ट्रवादी और भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि आज बोकारो विधायक बिरंची नारायण अपने आवासीय कार्यालय में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि डॉ श्यामा मुखर्जी ने देश को नारा दिया था कि एक देश में दो प्रधान, दो विधान और दो निशान नहीं चलेंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कश्मीर से धारा 370 हटाकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के इस सपने को साकार किए उक्त अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री संजय त्यागी, के के बोराल, प्रो आर डी उपाध्याय, महेंद्र राय, ब्रज दुबे, सुजीत चक्रवर्ती, बिनोद सिन्हा, अविनाश सिंह, मंजीत सिंह राजू गुप्ता, विकाश कुमार, तरुण महतो, काजल राय, विवेक पाठक, मंजीत सिंह, पवन कुशवाहा, मुकेश यादव, कन्हैया मिश्रा, विकास कुमार राव, प्रिया कुमारी,सुजाता कुमारी, सुजाता कुमारी, गीतांजली कुमारी, विनीता कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।


## झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
## कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू

**-:इच्छा की अभिव्यक्ती:-**

एतद् द्वारा दिनांक 22.06.2023 को उपायुक्त महोदय, पलामू की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्राप्त निदेश के आनुसार पलामू जिला के वैसे पशु आपूर्तिकर्ता से आवेदन एकत्रित किया जा रहा है, जो झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना में चयनित लाभुकों के बिच पशु–पक्षी (बकरा–बकरी, सूकरा–सूकरी, ब्रायलर कुक्कुट, लेयर कुक्कुट एवं बत्तख) का वितरण करने को इच्छुक हों, पशु आपूर्तिकर्ता अपना आवेदन एवं दस्तावेज दिनांक 28.06.2023 के अपराह्न 03:00 बजे तक जिला पशुपालन कार्यालय, पलामू में जमा कर सकते है। निश्चित समयावधि के उपरान्त प्राप्त आवेदनो पर विचार नहीं किया जायेगा। पशु आपूर्तिकर्ता का चयन नियम एवं शर्तो के अनुसार किया जायेगा।

विशेष जानकारी के लिए कार्यालय दिवस में जिला पशुपालन कार्यालय, पलामू से संपर्क करें।

जिला पशुपालन पदाधिकारी,
पलामू।

PR.NO.300737 District(23-24):D


## डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** शुक्रवार को शिक्षाविद सह जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को भाजपाइयों ने पूरे कोयलांचल में बलिदान दिवस के रूप में मनाया। जिला महानगर कार्यालय सहित जिले के सभी मंडलों में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रधांजलि दी गयी। सिटी सेंटर के समीप स्थापित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर सांसद पीएन सिंह, विधायक राज सिन्हा सहित जिले वरीय भाजपाइयों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रधांजलि दी। मौके पर सांसद ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपना पूरा जीवन भारत की एकता और अखंडता के लिए समर्पित किया। देश मे शिक्षा और समाज के प्रति उनका योगदान हमेशा हमारे जीवन का आदर्श रहेगा। वहीं धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा हेतु किया गया बलिदान हम सभी के लिए पाथेय है।

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**चिरकुंडा।** मैथन स्थित बीपी नियोगी अस्पताल में शुक्रवार को सर्जिकल से संबन्धित बीमारियों के जांच हेतु स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ उमेश कुमार एवं क्षेत्र के सर्जन डॉ जे प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में हर्निया, अल्सर, प्रोस्टेड पाइल्स एवं पेट से संबधित तकरीबन 30 मरीजों की जांच की गयी। इस मौके पर अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुमार ने कहा कि सेहत ही जीवन का अनमोल खजाना है। स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता के लिए डीवीसी ने महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अस्पताल में हर एक माह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हो रहा है।

## प्रखंड कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन

**कतरास।** बाघमारा प्रखंड कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को जेएसएलपीएस द्वारा दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल विकास योजना के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्यरूप से जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, प्रखंड प्रमुख गीता देवी,बाघमारा बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति, सीओ कमल किशोर सिंह सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यालय में योजना अंतर्गत होने वाली विभिन्न ट्रेड व कोर्स से सम्बंधित प्रशिक्षण की जानकारी दी गई। कार्यशाला में बताया गया कि झारखंड के विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों में युवक युवतियों को फिटर, कंप्यूटर, मोबाईल रिपेयरिंग , होटल मैनेजमेंट, सिलाई समेत विभिन्न ट्रेडों का प्रशिक्षण निशुल्क दिया जाता है । साथ ही रहने, खाने की सुविधा भी निशुल्क प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद सर्टिफिकेट एवं जॉब प्लेसमेंट भी किया जाएगा। जॉब नहीं मिलने तक प्रशिक्षण प्राप्त युवक युवतियों को सहायता राशि प्रदान की जाएगी। 5 वीं पास 18 से 35 वर्ष तक के युवक युवती इन ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए युवक युवतियां अपने पंचायत के मुखिया, जेआरसी व प्रखंड कार्यालय स्थित जेएसलपीएस कार्यालय से संपर्क कर सकते है। कार्यशाला में जेएसएलपीएस के जिला कोडिनेटर आसिफ इकबाल, प्रखंड कोडिनेटर सुदीप कुमार, सिद्धि कुमारी समेत विभिन्न पंचायत के मुखिया, पंचायत समिति सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थी।




## कार्यालय जिला परिषद्, खूँटी

पत्रांक :–14/जि०प० दिनांक :–23.06.2023

**बाजार बन्दोबस्ती संबंधी आम–सूचना**

वर्ष 2023–24 के लिए जिला परिषद, खूँटी अन्तर्गत बस पड़ाव, डेली मार्केट, पार्किंग एवं साप्ताहिक हाट का बन्दोबस्ती दिनांक 04.07.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से जिला परिषद कार्यालय, खूँटी में होगी। इच्छुक डाकवक्ता बन्दोबस्ती में भाग लेने हेतु दिनांक 03.07.2023 समय 03:00 बजे अपराह्न तक अपना आवेदन पत्र जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट के साथ कार्यालय में रखे निविदा पेटी में डाला जा सकता है। शैरात की विवरणी निम्नप्रकार है:–

| क्र०सं० | सैरात का नाम | प्रखण्ड | पो०+पंचायत | ग्राम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | तपकरा | तोरपा | बरदा+कमड़ा | तपकरा | 219641.00 | 21964.00 |
| 2 | तोरपा | तोरपा | तोरपा | तोरपा | 33318.00 | 3332.00 |
| 3 | टाँगरकेला | रनियां | खड़गपुर+जयपुर | टाँगरकेला | 40227.00 | 4023.00 |
| 4 | कर्रा–मरचा | तोरपा | मरचा | कर्रा–मरचा | 19980.00 | 1998.00 |
| 5 | लोधमा | कर्रा | लोधमा | लोधमा | 75035.00 | 7503.00 |
| 6 | गोविन्दपुर | कर्रा | गोविन्दपुर | गोविन्दपुर | 11067.00 | 1107.00 |
| 7 | सोदे | रनियां | सोदे | सोदे | 30222.00 | 3022.00 |
| 8 | मुरहू | मुरहू | मुरहू | मुरहू | 262352.00 | 26235.00 |

बन्दोबस्ती संबंधी नियम एवं शर्ते कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह०/– उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, खूँटी

PR300722 (District)23-24*D


### मुखिया संघ के जिलाध्यक्ष जयलाल महतो समर्थकों के साथ आजसू में शामिल

# डुमरी उपचुनाव में परिवर्तन लायेगी जनता: सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**नावाडीह(बेरमो)।** डुमरी विधान सभा क्षेत्र के मधुबन में आजसू पार्टी की ओर से आयोजित एक दिवसीय डुमरी विधान सभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। सभा में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के सुप्रीमो सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो तथा गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी तथा पुर्व मंत्री उमाकांत रजक उपस्थित थे। इसमें मुखिया संध के बोकारो जिलाध्यक्ष सह गुंजरडीह मुखिया जयलाल महतो उर्फ जैली अपने दर्जनो समर्थकों के साथ झामुमों छोड़कर आजसू में शामिल हुए। जिसें सुदेश कुमार महतो, चंद्रप्रकाश चौधरी, उमाकांत रजक एंव बोकारो जिलाध्यक्ष सचिन कुमार महतो ने माला पहनाकर व पार्टी का पट्टा देकर स्वागत किया। मौके पर पार्टी सुप्रीमों सुदेश महतो ने कहा कि राज्य के शिक्षामंत्री स्व जगरनाथ महतो के निधन से डुमरी विधान सभा रिक्त है, इससे शीध्र ही यहां उपचुनाव होना है। पिछले विधानसभा चुनाव मे हेमंत सोरेन से राज्य मे 1932 खतियान आधारित स्थानीय व नियोजन नीति लागू करने, पांच लाख बेरोजगारों को नोकरी देने, गरीबों को मुफ्त बिजली देने आदि कई लोक लुभावन वादा कर सत्ता हासिल की। परंतु लगभग चार वर्ष बीत जाने के बावजूद एक भी वादा पुरा नही किया है। झारखंड के आदिवासी मुलवासी हक व अधिकार के लिए सडकों पर आन्दोलित है। अब झारखण्ड की जनता धोखा खाने वाली नही है। आने वाले दिनों मे राज्य मे जनता परिवर्तन लाने का काम करेगी, जिसकी शुरूआत डुमरी उपचुनाव से होगी। उन्होनें कहा कि डुमरी विधायक राज्य मे शिक्षामंत्री के पद पर आसीन थे। जब वो विपक्ष मे थे तब पारा शिक्षक के हक व अधिकार के लिए आंदोलन किए। परंतु जब स्वंय मंत्री बने तो अधिकार देने में असमर्थ रहें। 65 हजार युवाओ को शिक्षक में बहाली का सपना दिखाते रहें। अब जनता जाग चुकी है। डुमरी में इस उपचुनाव मे परिवर्तन आएेगा। वही आजसू मे शामिल हुए मुखिया संध के जिलाध्यक्ष जयलाल महतो ने कहा कि डुमरी की जनता अपना मन बना चुकी है। इस उपचुनाव में पार्टी की जीत सुनिश्चित है। क्षेत्र के युवाओं, महिलाएं एंव एक एक मतदाता को पार्टी संदेश पहुंचाकर कार्यकर्ता आशीर्वाद हासिल कर डुमरी में आजसू का झंडा लहराने का काम करेगी।




## कार्यालय नगर पंचायत, डोमचाँच

**इच्छा की अभिव्यक्ति सूचना संख्या – 04/2023–24 दिनांक – 22.04.2023**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि डोमचाँच नगर पंचायत क्षेत्रान्तर्गत निर्मित दुकानो की आवंटन समयावधि जुलाई 2023 से मार्च 2026 तक के लिए की जानी है जिसमे निबंधित संस्था/प्रतिशठान/अच्छे आचरण वाले व्यक्ति प्रति दुकान के लिए आवेदन शूल्क– 1000/– (एक हजार) रूपये जमा कर नगर पंचायत कार्यालय से दिनांक – 23.06.2023 से 01.07.2023 तक कार्यालय दिवस में आवेदन प्राप्त कर जमा किया जा सकता है। निबंधित डाक/कार्यालय में प्राप्त आवेदनो को दिनांक 03.07.2023 से 04.07.2023 तक सत्यापन की जायेगी एवं दिनांक – 05.07.2023 से 06.07.2023 तक आपति निराकरण की जायेगी तथा दिनांक 07.07.2023 को दुकानो की बन्दोबस्ती की जायेगी। नियम व शर्त के अनुसार अन्य कागजात आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। तय समयावधि के उपरान्त कोई भी आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा। दुकानो का आवंटन उप विकास आयुक्त, कोडरमा की अध्यक्षता में गठित कमिटि के सदस्यों के समक्ष कार्यालय, नगर पंचायत डोमचाँच के द्वारा तैयार सूची को प्राथमिकता दी जायेगी एवं लॉटरी के माध्यम से की जायेगी। बिना कारण बताये निविदा को स्थगित / रद्द करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को रहेगा। दुकानो की बन्दोबस्ती की विवरणी निम्नवत है –

| क0सं0 | आवंटन की जाने वाली दुकानो का स्थान | दुकानो की संख्या | आवंटन का स्थान | आवंटन की तिथि एवं समय | सुरक्षित जमा राशि । प्रति दुकान (रूपये में) | प्रतिमाह किराया प्रति दुकान (रूपये में) | आवेदन प्रपत्र का शूल्क (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत सांस्कृतिक भवन के सामने, वार्ड सं0 09 में निर्मित दुकान जिसका साईज 10"X10" (भू–तल–07 दुकान) | 07 | उप विकास आयुक्त कार्यालय, कोडरमा | दिनांक – 07.07.2023 समय– .02:00 अपराह्न बजे | 350000/– | 3500/– | 1000/– |
| 2 | नगर पंचायत क्षेत्रांतर्गत सांस्कृतिक भवन के सामने, वार्ड सं0 09 में निर्मित दुकान जिसका साईज 10"X15" (भू–तल–05 दुकान) | 05 | उप विकास आयुक्त कार्यालय, कोडरमा | दिनांक – 07.07.2023 समय– .02:00 अपराह्न बजे | 450000/– | 4500/– | 1000/– |

नोट :– निविदा की शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर कार्यालय दिवस में देखी जा सकती है।

ह0/–
प्रशासक
नगर पंचायत डोमचाँच

PR 300717 Urban Development(23-24)D

# वेदांता एल्यूमीनियम को हल्दिया पोर्ट कांप्लेक्स ने सर्वोच्च निर्यातक पुरस्कार से सम्मानित किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर झारसुगुड़ा।** भारत के सबसे बड़े एल्युमीनियम उत्पादक वेदांत एल्युमीनियम को श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट (पूर्व में कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट) द्वारा हल्दिया डॉक कॉम्प्लेक्स के माध्यम से बीस फुट समतुल्य इकाइयों (टीईयू) में कंटेनरीकृत कार्गो के उच्चतम निर्यातक के रूप में मान्यता दी गयी है। वर्ष 2022-23 के लिए कंपनी को इस उपलब्धि के लिए हाल ही में कोलकाता में आयोजित एक व्यापार समारोह में बंदरगाह जहाज और जलमार्ग मंत्री शांतनु ठाकुर द्वारा सम्मानित किया गया था।

लॉजिस्टिक्स, कार्गो हैंडलिंग, मल्टी-मॉडल दक्षता और बंदरगाहों तक व्यापक कनेक्टिविटी में असाधारण क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए, वेदांत एल्युमीनियम, झारसुगुड़ा को 30 से अधिक देशों और 50 बंदरगाहों में 6100 टीइयू का उपयोग करके 1.4 लाख टन से अधिक कंटेनरीकृत कार्गो की सफलतापूर्वक शिपिंग के लिए पुरस्कार मिला। एफवाइ 23 के दौरान दुनिया यह उपलब्धि कंपनी के 'मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड' दृष्टिकोण पर आधारित है, जो वैश्विक मंच पर भारत की विनिर्माण शक्ति के ध्वजवाहक के रूप में इसकी भूमिका का उदाहरण है। इस उपलब्धि के माध्यम से वेदांत एल्युमीनियम ने भारत की निर्यात क्षमताओं को बढ़ाने और मूल्यवान वैश्विक साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। कंपनी के प्रयास प्रधानमंत्री गति शक्ति जैसी राष्ट्रीय पहल के अनुरूप हैं, जिसका उद्देश्य भारत की आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए लॉजिस्टिक्स और कनेक्टिविटी बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। यह पुरस्कार पूर्वी भारत में औद्योगिक वृद्धि और विकास को बढ़ावा देने में वेदांता लिमिटेड, झारसुगुड़ा और श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह के बीच सहयोगात्मक प्रयासों को मान्यता देता है। इस प्रतिष्ठित पुरस्कार पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वेदांता लिमिटेड, झारसुगुड़ा के सीइओ सुनील गुप्ता ने कहा कि वेदांता एल्युमीनियम एक राष्ट्र-निर्माता और हमारे देश की विनिर्माण शक्ति के ध्वजवाहक के रूप में अपनी भूमिका को पहचानता है। इसलिए यह पुरस्कार गुणवत्ता, नवाचार और वैश्विक ग्राहक संतुष्टि के उच्चतम मानकों का प्रतिनिधित्व करने की हमारी अटूट प्रतिबद्धता को अतिरिक्त बढ़ावा देता है। उत्कृष्टता के लिए हमारे निरंतर प्रयासों के हिस्से के रूप में, हम अपनी निर्यात क्षमताओं का विस्तार करके भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में योगदान देने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हम आने वाले वर्षों में नए मानक स्थापित करने के लिए तत्पर हैं।

# योग शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का सबसे अच्छा तरीका : मनोज शर्मा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इसके महाप्रबंधक मनोज शर्मा के नेतृत्व में कर्मचारियों और अधिकारियों ने रेल विहार चंद्रशेखरपुर भुवनेश्वर में आयोजित योग सत्र में भाग लिया। व्यक्तिगत और पारिवारिक स्तर पर अच्छे स्वास्थ्य का महत्व बहुत गुरुत्वपूर्ण है। अंतरराष्ट्रीया योग दिवस दुनिया भर में भारी भागीदारी के साथ मनाया जाता है और यह सार्वभौमिक कल्याण के संदेश को बढ़ावा देता है। योग सामूहिक शक्ति के साथ एक स्वस्थ और शांतिपूर्ण समाज के निर्माण में भी योगदान देता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पूर्व तट रेलवे के पूरे क्षेत्र में मनाया गया। पूर्व तट रेलवे के सभी डिवीजनों, अर्थात खुर्दा रोड, संबलपुर और वाल्टेयर ने भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया। मंचेश्वर कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, कोचिंग डिपो और विभिन्न शाखा कार्यालयों जैसे अन्य रेलवे प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों और अधिकारियों ने भी विभिन्न स्थानों पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2023 मनाया। इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए महाप्रबंधक मनोज शर्मा ने बताया कि योग शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का सबसे अच्छा तरीका है और उन्होंने कर्मचारियों और अधिकारियों को बेहतर स्वास्थ्य, शक्ति और शांति के लिए नियमित रूप से योग करने की सलाह दी। पूर्व तट रेलवे के महिला कल्याण संगठन के सदस्यों ने भी अध्यक्ष दिव्या शर्मा के नेतृत्व में इस कार्यक्रम में भाग लिया। प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी तुषार कांति मंडल ने योग दिवस समारोह का समन्वय किया।

## नबरंगपुर अतिरिक्त उप जिलापाल के घर पर विजिलेंस की रेड

# तीन करोड़ से अधिक कैश मिला

**आजाद सिपाही संवाददाता**





**भुवनेश्वर।** राज्य में भ्रष्टाचार बढ़ता जा रहा है। आये दिन कोई न कोई सरकारी विजिलेंस के जाल में फंस जाता है। इसी बीच एक बड़ी खबर सामने आयी है। जानकारी के मुताबिक नबरंगपुर अतिरिक्त उप जिलापाल के घर पर विजिलेंस ने छापेमारी की है। विजिलेंस ने प्रशांत कुमार राऊत पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप पर विशेष न्यायाधीश विजिलेंस सुंदरगड द्वारा जारी सर्च वारंट के आधार पर ओड़िशा विजिलेंस द्वारा नौ स्थानों पर एक साथ घर की तलाशी ली जा रही है।

भुवनेश्वर कानन बिहार में स्थित दो मंजिला आवासीय मकान, नवरंगपुर में स्थित आवासीय भवन, नवरंगपुर में स्थित कार्यालय, भद्रक में स्थित पैतृक आवास, इसके अलावा श्री राउत के परिचितों के 5 अन्य ठिकानों पर भी तलाशी ली जा रही है। ओड़िशा विजिलेंस की नौ टीमों में जो अतिरिक्त एसपी, सात डीएसएसपी, आठ इंस्पेक्टर और अन्य स्टाफ तलाशी में लगे हुए हैं।

श्री राउत के भूवनेश्वर आवास से लगभग 2.25 करोड़ रुपये, नबरंगपुर आवास से लगभग 89.5 लाख रुपये, कुल 3 करोड़ 16 लाख 50 हजार रुपए नकद मिले हैं। समाचार लिखे जाने तक तलाश जारी थी। गौरतलब है कि प्रशांत पहले सुंदरगढ़ जिले के बिश्रा ब्लॉक में वीडियो के पद पर कार्यरत थे। इसी दौरान बिरीपाणी पंचायत के एक अधिकारी से 1 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया था।

# जटिल मांसपेशीय रोगों के उपचार के लिए सीएम ने बालेश्वर के तीन मरीजों के लिए 30 लाख मंजूर किये

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बालेश्वर जिले के तीन मरीज खंतापड़ा के किरण कुमार मल्लिक, खंतापड़ा के सूरज कुमार मल्लिक और सिमुलिया के दिब्यांशु दीक्षित डचेन मस्कुलर डिस्ट्रॉफी से पीड़ित हैं। उनके बेहतर इलाज के लिए मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने मुख्यमंत्री राहत कोष से 30 लाख रुपये मंजूर किये हैं। उपरोक्त तीनों मरीजों को 10.10 लाख रुपए की एक कालिन सहायता राशि मंजूर की गयी है।

# पुरी रथ यात्रा पर केनरा बैंक ने राहत शिविर लगाया




**पुरी (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा में आयोजित पवित्र जगन्नाथ रथ यात्रा 2023 के अवसर पर महाप्रबंधक जगदीश चंद्र के निर्देशन में केनरा बैंक ने सभी भक्तों को पानी और बिस्किट के पैकेट वितरित करने के लिए ग्रांड रोड पर एक पूरे दिन के शिविर की व्यवस्था की। इससे भक्तों को इस गर्मी में ऊर्जा वापस पाने में मदद मिली और केनरा बैंक के इस कदम की कई लोगों ने सराहना की है।










# रिसर्च डॉट कॉम ने भारत के शीर्ष दस में सोओआ शोधकर्ताओं को स्थान दिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**भुवनेश्वर।** यहां शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी (सोआ) के कार्यरत दो वरिष्ठ वैज्ञानिकों को 2023 के लिए अपने संबंधित अनुसंधान क्षेत्रों में भारत के शीर्ष 10 शोधकर्ताओं में नामित किया गया है। प्रोफेसर प्रदीप्त किशोर दास और प्रोफेसर कुलमणि परिडा को प्रतिष्ठित शोध पोर्टल रिसर्च डॉट कॉम द्वारा सम्मानित किया गया है। प्रो दास को इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग अनुसंधान में देश में 6वां स्थान दिया गया है, जबकि प्रो परिडा को रसायन विज्ञान अनुसंधान में देश में 7वां स्थान दिया गया है।

प्रो दास सोआ में बहुविषयक अनुसंधान केंद्र के निदेशक के रूप में कार्यरत हैं, जबकि प्रो परिडा विश्वविद्यालय द्वारा संचालित नैनोसाइंस और नैनोटेक्नोलॉजी केंद्र के निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। इस सूची में सोआ विश्वविद्यालय को इलेक्ट्रॉनिक्स और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 10वां और रसायन विज्ञान के लिए 34वां स्थान दिया गया है।

सोआ के पहले कुलपति के रूप में कार्यभार संभालने वाले प्रोफेसर दास ने एनआइटी राउरकेला में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रोफेसर और प्रमुख के रूप में भी काम किया है। वह सिंगापुर के नेशनल यूनिवर्सिटी, मलेशिया के मल्टीमीडिया यूनिवर्सिटी, अमेरिका के वाशिंगटन विश्वविद्यालय और कनाडा के मैनिटोबा विश्वविद्यालय और न्यू ब्रंसविक विश्वविद्यालय में विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में भी काम कर रहे हैं। उन्हें विज्ञान में उत्कृष्टता के लिए बीजू पटनायक सम्मान और अनुसंधान में उत्कृष्ट योगदान के लिए सामंत चंद्रशेखर सम्मान से सम्मानित किया गया है।

प्रोफेसर परिडा जो मेटेरियल रसायन विज्ञान के क्षेत्र में अपने शोध के लिए प्रसिद्ध हैं, उनको 16 राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय विज्ञान पुरस्कार प्राप्त हुए हैं और उन्होंने 501 शोध-संबंधी लेख लिखे हैं। उनके पास 35 राष्ट्रीय वैज्ञानिक पेटेंट भी हैं। प्रोफेसर परिडा जो भुवनेश्वर में खनिज और सामग्री प्रौद्योगिकी संस्थान में मुख्य वैज्ञानिक के रूप में सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने संस्थान के विभिन्न विभागों में म्यातिरियल्स रसायन विज्ञान वैज्ञानिक के रूप में काम किया है। प्रोफेसर दास और प्रोफेसर परिडा दोनों को स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी द्वारा प्रकाशित दुनिया के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में भी नामित किया गया है।







# मीशो ने 'टाइम' मैगजीन की 2023 की सबसे प्रभावशाली कंपनियों की सूची में जगह बनायी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली/भुवनेश्वर।** भारत के एकमात्र टू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस, मीशो ने 2023 के लिए दुनिया की 100 सबसे प्रभावशाली कंपनियों की टाइम की प्रतिष्ठित सूची में जगह बनायी है। इस लिस्ट में भारत की ई-कॉमर्स प्लैटफॉर्म मीशो सहित नैशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया को भी स्थान दिया गया है। मीशो ने भारत के ई-कॉमर्स परिदृश्य पर असाधारण प्रभाव डाला है। इस लिस्ट को तैयार करने के लिए टाइम ने सभी क्षेत्रों से नॉमिनशन मांगा था. जिसके बाद संवाददाताओं के वैश्विक नेटवर्क के साथ-साथ बाहरी विशेषज्ञों से इसके लिए वोटिंग करने को कहा गया था। इस लिस्ट को तैयार करने में नवाचार, महत्वाकांक्षा और कंपनी की सफलता सहित कई प्रमुख कारकों को ध्यान में रखा गया है, जिसके बाद टाइम की ओर से इस ग्लोबल लिस्ट को जारी किया गया है। टाइम ने कहा कि अपने प्रतिस्पर्धियों के विपरीत, मीशो विक्रेताओं से कोई कमीशन नहीं लेता है, जिसके बारे में उसका कहना है कि यह उसे अपने 60% उत्पाद $4 से कम में बेचने में सक्षम बनाता है, यह उन भारतीय परिवारों तक पहुंच बनाता है जो प्रति वर्ष $6,000 से कम कमाते हैं। विदित आत्रे, फाउंडर एवं सीइओ, मीशो ने कहा कि टाइम द्वारा दुनिया की 100 सबसे प्रभावशाली कंपनियों में से एक के रूप में पहचाने जाने पर हम सम्मानित और विनम्र महसूस कर रहे हैं। भारत-केंद्रित कंपनी को यह सम्मान मिलने के साथ, यह उपलब्धि पूरे देश के लिए गर्व का क्षण है।







आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**